


वर्ष : 3 अंक: 99 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

सोमवार, 29 नवम्बर 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


## मन की बात प्रेरणा देने के साथ-साथ रोचक जानकारी देने वाला-जे पी नड्डा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे पी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी अपने अराजनीतिक कार्यक्रम 'मन की बात' में जिस तरह से देश दुनिया की संस्कृति, रीति-रिवाज, जीवन शैली के साथ-साथ प्रदूषण, महिला सशक्तिकरण, खेल एवं आर्थिक मुद्दों को पेश करते हैं, वह वास्तव में प्रेरणा देने वाले होते हैं और उससे सबको कुछ ना कुछ सीखने को भी मिलता है।

दिल्ली के मोती बाग क्षेत्र में आयोजित 'मन की बात' भाजपा कर्यकर्ता और जनता के साथ सुनने के बाद श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 7 सालों में 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रयोग कभी भी अपनी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं किया। उन्होंने इस कार्यक्रम में हमेशा ही देश के हुनर को उभारने, संस्कृति एकता और अखंडता के साथ-साथ देश की समस्याओं को कैसे हल करें इस पर बात किया। देश के महापुरुषों, त्योहारों और भारतीय जीवन शैली के माध्यम से देशवासियों को प्रेरित करने और रोचक जानकारी देने का काम किया है। इस




अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी श्री बैजयंत जय पांडा, केन्द्रीय राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता, राष्ट्रीय भाजपा मीडिया प्रमुख एवं सांसद श्री अनिल बलूनी एवं राष्ट्रीय सह-मीडिया प्रमुख श्री संजय मयूख सहित प्रदेश एवं जिले के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

नड्डा ने कहा कि भाजपा हर माह मन की बात को देशभर में बूथ स्तर पर जनता के बीच सुनने का कार्यक्रम करेगी और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की बात सुनकर जनता के बीच उस पर चर्चा करेगी। उन्होंने कहा कि इससे भाजपा जनता के बीच अपने साथ जोड़ने और पार्टी को सक्रिय रखने का काम करेगी। आगामी मई तक हमारा प्रयास होगा कि देश भर के हर बूथ पर इस तरह का आयोजन कर देश की एकता और जनता के समर्थन से समाज को लाभ दिलाने का काम करेंगे।

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' के माध्यम से देशवासियों के सदूर क्षेत्रो की संस्कृति, विचार और विकास की जानकारी देकर लोगों को एक दूसरे से जोड़ने का महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष हमेशा उनकी कार्यशैली का मजाक उड़ा रहा है। कोरोना काल में भी उनके ताली ताली और दीप जलाने का विपक्ष ने मजाक बनाया लेकिन वास्तव में श्री मोदी इससे देश की एकता और सामर्थ्य को दशार्ना चाहते थे। देश की भावना को समझ रहा है और आज ज्यादा से ज्यादा लोग भाजपा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से जुड़कर उनकी जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना कर रहे हैं।

## सर्वदलीय बैठक में ममता की टीएमसी ने इन 10 प्वाइंट में रखी अपनी पूरी बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई। संसद के शीतकालीन सत्र को इस लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। असल में सरकार इस सत्र में तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए एक विधेयक पेश करेगी। इससे पहले ही यह सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने भी इस बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान टीएमसी के सुदीप बंदोपाध्याय और डेरेक ओ ब्रायन ने सर्वदलीय बैठक में दस मुद्दे उठाए हैं। इन मुद्दों में बेरोजगारी, जरूरी वस्तुओं और ईंधन की कीमतें, एमएसपी पर कानून, कमजोर होता संघीय ढांचा, लाभ में चल रहे सरकारी उपक्रमों में विनिवेश को रोकना, बीएसएफ का न्याय क्षेत्र, पेगासस का मुद्दा, कोविड के हालात, महिला आरक्षण बिल, बिलों की स्क्रूटनी से जुड़ा माला आदि हैं। सर्वदलीय बैठक के बाद राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहाकि इस दौरान कई मुद्दे उठाए गए। उन्होंने कहाकि हमने सरकार से मांग की है कि कोविड 19 के चलते जान गंवाने लोगों के परिवार को चार-चार लाख रुपए दिए जाने चाहिए। इसके अलावा कृषि कानून के विरोध प्रदर्शन के दौरान जिन किसानों की मौत हुई उनके परिवारों को भी



सरकार मुआवजा दे। खड़गे ने कहाकि हमें उम्मीद थी कि आज प्रधानमंत्री भी बैठक में मौजूद रहेंगे। लेकिन कुछ वजहों से वह बैठक में शामिल नहीं हुए। उन्होंने कहाकि सरकार ने कृषि कानूनों को वापस ले लिया है, लेकिन प्रधानमंत्री का कहना है कि वह किसानों को समझा नहीं सके। इसका मतलब है कि यह कानून भविष्य में फिर वापस लाए जा सकते हैं। वहीं संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी ने कहाकि बिना व्यवधान सदन चले हमने यह निवेदन सभी विपक्षी दलों से किया है। उन्होंने कहाकि सरकार सभी सुझावों और विषयों पर सकारात्मक चर्चा के लिए तैयार है। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्य सभा मे सदन के नेता पीयूष गोयल समेत कई विपक्षी दलों के नेता इस बैठक में पहुंचे हैं। विपक्षी दलों से कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, आनंद शर्मा, बहुजन समाज पार्टी से सतीश चंद्र मश्रिा, तृणमूल से सुदीप बंदोपाध्याय, डेरेक ओ ब्रायन, समाजवादी पार्टी से रामगोपाल यादव, लोक जनशक्ति पार्टी से पशुपति पारस, अपना दल से अनुप्रिया पटेल, आप आदमी पार्टी से संजय सिंह, द्रविड़ मुनेत्र कनगम से त्रिची सिवा, वाईएसआर कांग्रेस से विजय साई रेड्डी समेत कई दलों के नेता शामिल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम ने एनसीसी दिवस पर एनसीसी कैडेट्स को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एनसीसी दिवस पर एनसीसी कैडेट्स को शुभकामनाएं दी हैं। मोदी ने देश भर के एनसीसी के पूर्व छात्रों से एनसीसी अलुमनाई एसोसिएशन को समर्थन देने और गतिविधियों में भागीदारी से एसोसिएशन को समृद्ध बनाने का भी अनुरोध किया। कई ट्वीट्स के माध्यम से प्रधानमंत्री ने कहा, एनसीसी दिवस पर शुभकामनाएं। ह्लएकता और अनुशासनह्व के आदर्श वाक्य से प्रेरित एनसीसी भारत के युवाओं को उनकी वास्तविक क्षमताओं का अहसास कराने और राष्ट्र निर्माण में अंशदान के लिए एक महान अनुभव की पेशकश करती है। यह इस साल जनवरी में एनसीसी रैली के दौरान दिया गया भाषण है। कुछ दिन पहले, झांसी में ह्यराष्ट्र रक्षा समर्पण पर्वह्न के दौरान मुझे एनसीसी अलुमनाई एसोसिएशन के पहले सदस्य के रूप में पंजीकरण कराने का सम्मान प्राप्त हुआ। एक अलुमनाई एसोसिएशन की स्थापना उन सभी को एक साथ लाने का सराहनीय प्रयास है, जो एनसीसी के साथ जुड़े रहे हैं।

### राज्यों को 135 करोड़ से अधिक टीके प्रदान किये

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार देशभर में कोविड-19 टीकाकरण का दायरा विस्तृत करने और लोगों को टीके लगाने की गति को तेज करने के लिये प्रतिबद्ध है। कोविड-19 के टीके को सभी के लिए उपलब्ध कराने के लिए नया चरण 21 जून 2021 से शुरू किया गया था। टीकाकरण अभियान की रफ्तार को अधिक से अधिक टीके की उपलब्धता के जरिये बढ़ाया गया है। इसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को टीके की उपलब्धता के बारे में पूर्व सूचना प्रदान की जाती है, ताकि वे बेहतर योजना के साथ टीके लगाने का बंदोबस्त कर सकें और टीके की आपूर्ति श्रृंखला को दुरुस्त किया जा सके।

देशव्यापी टीकाकरण अभियान के हिस्से के रूप में केंद्र सरकार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निःशुल्क कोविड टीके प्रदान करके उन्हें पूर्ण सहयोग दे रही है। टीके की सर्व-उपलब्धता के नये चरण में, केंद्र सरकार टीका निमार्ताओं से 75 प्रतिशत टीके खरीदकर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निःशुल्क प्रदान करेगी। केंद्र सरकार द्वारा अब तक निःशुल्क और सीधे राज्य सरकार खरीद माध्यमों से टीके की 135 करोड़ से अधिक (1,35,94,88,700) खुराकें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उपलब्ध कराई गई हैं। अभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पास कोविड-19 टीके की 22.83 करोड़ से अधिक (22,83,05,346) अतिरिक्त और बिना इस्तेमाल हुई खुराकें उपलब्ध है, जिन्हें लगाया जाना है।

## अविवेकपूर्ण टिप्पणी संदिग्ध व्याख्याओं को जगह देती है, ध्यान रखें न्यायाधीश : कोविंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को कहा कि अविवेकपूर्ण टिप्पणी भले ही अच्छे इरादे से की गई हो, वह न्यायपालिका के महत्व को कम करने वाली संदिग्ध व्याख्याओं को जन्म देती है। उन्होंने न्यायाधीशों से कहा कि वे अदालत कक्षों में अपनी बात कहने में अत्यधिक विवेक का प्रयोग करें। उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कोविंद ने कहा कि न्याय वह महत्वपूर्ण आधार है, जिसके चारों ओर लोकतंत्र घूमता है, तथा यह तब और मजबूत होता है जब राज्य की तीन संस्थाएं- न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका- एक सामंजस्यपूर्ण ढंग से अस्तित्व में होती हैं।

राष्ट्रपति ने कहा संविधान में प्रत्येक संस्था का अपना परिभाषित स्थान होता है, जिसके भीतर वह कार्य करती है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि न्यायपालिका ने उच्चतम मानक स्थापित किए हैं। राष्ट्रपति ने कहा इसलिए, न्यायाधीशों का यह भी दायित्व है कि वे अदालत कक्षों में अपने बयानों में अत्यधिक विवेक का प्रयोग करें। अविवेकपूर्ण टिप्पणी, भले ही अच्छे इरादे से की गई हो, न्यायपालिका के महत्व को कम करने वाली संदिग्ध व्याख्याओं को जगह देती है।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि लोग न्यायपालिका को सबसे भरोसेमंद संस्था मानते हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर न्यायाधीशों के खिलाफ की जाने वाली टिप्पणियों पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया मंचों पर न्यायपालिका के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के कुछ मामले सामने आए हैं। इन मंचों ने सूचनाओं को लोकतांत्रिक बनाने के लिए अद्भुत काम किया है, फिर भी उनका एक स्याह पक्ष भी है।

इनके द्वारा दी गई नाम उजागर न करने की सुविधा का कुछ शरारती तत्व फायदा उठाते हैं। यह पथ से एक भटकाव है, और मुझे उम्मीद है कि यह अल्पकालिक होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि इस तरह के घटनाक्रम के पीछे क्या वजह हो सकती है। उन्होंने कहा क्या हम एक स्वस्थ समाज की खातिर सामूहिक रूप से इसके पीछे के कारणों की जांच कर सकते हैं। न्याय पाने में खर्च होने वाले धन के मुद्दे पर उन्होंने कहा हमारे जैसे विकासशील देश में, नागरिकों का एक बहुत छोटा वर्ग न्याय के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाने का खर्च वहन कर सकता है।

उन्होंने कहा वह चाहते हैं कि सभी लोगों की कानूनी सहायता और सलाहकार सेवाओं तक पहुंच बढ़े। राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि यह एक आंदोलन या एक बेहतर संस्थागत तंत्र का रूप ले सकता है। राष्ट्रपति ने कहा, निचली अदालतों से लेकर उच्चतम न्यायालय तक, किसी सामान्य नागरिक के लिए शिकायत निवारण प्राप्त करना कठिन होता जा रहा है। कोविंद ने लंबे समय से लंबित मामलों की ओर इशारा करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि सभी हितधारक राष्ट्रीय हित को सबसे ऊपर रखकर कोई रास्ता निकालें।

## मोदी सरकार ने करोड़ों शौचालय बनवा महिलाओं के सम्मान की सुरक्षा की: ईरानी

**लखनऊ, एजेंसी।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 50 साल तक देश की सत्ता संभालने वाला एक परिवार महिलाओं के लिए 5 लाख शौचालय भी नहीं बनवा सका, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य में हमने करोड़ों शौचालय बनवाकर महिलाओं के सम्मान की सुरक्षा की है। भारतीय जनता पार्टी के कमल शक्ति संवाद कार्यक्रम के तहत केन्द्रीय मंत्री ईरानी ने राजधानी लखनऊ के विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तो आप पर एहसान मढ़ती थी और भाजपा हाथ जोड़कर आप के प्रति आभार व्यक्त करती है। महिलाओं को पिछली सरकारों का कार्यकाल याद दिलाते हुए कहा कि वह डर था जो केवल बेटी के लिए नहीं बल्कि मां के लिए भी अभिशाप बन जाता था। वह मां जो दरवाजे पर नजरें टिका कर रखती थी कि सूरज ढलने से पहले भगवान करे बेटी लौट आए और लौटे तो सम्मान के साथ लौटे लेकिन हमारी सरकार के लिए महिला संरक्षण मात्र एक वाक्य नहीं बल्कि हमारे जीवन का आधार है। आज जब हम घर की दहलीज लांघते हैं तो कहीं ना कहीं खुद को और परिवार को यह विश्वास होता है की बेटी-बहू घर से निकली है तो सर उठा कर गई है, सर झुका कर नहीं आएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा एंटी रोमियो स्क्वाड के गठन पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कुछ लोगों ने इसका उपहास किया लेकिन महिलाओं ने समझा और आज एंटी रोमियो स्क्वाड की मदद से प्रदेश में 10 हजार गिरफ्तारियां हुई हैं। जिस प्रदेश में महिला के लिए दहलीज लांघना चुनौती थी वहीं महिलाएं आज बैंक सखी बन गई हैं। प्रदेश की 55 हजार बहन-बेटियां बैंक सखी बन कर समाज सेवा से जुड़ गई हैं। रायबरेली से प्राप्त सूचना के अनुसार अमेठी से सांसद ईरानी ने कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) के बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (हाउसिंग फार आल-अर्बन), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना समेत सभी योजनाओं पर चर्चा की। इससे पहले ईरानी ने ईएसआइ (इंप्लायज स्टेट इंश्योरेंस) डिस्पेंसरी और शाखा कार्यालय का शनिवार की सुबह प्रगतिपुरम में उदघाटन किया।

## एमईआईटीवाई 29 नवंबर से 5 दिसंबर तक 'आजादी का डिजिटल महोत्सव' मनाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अक्सर एक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के अपने विजन को साझा किया है। जब राष्ट्र स्वतंत्रता के 75 वर्ष मना रहा है और भारत अमृत काल में प्रवेश कर रहा है- अब समय आ गया है कि भारत अपनी क्षमता महसूस करे और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरे- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शब्दों में- 'यही समय है, यही समय है, सही समय है। अमृत महोत्सव मनाने के लिए -एमईआईटीवाई आजादी का डिजिटल महोत्सव मना रहा है- एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम/ गतिविधियां डिजिटल स्पेस में भारत की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों को प्रदर्शित करेंगी और भविष्य के लिए रोडमैप भी तैयार करेंगी। यह इस बात पर भी प्रकाश डालेगा कि कैसे डिजिटल प्रौद्योगिकियां अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों को बदल रही हैं और हमारी सामाजिक-सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक पहचान को रूपांतरित कर रही हैं और डिजिटल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा दे रही हैं। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी, रेलवे तथा संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी तथा कौशल विकास और उद्यमिता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर तथा केंद्रीय मंत्रालयों/ विभागों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कई वरिष्ठ अधिकारी और उद्योगपति भाग लेंगे।

## जिस संकल्प से जलजीवन मिशन शुरू किया गया, अब वह साकार हो रहा : मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जिस संकल्प के साथ जलजीवन मिशन शुरू किया गया था, वह साकार हो रहा है। उन्होंने एक मंत्री का ट्वीट टैग किया जिसमें एक वीडियो में लद्दाख में एक महिला यह बता रही है कि कैसे उसके घर के द्वार पर नलजल ने जीवन को आसान बना दिया है। जलजीवन मिशन ग्रामीण भारत में सभी परिवारों को 2024 तक व्यक्तिगत नलजल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल प्रदान करने की संकल्पना है।



पीएम मोदी ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का एक ट्वीट टैग किया जिसमें लद्दाख में एक महिला यह बता रही है कि कैसे उसके घर के द्वार पर नलजल ने जीवन को आसान बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा यह जल जीवन मिशन का असली उद्देश्य है। जिस संकल्प के साथ यह अभियान शुरू किया था, वह साकार हो रहा है। इस बीच एक अन्य ट्वीट में मोदी ने जापानी पाठ्यक्रम में कथित रूप से दाखिला कराने को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की तारीफ की और कहा कि वह ऐसे व्यक्ति हैं जो नयी चीजें सीखना पसंद करते हैं और जापानी सीखना उसी दिशा में एक कदम है।

## पंजाब के शिक्षामंत्री परगट सिंह को दिया खुला न्योता, आकर देखे और समझें दिल्ली का एजुकेशन मॉडल : सिसोदिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केजरीवाल सरकार के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने रविवार को पंजाब के शिक्षामंत्री परगट सिंह की चुनौती को कबूल करते हुए दिल्ली के 250 सरकारी स्कूलों की लिस्ट जारी की और खुला न्योता दिया कि पंजाब के शिक्षा मंत्री परगट सिंह आकर दिल्ली के इन सरकारी स्कूलों का दौरा करें और देखें कि पिछले 5 सालों में दिल्ली सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में क्या शानदार बदलाव किए हैं साथ ही उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पंजाब के शिक्षा मंत्री को भी पंजाब के 250 सरकारी स्कूलों की लिस्ट जारी करने के लिए कहा ताकि पंजाब के शिक्षा मॉडल को भी देखा जा सके और फिर दोनों शिक्षा मॉडल पर डिबेट हो ताकि पंजाब की जनता ये समझ सके कि किस राज्य का शिक्षा मॉडल ज्यादा बेहतर है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 5-6 सालों में दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था में जो बदलाव आए है उसने देश की बाकि पार्टियों को शिक्षा पर सोचने, बात करने के लिए मजबूर कर दिया है और ये बेहद खुशी की बात है कि देश की राजनीति में शिक्षा एक अहम मुद्दा बन रही है उन्होंने बताया कि जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में खस्ताहाल पड़े शिक्षा व्यवस्था को ठीक करने को लेकर घोषणा की तो वहां के शिक्षा मंत्री परगट सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार ने पंजाब में शिक्षा को लेकर बहुत काम किया है। इसे देखते हुए परगट सिंह जी को निमंत्रण दिया गया कि वो अपनी टीम व मीडिया के साथ आकर दिल्ली के 5 सरकारी स्कूलों को देखें और फिर पंजाब के 5 सरकारी स्कूल को दिखाऐ और दोनों राज्यों के शिक्षा मॉडल पर डिबेट करें।

इसपर पंजाब के शिक्षा मंत्री परगट सिंह ने दिल्ली के 250 स्कूलों को देखने की बात की रविवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए दिल्ली के 250 सरकारी स्कूलों की लिस्ट को सार्वजानिक करते हुए पंजाब के शिक्षा मंत्री परगट सिंह को दिल्ली के स्कूलों का दौरा करने और दिल्ली के शिक्षा मॉडल बनाम पंजाब के शिक्षा मॉडल पर डिबेट करने का निमंत्रण दियो उन्होंने कहा कि हम दिल्ली के 1000 सरकारी स्कूलों की लिस्ट भी जारी कर सकते हैं और पंजाब के शिक्षा मंत्री परगट सिंह जी को आमंत्रित करते हैं कि वो आकर इन्हें देखें लेकिन परगट सिंह जी ने 250 स्कूलों की लिस्ट मांगी है तो वो आकर पहले इन 250 स्कूलों को देखें उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि जब परगट सिंह जी दौरे पर आए तो मीडिया को साथ लेकर आएं ताकि पंजाब की जनता भी दिल्ली के सरकारी स्कूलों के वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर और क्वालिटी एजुकेशन को देख पाए और उसकी पंजाब के एजुकेशन सिस्टम के साथ तुलना कर सके।

उपमुख्यमंत्री ने स्कूलों की लिस्ट जारी करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने पिछले 6 सालों में सरकारी स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर को वर्ल्ड क्लास बनाया है, क्वालिटी एजुकेशन के लिए टीचर्स को विदेशों में ट्रेनिंग के लिए भेजा, स्कूलों के प्रमुखों को आईआईएम जैसे संस्थानों से लीडरशिप ट्रेनिंग दिलवाई जिसकी बदौलत आज दिल्ली के सरकारी स्कूलों का रिजल्ट प्राइवेट स्कूलों से बेहतर हो गया है, इस साल दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 12वीं बोर्ड का रिजल्ट 99.96% रहा है हमारे स्कूल ऐसे हैं जहां एक स्कूल से से नीट जैसी परीक्षाओं में 51 बच्चे क्वालीफाई कर रहे हैं इस साल दिल्ली के सरकारी स्कूलों से लगभग 500 बच्चों ने नीट क्वालीफाई किया है और 500 बच्चों ने जेईई मेन्स क्वालीफाई किया है। साथ ही 70 बच्चों ने जेईई एडवांस क्लियर किया है।

## नए ओमिक्रॉन वायरस का टीके का प्रभाव जानने चल रहा अनुसंधान : आईसीएमआर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महामारी कोरोना के नए वेरिएऐंट ओमिक्रॉन की पुष्टि के बाद भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के वरिष्ठ वैज्ञानिक समीरन पांडा ने कहा कि कोरोना वायरस के नए स्वरूप की जीन और संरचना में परिवर्तन देखा गया है लेकिन इन बदलावों से उसकी संक्रामक क्षमता बढ़ेगी या वह टीके के प्रभाव को कम कर देगा, इसका परीक्षण किया जा रहा है। आईसीएमआर के संक्रामक रोग एवं महामारी विज्ञान विभाग के प्रमुख पांडा ने कहा, ह्यडब्ल्यूएचओ के अनुसार, वायरस के जीनोम में हुए बदलाव के कारण, ऐसा हो सकता है कि वायरस के स्पाइक प्रोटीन के लिए तैयार किए गए टीके, उत्परिवर्तित प्रकार के विरुद्ध प्रतिरोधक क्षमता विकसित न कर सकें।' उन्होंने कहा, बड़ी जनसंख्या के स्तर पर वायरस का यह प्रकार किस तरह विकसित होता है यह जानने के लिए हमें इंतजार करना होगा। पांडा ने




कहा कि भारत में इस्तेमाल किए जा रहे टीके- कोवैक्सीन और कोविशील्ड पूर्व में ज्ञात उत्परिवर्तनों के विरुद्ध कारगर पाए गए हैं। उन्होंने कहा, बी.1.1.529 उत्परिवर्तन के विरुद्ध वह कारगर होंगे या नहीं यह समय बताएगा। उन्होंने कहा, कोरोना वायरस के नए स्वरूप में अन्य देशों से जीनोम और संरचना में परिवर्तन देखा गया है लेकिन यह बदलाव उसकी संक्रामकता बढ़ाएंगे या टीकों को निष्प्रभावी करेंगे इस पर अभी अनुसंधान चल रहा है।



newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# वर्ल्ड एनवायरनमेंट काउंसिल द्वारा 123 इन्वायरमेंट अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया




» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के कनॉट प्लेस में स्थित आंध्र प्रदेश भवन में वर्ल्ड एनवायरनमेंट काउंसिल द्वारा १२३ इन्वायरमेंट अवार्ड सेरेमनी का आयोजित की गई। इस सेरेमनी को वर्ल्ड एनवायरनमेंट काउंसिल के फाउंडर प्रोफेसर गणेश प्रकाश चन्ना द्वारा आयोजित किया गया।

इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रुप में पद्मश्री अवार्डेड डॉ विजय कुमार शाह, नेशनल हुय्मेन राइट कमिशन के सदस्य धनेश्वर मुलै और डॉ बीना लवनया ने शिरकत की। इस आयोजन को सफल बनाने में सेकटरी डॉ श्रीकांत मेर्गु और कोषाध्यक्ष अनमोल शर्मा ने अपना पूरा योगदान दिया।

इस आयोजन की शुरूआत दीप प्रज्जवलित करके की गई। इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस अवॉर्ड सेरेमनी में देश में पेड़-पौधे रोपण करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। और ट्री प्लांटेशन के लिए सभी को जागरुक्त किया गया। इस अवसर पर फाउंडर प्रोफेसर गणेश प्रकाश चन्ना ने बताया कि उनके काउंसल द्वारा दुनिया में पांच लाख पेड़-पौधे लगए गए हैं।

और कोरोना काल में देश में लांखों पेड़-पौधे लगाए हैं। सभी पौधरोपण करने वाले व्यक्तियों को मंच के माध्यम से सम्मानित किया गया हैं।




# दिल्ली भाजपा की झुग्गी सम्मान यात्रा पहुंची बिजवासन विधानसभा क्षेत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता की झुग्गी सम्मान यात्रा आज अपने अंतिम पड़ाव के रूप में बिजवासन विधानसभा क्षेत्र में पहुँची जहाँ उन्हांने सोनिया कैम्प समालखा एवं इन्द्र कैम्प महिपालपुर की झुग्गी बस्तियों में जन संवाद कर स्थानीय समस्याओं को समझा। आदेश गुप्ता ने महरौली जिला भाजपा अध्यक्ष जगमोहन महलावत को स्थानीय समस्याओं के समाधान में सहयोग के लिये झुग्गी प्रधानों एवं भाजपा कार्यकताओं की समन्वय समिति बनाने का निर्देश दिया। आज की यात्रा के अंत में आयोजित सभा में आदेश गुप्ता एवं सांसद रमेश बिधूड़ी ने 10 परिवारों को उज्वला गैस कनेक्शन, 05 परिवारों को सुनिधि रोजगार ऋण उपलब्ध कराए और लगभग 1000 वरिष्ठ झुग्गीवासी महिलाओं को अभिनंदन पत्र एवं साड़ियाँ भेंट की।

झुग्गी सम्मान यात्रा संयोजक एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री दिनेश प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष जयवीर राणा, महरौली जिला अध्यक्ष जगमोहन महलावत, प्रदेश प्रवक्ता सत्त प्रकाश राणा, विक्रम बिधूड़ी, बृजेश राय एवं शुभेन्द्रु शेखर अवस्थी, झुग्गी सैल अध्यक्ष सुशील चौहान, दक्षिण निगम में नेता सदन इन्द्रजीत सहरावत, निगम पार्षद भूपेन्द्र गुप्ता एवं सुषमा रविन्द्र गोदारा एवं पूर्व पार्षद सखी सत्यवान राणा सहित सभी आपेक्षित कार्यकर्ता आज की झुग्गी सम्मान यात्रा में सम्मलित हुऐ।

आदेश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के हर घर को पानी के वादे पर विश्वास कर यहाँ के झुग्गीवासियों ने 2015 एवं 2020 विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी को समर्थन दिया पर आज साढ़े सात साल बाद भी बूंद-बूंद पानी बिजवासन क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या है। आदेश गुप्ता ने कहा कि गत साढ़े सात साल का अनुभव है की केजरीवाल सरकार ने समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के लोगों को पूरी तरह निराश किया है और उनकी सरकार एक छलावा सरकार है जिसके कुशासन से दिल्ली का विकास हो या झुग्गी कैम्पों का रखरखाव सब ठप्प हैं।

सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि समालखा एवं महिपालपुर के झुग्गी कैम्पों मे रहने वाले लोगों दिल्ली के उधोग का पहिया चलाते हैं पर यह खेद का विषय है की पहले कांग्रेस एवं अब केजरीवाल सरकार की उपेक्षा के चलते इनके परिवार मौलिक सुविधाओं से वंचित हैं। रमेश बिधूड़ी ने कहा कि जहाँ एक ओर झुग्गीवासी दिल्ली का विकास का पहिया चलाने के लियें मेहनत करते हैं वहीं दूसरी ओर अपने परिवारों को स्वास्थ एवं शिक्षा दिलवाने के लियें भी संघर्ष करते हैं। आदेश गुप्ता एवं रमेश बिधूड़ी ने केन्द्र सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाएं दिल्ली में लागू ना करने के लिये केजरीवाल सरकार की भर्त्सना की और तुरंत लागू करने की मांग की।

## संक्षिप्त समाचार

### पांचवां महानगर ग्लोबल अचीवर्स अवॉर्ड का कार्यक्रम हुआ संपन्न

मदरलैंड संवाददाता, दिल्ली। दिल्ली के बहुचर्चित और प्रतिष्ठित सांस्कृतिक एवं साहित्यिक केंद्र इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, लोदी एस्टेट के मल्टीपरपज सभागार में पाँचवा महानगर ग्लोबल अचीवर्स अवार्ड-2021 कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन सम्पन्न हुआ जो स्वस्थ-भारत स्वच्छ भारत थीम के अंतर्गत फिट इंडिया, सेव वाटर और प्रैक्टिस योगा पर केंद्रित था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू उपस्थित रहे। दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्षा रुबी यादव, फिल्म अभिनेता रवि यादव ने विशेष मेहमान के रूप में मौजूद रहकर समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के संस्थापक और आयोजक रणवीर गहलोत और संयोजक अजय बसोया, संगम कुमार ने आमंत्रित मेहमानों के साथ दीप प्रज्वलन कार्यक्रम के द्वारा समारोह की शुरूआत की। सबसे पहले काव्या कमल ने गणेश वंदना प्रस्तुत की और सभागार में मौजूद सभी मेहमानों ने तालियां बजाकर उनकी हौसला अफजाई की।

### वरिष्ठ कांग्रेसी संजीव चौहान का हार्ट अटैक की वजह से निधन

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व निगम पार्षद संजीव चौहान का निधन शकरपुर वार्ड से निगम पार्षद रहे तथा वरिष्ठ कांग्रेसी संजीव चौहान का हार्ट अटैक की वजह से निधन हो गया। वे 54 वर्ष के थे। सुबह अचानक तबियत खराब होने की वजह से उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संजीव चौहान वर्ष 2002 से 2007 तक शकरपुर वार्ड के निगम पार्षद रहे। अशोक शर्मा, चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर, मानवाधिकार विभाग, दिल्ली।

### पीएम ने नादिया में हुए सड़क हादसे के पीड़ितों को पीएमएनआरएफ से अनुग्रह राशि देने की घोषणा की

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नादिया, पश्चिम बंगाल में हुई सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के प्रत्येक आश्रित को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा कोष (पीएमएनआरएफ) से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रत्येक घायल को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया; ह्लप्रधानमंत्री ने नादिया, पश्चिम बंगाल में हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वालों के आश्रितों को 2 लाख रुपये (प्रत्येक को) की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रत्येक घायल को 50 लाख रुपये दिए जाएंगे।'

### भारत, मालदीव और श्रीलंका के बीच कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन केंद्रित ऑपरेशन

नई दिल्ली, एजेंसी। 27 और 28 नवंबर को भारत, मालदीव और श्रीलंका की प्रमुख समुद्री सुरक्षा एजेंसियों के बीच पहला ह्यकोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव (सीएससी) केंद्रित ऑपरेशन' का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय नौसेना (आईएन), मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) और श्रीलंकाई नौसेना (एसएलएन) के जहाज और विमान दक्षिणी अरब सागर में तीनों देशों के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्रों (ईईजेड) के बड़े इलाके में इस ऑपरेशन में भाग ले रहे हैं और इसका संचालन कर रहे हैं। गौरतलब है कि आईएन, एमएनडीएफ और एसएलएन के बीच एक त्रिपक्षीय टेबल टॉप अभ्यास (टीटीएक्स) 14 और 15 जुलाई 2021 को आयोजित किया गया था।

# हिन्द की चादर , गुरु तेग बहादुर, प्रकाश पब्लिक स्कूल में हुई भाषण प्रतियोगिता

» स्वतंत्र सिंह भुल्लर, मदरलैंड संवाददाता

करनाल। भारत विकास परिषद, सूरज शाखा के तत्वावधान में आज प्रकाश पब्लिक स्कूल में गुरु तेग बहादुर जी की जीवनी और उन के बलिदान के विषय मे भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में 10 से अधिक स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर सात के छात्र तनवीर सिंह वड़ैच ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और प्रताप पब्लिक स्कूल मुख्य शाखा की छात्रा स्निग्धा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

वहीं एस डी मॉडल स्कूल की विद्यार्थी लीजा ने तीसरे स्थान पर कब्जा किया , उधर इसी स्कूल की छात्रा पंकुल को सांत्वना पुरस्कार से अनुग्रहित किया गया।

सभी विद्यर्थियों ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर प्रकाश डाला और बताया कि कितने ही कष्टों को सहते हुए उन्होंने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए अपना शीश भी



बलिदान कर दिया।

सभी विजेताओं को पुरस्कार दिए गए ।

ज्ञात हो कि आज के विजेता अब प्रान्त स्तर पर शाहाबाद में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में प्रोफेसर नरेश बत्रा , क्षमा बत्रा और उषा अनेजा शामिल थे। कार्यक्रम परिषद के अध्यक्ष भूषण गोयल की अध्यक्षता में हुआ जबकि प्रोफेसर नीना अरोड़ा और स्वर्ण काठपाल ने प्रकल्प प्रमुख की भूमिका का निर्वहन किया। विशिष्ट अतिथियों में स्कूल की निदेशक और उप निदेशक क्रमशः सुमन चौधरी और अनुप्रिया उपस्थित थीं।

सूरज शाखा के कोषाध्यक्ष सतीश बत्रा , पूर्व अध्यक्ष महेश शर्मा , प्रीति कुकरेजा, प्रकाश स्कूल के प्रिंसिपल सुशील राणा, पूजा शर्मा, अल्पना चौधरी और रंजना विशेष उपस्थिती बनाये हुए थे ।

इस अवसर पर अध्यक्ष भूषण गोयल ने सभी का आभर व्यक्त करते हुए कहा कि हमें अपने गुरुओं के जीवन का ज्ञान होना चाहिए । अंत मे महेश शर्मा और प्रोफेसर नरेश बत्रा ने राष्ट्र गान से कार्यक्रम का समापन किया।

# जियो ने भी मोबाइल प्रीपेड रिचॉर्ज के दाम बढ़ाए

नई दिल्ली, एजेंसी। एयरटेल, वोडा आइडिया के बाद देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी जियो ने भी मोबाइल प्रीपेड रिचॉर्ज के दाम बढ़ा दिए हैं। जियो ने प्रीपेड रिचार्ज के दाम 20 प्रतिशत तक बढ़ा दिए हैं। एयरटेल ने भी इससे पहले प्रीपेड रिचार्ज के दाम 25 फीसदी तक बढ़ा दिए थे। एयरटेल के नए रेट 26 नवंबर से लागू भी हो गए हैं।




रिलायंस जियो ने भी अपने टैरिफ प्लान के रेट बढ़ा दिए हैं। जियो ने रविवार को नए अनलिमिटेड प्लान की घोषणा की। यह प्रीपेड प्लान 1 दिसंबर से लागू होंगे। रिलायंस जियो का दावा है कि उसके टैरिफ रेट अब भी सबसे किफायती हैं। जियो के प्लान में 31 से लेकर 480 रुपये तक का इजाफा किया गया है। जियोफोन के लिए विशेष तौर पर लाए गए पुराने 75 रुपये के प्लान की नई कीमत अब 91 रुपये होगी। वहीं अनलिमिटेड प्लान का 129 रुपये वाला टैरिफ प्लान अब 155 रुपये में मिलेगा। एक साल की वैधता वाले प्लान में रेट सबसे ज्यादा बढ़े हैं। पहले यह प्लान 2399 रुपये में प्रीपेड ग्राहकों मिलता था पर अब इसके लिए ग्राहक को 2879 रुपये खर्च करने पड़ेंगे।

रिलायंस जियो के डाटा एड ऑन प्लान के रेट भी बढ़ गए हैं। 6 जीबी वाला 51 रुपये के प्लान के लिए अब 61 रुपये और 101 वाले 12 जीबी वाले एडऑन प्लान के लिए अब 121 रुपये लगेंगे। सबसे बड़ा 50 जीबी वाला प्लान भी अब 50 रुपये महंगा हो कर 301 रुपये का हो गया है।

वोडा-आइडिया के ग्राहकों को 79 रुपये का प्लान 99 रुपये में मिलेगा। 149 वाला प्लान 179 रुपये में और 1,498 वाला प्रीपेड प्लान अब 1,799 रुपये में रिचार्ज कराना होगा। 2,399 रुपये वाला प्लान अब 2,899 रुपये का हो गया है। डेटा टॉपअप की बात करें तो 48 रुपये का टॉप अप अब 58 रुपये में मिलेगा। 98 रुपये का प्लान 118 रुपये और 251 रुपये का टॉपअप 298 का कर दिया गया है। 351 वाले प्लान के लिए सीधे 418 रुपये खर्च करने होंगे।

# भारत सरकार ने विदेशी उड़ानों को पूरी तरह फिर शुरू करने की समीक्षा करने का फैसला किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की दहशत और ब्रिटेन-बेल्जियम समेत छह से ज्यादा देशों में यह वायरस पहुंच जाने के बाद भारत सरकार ने 15 दिसंबर से विदेशी उड़ानों को पूरी तरह फिर शुरू करने के फैसले की समीक्षा करने का फैसला किया है। केंद्रीय गृह सचिव



अजय भल्ला की अगुवाई में हुई बैठक में यह फैसला हुआ।यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोरोना वायरस के नए चिंताजनक स्ट्रेन ह्यओमीक्रोनह्ल के चलते की गई उच्चस्तरीय समीक्षा के एक दिन बाद हुई। ज्ञात रहे कि 20 महीने से अधिक समय के लंबे अंतराल के बाद सरकार ने 26 नवंबर को घोषणा की थी कि 15 दिसंबर से अंतरराष्ट्रीय कामर्शियल यात्री उड़ानों को फिर से शुरू किया जाएगा, लेकिन इस बीच ओमिक्रोन वैरिएंट ने खतरे की घंटी बजा दी। गृह मंत्रालय ने कहा कि बैठक में ह्यओमीक्रोनह्ल के मद्देनजर उपजे हालात पर चर्चा की गई। ऐसे में विदेशी यात्री सेवाओं को बहाल करने की तारीख पर दोबारा विचार किया जाएगा। सरकार विदेश यात्रियों की जांच और निगरानी प्रक्रिया की एसओपी की भी समीक्षा करेगी। वायरस के सभी वैरिएंट की जीनोमिक सीक्वेंसिंग के साथ निगरानी को और मजबूत किया जाएगा। हवाईअड्डों और बंदरगाहों पर तैनात स्वास्थ्य अधिकारियों को जांच प्रोटोकॉल की सख्त निगरानी के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा।

# 26 नवंबर का मुंबई हमला कांग्रेस का सुनियोजित षड्यंत्रः सनातन संस्था

» मदरलैंड संवाददाता

दिल्ली। पहले वास्तव में जो युद्ध सीमा पर होते थे,वैसे युद्ध अब नहीं होते । अब राजनीतिक दलों का उपयोग कर युद्ध किए जाते हैं, यह अधिक सस्ता और परिणाम देने वाली प्रणाली है, यह लोगों को समझने की आवश्यकता है । यह देश के अंतर्गत आरंभ युद्ध है ! 26/11 का मुंबई आतंकवादी आक्रमण पूर्वनियोजित था, यह अब जाकर लोग बोलने लगे हैं । 26/11 का मुंबई आतंकवादी आक्रमण को ह्यहिन्दू आतंकवादह्ल दिखाने का कांग्रेस का षड्यंत्र था । इससे बहुसंख्यक हिन्दुओं का मनोबल नष्टकर, अल्पसंख्यकों को एकत्रित कर सत्ता में बने रहने की कांग्रेस की योजना थी, ऐसा सुस्पष्ट प्रतिपादन भारतीय रक्षा विशेषज्ञ, शोध और विश्लेषण शाखा अर्थात ह्यरॉह्ल के पूर्व अधिकारी और भारतीय सेना अधिकारी कर्नल आर.एस.एन.सिंह ने किया । हिन्दू जनजागृति समिति की ओर से ह्य26/11 मुंबई आतंकवादी आक्रमण : कांग्रेस का हिन्दू विरोधी षड्यंत्र ?ह्ल विषय पर आयोजित ह्यऑनलाइनह्ल विशेष संवाद में वे बोल रहे थे।

कर्नल आर. एस. एन. सिंह ने कहा कि ह्यहम विगत 1400 वर्षों से जिहादी विचारधारा से लड रहे हैं । जब तक पाक का अस्तित्व है, तब तक हमारे देश पर आक्रमण होते ही रहेंगे । इसलिए पाकिस्तान को और जिहादी विचारधारा को जड से नष्ट करने की आवश्यकता है । कांग्रेस की सत्ता में 2004 से 2008 की कालावधि में दिल्ली,वाराणसी, अयोध्या, जयपुर, भाग्यनगर(हैदराबाद), मुंबई, पुणे, मालेगाव इत्यादि विविध स्थानों पर पाकिस्तान की ह्यआईएसआईह्ल ने भारत के राजनीतिक नेताओं की सहायता से बम विस्फोट किए और मुंबई के 26/11 का आतंकवादी आक्रमण उसका शिखर था । जिससे यह बताया जा सके कि, मुंबई के 26/11 सहित मालेगांव, समझौता एक्सप्रेस यह ह्यहिन्दू आतंकवादह्ल था ।'

भारत सरकार के गृह मंत्रालय के पूर्व अवर सचिव आर.वी.एस. मणि ने कहा कि, ह्यतत्कालीन राजनीतिक नेताओं द्वारा उचित हस्तपेक्ष किया गया होता, तो 26/11 का आक्रमण रोका जा सकता था ! परंतु वैसा हुआ नहीं । ह्यहिन्दू आतंकवादह्ल एक भ्रम था, 26/11 का आक्रमण इसका एक भाग था । इस विषय में लिखी गई पुस्तक भी यह ह्यहिन्दू आतंकवादह्ल कैसे था ?, यह सिद्ध करने के उद्देश्य से लिखी गई थी;परंतु अब जनता के सामने सत्य आ गया है । तुकाराम ओंबळे द्वारा कसाब को जीवित पकडने से 26/11 का आतंकवादी आक्रमण ह्यहिन्दू आतंकवादह्ल था, यह वे सिद्ध नहीं कर पाएं ।

सनातन संस्था के धर्मप्रचारक अभय वर्तक ने कहा कि, ह्यतुकाराम ओंबळे ने कसाब को जीवित पकडा, अन्यथा ह्यहिन्दू आतंकवादह्ल सिद्ध करने की कांग्रेस की स्क्रिप्ट तैयार थी । हिन्दू तुकाराम ओंबळे का बलिदान कभी भी न भूलें । कांग्रेस ने अस्तित्त्वहीन ह्यहिन्दू आतंकवादह्ल निर्माण करने का प्रयास किया । भारत का पुनः विभाजन न करना हो, तो राष्ट्रप्रेमी नागरिकों को हिन्दू राष्ट्र की मांग करनी चाहिए । हिन्दुओं को और अधिक सतर्क होकर देशविरोधी शक्तियों के विरोध में संगठित होना चाहिए ।'

# धर्म के रास्ते पर आजीवन चलते रहे बलविंदर सिंह खुराना मर कर भी अमर रहेंगे

» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। धर्म की बात करनी और धर्म को जीना दोनों बातों में जमीन आसमान का फर्क होता है। अधिकतर लोग धर्म का भेष बना कर धर्म की केवल बातें करते हुए हीरे जैसे मानव जीवन को मिट्टी के मोल गवा कर संसार से विदा हो जाते हैं। लेकिन बहुत कम लोग होते हैं जो धर्म को सचमुच जी कर शारीरिक तौर पर तो दुनियां से चले जाते हैं मगर अपने नेक कार्यों एवं पवित्र जीवन जीने के कारण मरने के बाद भी लोगों के दिलों में जिंदा रहते हैं। सही मायनों में धार्मिक जीवन जी कर और समाज सेवा के साथ समाज में अपनी सच्चे सिख वाली छवी की महक खिंडा कर 93 वर्ष की आयु में इस फानी संसार को अलविदा कह गए हैं सरदार बलिंदर सिंह खुराना। उनके द्वारा किए गए नेक कार्यों एवं गुणों का अगर जिक्र करना चाहें तो इस एक लेख में नहीं किया जा सकता। स. बलिंदर सिंह जी का जन्म 15 नवंबर 1928 को पिता स. नानक सिंह जी के गृह में माता करतार कौर जी की कोख से सरगोधा (अब पाकिस्तान में)में हुआ। 1947 के भारत पाक विभाजन के बाद आपका परिवार दिल्ली में नबी करीम (पहाड़ गंज) में आकर बस गया। स. बलिंदर सिंह ने अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद इलेक्ट्रॉनिक के समान का व्यापार आरंभ किया। उन्होंने ने बहुत ही गरीबी वाला जीवन व्यतीत किया, लेकिन परमात्मा पर भरोसा रख कर सख्त मेहनत की। वह दिल्ली के मोती नगर से फरीदाबाद तक 55 किलो मीटर जाने का और 55 किलो मीटर आने का सफर अपनी साइकल पर ही तह किया करते थे। स. बलिंदर सिंह जी का गुरू घर से और गुरबाणी से अथाह प्रेम था। वह शुभ मुहूर्त में उठकर गुरू की बानी का नितनेम करने बाद ही अन्न को मुंह लगाते थे और अपने काम पर जाने से पहले हर रोज गुरु तेग बहादुर साहिब जी का आशीर्वाद लेने के लिए गुरुद्वारा सीसगंज साहिब में नतमस्तक होते थे। वह कारसेवा वाले बाबा हरबंस सिंह जी का बहुत सम्मान करते थे। उन्होनें उनके साथ कई गुरधामों की करसेवा में अपनी सेवाएं प्रदान की थी। इलेक्ट्रॉनिक के सामान के व्यापार के




बाद उन्होनें आयुर्वैदिक दवाइयों की डीलरशिप लेकर दवाइयां सप्लाई करने का काम सफलतापूर्वक किया। उन्होनें अपनी कमाई में से दसवंध निकाल कर जरूरतमंदों की मदद करने को भी अपने धार्मिक कार्यों में शामिल किया हुआ था। उनकी शादी सरदारनी बेअंत कौर जी से हुई। वह भी इनकी तरह धार्मिक प्रवृत्ति वाले सच्चे सिख थे। स. बलिंदर सिंह खुराना के गृह में परमात्मा ने एक बेटी और तीन बेटों की बख्शिश की। बड़ी बेटी सरबजीत कौर, बेटे स. दलजीत सिंह खुराना, स. परमजीत सिंह खुराना, स. गुरजीत सिंह खुराना भी अपने माता पिता के बताए मार्ग पर चलकर धार्मिक जीवन जीने के साथ साथ समाज सेवा के कार्यों में बड़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। अपनी माता बेअंत कौर जी की समाज सेवा वाली शख्सीयत को हमेशा के लिए जिंदा रखने के लिए इन्होंने माता बेअंत कौर एजुकेशनल एंड वेल्फेयर एसोसिएशन नाम की संस्था बनाई हुई है जिससे वह गरीब बच्चों की पढ़ाई में माली मदद करते हैं। स. परमजीत सिंह खुराना जो हाल ही में हुए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव में विजय प्राप्त कर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य बने हैं का कहना है कि उनके पिता स. बलिंदर सिंह जी को जब भी समय मिलता वह हम सब को पास बिठा कर कुछ दुनियावी शिक्षाऐं दिया करते थे, वह कहा करते थे कि कभी किसी का बुरा नहीं करना, मेहनत और ईमानदारी के साथ साथ अपना हर एक काम गुरू साहिब का आशीर्वाद लेकर शुरू करना, इस तरह करने से तुम लोगों को पैसे के पीछे नहीं भागना पड़ेगा पैसा तुम्हारे पीछे आयेगा। स. परमजीत सिंह खुराना और बताते हैं कि उनके पिता जी उनको विशेष तौर पर कहते थे कि कभी भी ऊंचे बोल मत बोलना और अंहकार कभी मत करना। उन्होंने अपनी औलाद को यह भी सिखाया था कि अपनी सच्ची सुच्ची कमाई में से दसवंध निकाल कर गरीबों की मदद जरूर करना। वह अपने बच्चों को यह भी कहते थे कि अगर आप लोग परमात्मा की कृपा से आर्थिक रूप समर्थ हैं तो अपने गरीब रिश्तेदारों को ऊपर उठने में मदद करना। स. बलिंदर सिंह खुराना खुद भी अपने गरीब रिश्तेदारों के हमेशा सहायता करते थे। सरदार बलिंदर सिंह खुराना शरीरक तौर पर तो चाहे इस संसार को छोड़कर चले गए हैं लेकिन उनकी आंखें लंबे समय तक इस दुनियां को देखती रहेंगी। उन्होंने यह घोषणा की थी कि उनकी मौत के बाद उनकी आंखें दान कर दी जाएं। उनके अकाल चलाने के बाद उनके बेटों ने उनकी इच्छा के मुताबिक उनके नेत्र दान कर दिए हैं ताकि किसी जरूरतमंद को आंखों की ज्योति दी जा सके। मौत तो सब को आनी है लेकिन कौन जी कर मरा और कौन मर मर कर जिया यह बात देखने वाली होती है। स. बलिंदर सिंह ने 93वर्ष की आयु को जी भर कर जिया और अपनी जीवन रूपी चादर को दाग नहीं लगने दिया। बीते दिनों 23 नवंबर को परमात्मा द्वारा बख्शी स्वासों की पूंजी खत्म अपनी बेटी, बेटे, पोते पोतियां, दोहते दोहतिओं का भरा पुरा परिवार छोड़ कर वह पंच तत्वों में विलीन हो गए हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए अरदास 29 नवंबर दिन सोमवार को गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में बाद दोपहर तीन से चार बजे तक होगी। रागी जत्थों द्वारा गुरबाणी का गायन किया जायेगा और बिछड़ी रूह को श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे। इस प्रोगराम का सीधा प्रसारण चडदीकला टाईम टीवी पर प्रसारित किया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### एक उद्धघोसित अपराधी को किया गिरफ्तार

मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता, हांसी। पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत के दिशा निर्देश अनुसार पि ,ओ, बेल जंपर के चालक खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पी,ओ, स्टाफ ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सोमबीर वासी खानक के रूप में हुई जोकि माननीय अदालत द्वारा 19 ,10, 2021 को चेक बाउंस के एक मामले में उद्धघोसित अपराधी करार दिया हुआ था जिस को गिरफ्तार करके माननीय न्यायालय पेश करके जेल भेज दिया हैं ।

### आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने के आरोप में एक को किया गिरफ्तार

मदरलैंड संवाददाता, हांसी। पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत के दिशा निर्देश अनुसार अपराधों पर रोकथाम लगाते हुए नारनौद थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कियाहैं गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान हंसराज वासी भैणी अमीरपुर के रूप में हुई हैं जोकि राजेंद्र मृतक वासी भैनी अमीरपुर सुसाइड नोट लिख दिया था। इस मामले में हंसराज उपरोक्त को गिरफ्तार करके न्यायालय पेश करके जेल भेज दिया ।

### सिकंदराराऊ के युवक ने ट्रॉफी अंडर-14 केट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन




फैजान भारती, मदरलैंड संवाददाता, सिकन्दराराऊ इलाहाबाद में क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसमें यश हॉस्पिटल ट्रॉफी अंडर-14 केट प्रतियोगिता में सिकन्दराराऊ का रहने वाला युवक क्रिकेटर्स वाजिद अली ने इलाहाबाद की टीम में शामिल होकर अपने शहर का नाम रोशन किया। मो वाजिद अली की शानदार गेंदबाजी के दम पर दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने अपने मैदान पर रविवार को खेले गए मैच में डीएवी अकादमी मन 17.2 ओवर में 78 रन बनाए। वाजिद ने पांच विकेट झटक कर पूरी टीम ऑल आउट हो गई। जवाब में दौलत हुसैन ने 9.5 ओवर में बिना विकेट खोए 79 रनों से जीत दर्ज की। वहीं वाजिद अली के पिता ने बताया है कि मेरे बेटे की कामयाबी के पीछे सिकन्दराराऊ के पूर्व क्रिकेटर मेहरबान कुरैशी का इलाहाबाद पहुंचाने में क्रिकेट टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करने में उनका बहुत बड़ा योगदान है। और शानदार प्रदर्शन से परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई मोहल्ले में भी मिठाईयां बांटी गई। वही इलाहाबाद की टीम सिकंदराराऊ में ऑल इंडिया क्रिकेट टूनार्मेंट में एक बार फाइनल खेल चुकी है दूसरी बार सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

### ये कैसा पुत्र? जिसने जन्म दिया उसी के साथ करता है मारपीट और गाली गलौज

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी/किशनी। ग्रामसभा चितायन के गांव नगला राय निवासी मायादेवी पत्नी कुंअरपाल ने तहरीर दी कि वह महिगवां तिराहे पर अपने बेटे बिमल के साथ रहती है। मायादेवी ने बताया कि उनके दो पुत्र मधुरप्रताप तथा कमलेश पुत्रगण कुंअरपाल नगला राय से उसके पास आकर अक्सर गालीगलौज करते हैं। गुरूवार को दोनों लडके महिगवां तिराहे पर उसके घर रात आठ नौ बजे करीब आये और जमकर गालीगलौज और मारपीट की। जाते समय धमकी भी दी कि अगली बार आयेंगे तो हाथ पैर तो देंगे। थाना पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### बैनामा कराने के बाद पैसे नहीं देरहा क्रेता

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी/किशनी। जमीन खरीदते समय क्रेता ने विक्रेता को इतना विश्वास दिलाया कि विक्रेता ने बिना पैसे लिये ही जमीन का बैनामा कर दिया। पर समयावधि बीत जाने के बाद क्रेता ने विश्वासघात करते हुये बिक्रेता को पैसे देने से साफ इनकार कर दिया। जमीन का विक्रेता अब थाने के चक्कर काट रहा है। बिमलादेवी पत्नी धर्मशरण निवासी गांव समान हाल निवासी गांव मलाजनी, जसमन्तनगर जिला इटावा ने समाधान दिवस में प्रार्थनापत्र दिया कि उन्होंने चार वर्ष पूर्व अपना एक बीघा खेत प्रेमलता पत्नी नरायन निवासी चन्दीकरा को बेचा था। जिसमें एकलाख नब्बे हजार की रकम प्रेमलता ने कुछ दिनों बाद देने को कहा था। सबन्ध बहुत ही अच्छे होने के कारण उन्होंने प्रेमलता पर विश्वास कर लिया। पर काफी समय के बाद भी प्रेमलता उनके रुपए नहीं दे रही है। उन्होंने कार्यवाही की मांग की है।

### दुघर्टना में पिता की मृत्यु पर दी तहरीर

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी/किशनी। थाना बेबर के गांव रवारेमऊ निवासी शिवम पुत्र रामबोध ने तहरीर दी है कि तीन नवम्बर को उनके पिता रामबोध पुत्र रामनाथ उनके गांव के ही युधिष्टर पुत्र रामकिशन के साथ बाइक संख्या यूपी84एजे 2992 से गांव रवारेमऊ से थानाक्षेत्र के गांव सिंहपुर जा रहे थे। करीब आठ बजे शाम वह ग्वालियर बरेली मार्ग पर ब्लॉक के पास बने खड्डे में बाइक सहित गिर गये। जिससे दोनों लोग घायल होगये। सीएचसी से उनको सैंफई लेगये जहां इलाज के दौरान पांच नवम्बर को रामबोध की मृत्यु हो गई। जिसका पुलिस ने पीएम करवाया था। अब पुलिस ने इत्तफाकिया दर्ज कर ली है।

### कलयुगी पुत्र ने पैसों के लेंन देंन को लेकर मारपीट कर किया घायल

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी/बिछ्वां। थाना क्षेत्र के एक गाँव में कलियुगी पुत्र ने पैसों के लेंन देंन को लेकर अपने पिता को गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुत्र के खिलाफ तहरीर थाने में दी तो पुलिस ने एन सी आर दर्ज कर घायल का मेडिकल कराया है। थाना क्षेत्र के गाँव सुन्नामई निवासी नेकराम पुत्र नत्थूलाल ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वीते शनिवार की शाम छह बजे के लगभग पुत्र भूरे ने पैसों के लेंन देंन को लेकर गाली गलौज की जव विरोध किया तो लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एन सी आर दर्ज कर घायल का मेडिकल कराया है।

## भाजपा सरकार में परीक्षा का पेपर लीक व्हाट्सएप पर वायरल : पूर्व एमएलसी

» मदरलैंड संवाददाता



सिकन्दराराऊ समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी डॉ राकेश सिंह राना ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बत्तर खास, कुठिला, कासिमपुर, नगला भानचंद, महमूदपुर, नगला ढक में जनसंपर्क किया।

इस दौरान डॉ राकेश सिंह राना ने बताया कि रविवार को होने वाली यूपीटेट परीक्षा का प्रश्न पत्र परीक्षा शुरू होने से पहले ही व्हाट्सएप पर पेपर लीक हो गया। परीक्षा शुरू होने से ठीक पहले मथुरा गाजियाबाद बुलंदशहर के कई व्हाट्सएप ग्रुपों पर पेपर जमकर वायरल भी हो चुका था।

डॉ राकेश सिंह राना ने ग्रामवासियों को बताया कि उत्तर प्रदेश में शैक्षिक भ्रष्टाचार के चरम पर है। यूपी टीईटी की परीक्षा का पेपर लीक होने की वजह से रद्द होना बीसों लाख बेरोजगार अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है भाजपा सरकार में पेपर लीक होना परीक्षा व परिणाम रद्द होना आम बात है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी रैलियों के भाषण में कहते है कि नौजवानों व बेरोजगारो को हर साल 2 करोड़ रोजगार देंगे लेकिन हमेशा नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड होता है उनका समय बर्बाद होता है, लेकिन भाजपा सरकार के कान पे जू नही रेंगती है। प्रदेश की सरकार को साढ़े चार साल के कार्यकाल में भाजपा सरकार नौकरियां न के बराबर लाई है।

पूर्व एमएलसी ने सभी किसानों को समाजवादी पार्टी की नीतियों से अवगत कराया व किसानों से अपील की कि 2022 के उत्तर प्रदेश के चुनावों में हम सब मिलकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाए। अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का कार्य करे।

इस मौके पर बबलू पुंढीर, निखिल पुंढीर, प्रमोद चौहान, देवेंद्र पुंढीर, राइस प्रधान, मंसूर खान पूर्व प्रधान, अनिल पुंढीर, खलील भाई, तिम्मू पुंढीर, जयपाल सिंह लोधी, सोनू यादव, सत्यवीर यादव, उमाशंकर उपाध्याय, विजेंदर यादव, कमल सिंह लोधी, योगेश फौजी, विकास यादव, अरविंद पुंढीर,पवन पुंढीर, अशोक पुंढीर, अमित पुंढीर, अजय पुंढीर, विजय प्रताप, वीरपाल यादव, अमित यादव, रामगिरिस यादव पूर्व प्रधान, दिनेश सिंह, शेखर पुंढीर मौजूद रहे।

## गली में डाला कूड़ा तो हुए दो पक्ष आमने सामने, फिर पत्थरवाजी के बाद हुई फायरिंग

**थाना पुलिस ने 12 के विरुद्ध दर्ज किया मुकदमा, चार गिरफ्तार**



» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी/कुरावली। रविवार की सुबह क्षेत्र के ग्राम जमलापुर में गली में कूड़ा डालने को लेकर रामबरन पुत्र उजीर सिंह तथा धर्मेंद्र पुत्र आसाराम के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले तथा पत्थरबाजी के साथ हवाई फायरिंग की गई। घटना की सूचना पर पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे उपनिरीक्षक कपिल वशिष्ठ ने रामबरन तथा धर्मेंद्र सहित डोलू, विनेश पुत्रगण रामेंद्र, रामेंद्र पुत्र खुशीराम, हरकेश पुत्र दाताराम, ओमवीर पुत्र आसाराम तथा दूसरे पक्ष के रामानंद पुत्र उजीर सिंह, सुमित, ललित पुत्रगण संतोष, शिव कुमार राजकुमार पुत्रगण कश्मीर सिंह निवासीगण जमलापुर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया। पुलिस ने रामबरन,रामानंद, हरकेश, रामेंद्र को गिरफ्तार कर कार्रवाई की।

## अलग अलग थानाक्षेत्रों में तीन लोगो के रेलवे ट्रैक पर मिले शव



**बाराबंकी, एजेंसी**। अलग थानाक्षेत्रों मे महिला शिक्षा मित्र समेत तीन लोगों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई पुलिस ने सभी के शवों का पोस्टमार्टम कराया है।मिली जानकारी के अनुसार नगर के लाजपत नगर प्राथमिक विद्यालय में बतौर शिक्षा मित्र तैनात फतेहपुर थानाक्षेत्र के ताल गांव निवासी पेशे से रोडवेज बस के चालक चन्द्रेश वर्मा की पत्नी मेनका(40) जहांगीराबाद थानाक्षेत्र के बनवा रेलवे क्रासिंग पर रविवार की सुबह करीब 11रू30 बजे ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई।सूचना मिलने पर पंहुची थाना जहांगीराबाद की पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।वहीं इसी तरह कोतवाली नगर के लखनऊ रेलखण्ड पर रविवार की सुबह संदीप गौतम(20) पुत्र रामभरोसे निवासी मुबारकपुर थाना कोतवाली नगर का शव रेल लाइन के बीच पड़ा हुआ लोगों ने देखा सूचना मिलने पर पंहुचे परिजनों ने मृतक के शव कि शिनाख्त की और कोतवाली नगर पुलिस को सूचना दी जिसके बाद मौके पर पंहुची कोतवाली नगर पुलिस ने मृतक संदीप के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।वहीं मृतक के परिजनों ने बताया कि रात मे मृतक घर मे मौजूद था पता नही कैसे ये रेल लाइन पर पँहुच गया और ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई।वहीं रविवार की भोर मसौली थानाक्षेत्र के सुल्तानपुर गांव के निकट रेल लाइन पर एक 55 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई।काफी प्रयास के बाद भी मृतक की शिनाख्त नही हो पाई तो शव को पोस्टमार्टम गृह रखवा दिया गया है 72 घण्टो तक पोस्टमार्टम गृह में शव मौजूद रहेगा उसके बाद ही शव का पोस्टमार्टम होगा।

## शादी का झांसा देकर करता रहा नावालिग किशोरी से दुष्कर्म, मामले में मुकदमा दर्ज

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी/बिछवा। थाना क्षेत्र के एक गाँव में गाँव निवासी एक युवक बीते एक बर्ष पूर्व शादी का झांसा देकर नावालिग किशोरी से दुष्कर्म करता रहा। जिसके बाद में शादी करने से मना कर दिया और थाने में रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ पुलिस कप्तान को शिकायती पत्र दिया तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानवींन शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी एक युवक ने पुलिस कप्तान को दिये शिकायती पत्र में कहा है कि गाँव निवासी एक युवक बंटू पुत्र सियाराम कश्यप ने वीते एक बर्ष पूर्व उसकी 16 बर्षीय नावालिग पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर अवैध सम्वन्ध बना लिये और जव पुत्री ने शादी करने के लिए कहा तो मना कर दिया। जिसकी जानकारी पुत्री ने घर पर दी। जव आरोपी युवक के घर पर जाकर बात की तो उसने व उसके परिवार वालों ने गाली गलौज कर भगा दिया और कहा कि यदि थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने गये तो जान से मार देंगे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानवींन शुरू कर दी है। प्रभारी थाना अध्यक्ष विमल कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## भीम आर्मी चन्द्रशेखर रावण ने की सपा मुखिया अखिलेश यादव से मुलाकात





**लखनऊ, एजेंसी**। उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर नित नए राजनीतिक समीकरण बन-बिगड़ रहे हैं। एक ओर सूबे में सत्तारूढ़ भाजपा सत्ता में वापसी के लिए सारे जतन कर रही है तो वहीं विपक्ष एकजुट होकर भाजपा को चुनौती देने की रणनीति बना रहा है।इसी क्रम में रविवार को भीम आर्मी के मुखिया चन्द्रशेखर रावण ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की।

इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच 2022 में होने वाले विधान सभा चुनाव को लेकर मंथन हुआ। माना जा रहा है कि, विधान सभा चुनाव में सियासी जमीन तलाशने की फिराक में चन्द्र शेखर विधान सभा चुनाव लड़ सकते है।याद हो कि कुछ दिन पहले ही आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद ने ऐलान किया था कि वह अकेले उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव मैदान में उतरेंगे। लेकिन कुछ ही दिन बाद पार्टी के सुर बदलने लगे हैं। अब बहुजन समाज पार्टी या फिर समाजवादी पार्टी के साथ चुनावी मैदान में उतरने को आजाद समाज पार्टी भी तैयार हो रही है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के साथ भी आजाद समाज पार्टी हाथ मिला सकती है। कुछ दिन पहले ही ओमप्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव की पार्टी से गठबंधन कर लिया है। अब यह दोनों नेता साथ मिलकर चुनावी मंच भी साझा कर चुके हैं और रथ पर सवार भी हो चुके हैं। वहीं आम आदमी पार्टी भी समाजवादी पार्टी द्वारा बनाये जा रहे महागठबंधन में शामिल हो सकती है। सपा का रालोद के साथ तालमेल को लेकर बातचीत पहले ही लगभग फाइनल हो चुकी है।

## शहर के घोसियाना मोहल्ले में लांच की गई आउटडोर ओपीडी




**बाराबंकी, एजेंसी**। जनपद में भी अब रीजेंसी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की सुविधाएं मिलेंगी। पहली बार यूरोलॉजी किडनी और पेट की समस्याओं के गंभीर मरीजों को भी आउटडोर ओपीडी की सुविधा नहीं मिलेगी बल्कि यहां पर बड़ी बड़ी जाचे भी आसानी से हो सकेंगी। एंडोस्कोपी जैसी जांचों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। बदलती जीवन साली को देखते हुए संस्था ने शहर के घोसियाना में अपनी ओपीडी लांच की। यह आयोजित पत्रकार वार्ता में देश के प्रमुख हेल्थ केयर प्रोवाइडर से जुड़े विशेषज्ञों व डॉक्टरों ने विस्तार से पूरी जानकारी दी। आउटडोर ओपीडी का आयोजन रीजेंसी के डॉक्टरों द्वारा प्रत्येक सोमवार गुरुवार शुक्रवार और शनिवार को स्टेशन रोड घोसियाना स्थित रूमेसा हेल्थ केयर में किया जाएगा।

ओपीडी सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक चलेगी। लॉन्च करने आए एमडी मेडिसिन व डीएम नेफ्रोलॉजी डॉक्टर आलोक कुमार पांडे, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जन डॉक्टर प्रदीप जोशी, कंसल्टेंट यूरोलॉजी डॉक्टर राजीव कुमार, एमडी कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डॉ प्रवीण झा ने बताया कि किस तरह से वह मरीजों को इस सुविधा का लाभ देंगे। रीजेंसी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लखनऊ के एमडी मेडिसिन डीएम नेफ्रोलॉजी डॉक्टर आलोक कुमार पांडे हर सोमवार सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक बाराबंकी में मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि हमारा मकसद गरीब और मध्यमवर्गीय लोगों को सुपर स्प्लेंडर सेवाएं समय और कम पैसे में देना है। दिल के लिए लोग लखनऊ व अन्य महानगरों के चक्कर काट कर परेशान होते हैं वह सुविधाएं अब बाराबंकी में होगी। डॉ आलोक कुमार पांडे ने कहा कि हमारा लक्ष्य उत्तर भारत में सबसे बड़ा स्वास्थ्य सेवा प्रोवाइडर बनना है। हमारा मकसद छोटे शहरों में ऐसे लोगों तक पहुंचना है जिनके पास किसी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल या हेल्थ केयर तक की पहुंच नहीं है। डॉ प्रवीण झा हर गुरुवार सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक बाराबंकी में रहेंगे। उन्होंने बताया कि मोटापे और पानी की खराब गुणवत्ता के कारण बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के लोग पेट की बीमारी से पीड़ित हो रहे हैं। इसी प्रकार डॉ राजीव कुमार न्यूरोलॉजी हर शुक्रवार सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक मौजूद रहेंगे। डॉ राजीव ने बताया कि सर्दियों के मौसम में किडनी की पथरी होने की संभावना बढ़ जाती है क्योंकि तापमान में गिरावट के कारण हम पानी का सेवन कम कर देते हैं। इसी प्रकार गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जन डॉक्टर प्रदीप जोशी हर शनिवार सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मिलेंगे। कुल मिलाकर बाराबंकी में रीजेंसी हेल्थ की पहली कवायत मध्यम वर्ग युवा गरीब लोगों के लिए समर्पित की गई है।

## सड़क हादसा में दो की मौत

**रायबरेली, एजेंसी**। जिले के भदोखर थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक तेज रफ्तार गाड़ी ने साइकिल सवार दो किसानों को टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनों मृतक सुरेंद्र और छंगा लाल थाना क्षेत्र के पूरे बैसन पकरा गांव के रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक यह हादसा भदोखर थाना क्षेत्र के मनहेरू गांव के पास हुआ। मृतक सुरेंद्र सिंह राणा (55) और छंगा लाल रैदास (45) साइकिल से मनहेरू बजार आए थे। दोनों रात में अपने गांव वापस जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार गाड़ी ने साइकिल में टक्कर मारी दी। जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। पास से गुजर रहे राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि दोनों साइकिल सवार मनहेरू बाजार से घर जा रहे थे।

## दो बहनों ने खाया जहर, मौत

**फिरोजाबाद, एजेंसी**। नगर के लाइनपार थाना क्षेत्र में रविवार को एक ही परिवार की दो महिलाओं ने जहर खा लिया। जिससे दोनों की मौत हो गई। दोनों चचेरी बहन बताई जा रही हैं। दोनों की शादी भी एक ही परिवार में हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार संत नगर निवासी सुमन पत्नी खेमचंद्र और कुसमा पत्नी विनीत दोनों चचेरी बहन थीं। दोनों का एक ही परिवार में दो भाइयों के साथ ब्याह हुआ था। रविवार को पारिवारिक विवाद में दोनों बहनों ने जहर खा लिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। दोनों चचेरी बहनें होने के अलावा देवरानी-जेठानी भी हैं। जानकारी होने पर मोहल्ले के लोग जमा हो गए। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले को लेकर परिजनों ने पूछताछ कर रही है।

## आईरा की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न कई पत्रकारों ने आईरा की ली सदस्यता

» अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता




मैनपुरी। ऑल इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन (आईरा) की महत्वपूर्ण बैठक दीवानी रोड स्थित विकास भवन के निकट प्रथा प्रतिज्ञा कार्यालय पर संपन्न हुई, जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।वही संगठन को मजबूत करने पर भी विचार विमर्श किया गया और कई नए सदस्यों को सदस्यता दी गई।

रविवार को दीवानी रोड स्थित विकास भवन के निकट प्रथा प्रतिज्ञा कार्यालय पर देश के अंतरराष्ट्रीय पत्रकार संगठन ऑल इंडियन रिपोर्टर एसोसिएशन आईरा की बैठक आगरा मंडल संरक्षक ब्रजकिशोर (किशोरइटावी) की अध्यक्षता में में संपन्न हुई। जिसमें संगठन के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे ।

इस बैठक में संगठन को मजबूत करने व संगठन में नए सदस्यों को जोड़ने पर चर्चा की गई तथा कुछ नए सदस्यों को सदस्यता भी दी गई। इस मौके पर आईरा मंडल संरक्षक किशोर (इटावी) ने कहां कि आईरा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ा संगठन है । यह संगठन कई राज्यों में चल रहा है।संगठन पत्रकारों के हितों में हमेशा काम करता रहा है।उन्होंने कहा कोई संगठन तभी मजबूत होता है जब हम सब एक होकर जनता के हितों में काम करें। पत्रकार जब संगठित होकर काम करते हैं तो संगठन में मजबूती आती है और संगठन से जनता का भी हित होता है संगठन में मजबूती लाने के लिए जनता के हित में काम करना चाहिए तभी हमें जन सहयोग मिलेगा और हमारे संगठन की मजबूती होगी ।

उन्होंने सभी पत्रकारों से अपील करते हुए कहा है कि हम सब एक होकर एकता से काम करें। तभी हम अपनी आवाज प्रशासन प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं ।आज जिस तरह से पत्रकारों का उत्पीड़न हो रहा है उसे हमारा संगठन कभी बर्दाश्त नहीं करेगा और हम एक होकर पत्रकारों की आवाज बुलंद करेंगे। पत्रकारों को हर स्तर पर सुरक्षा देने का काम करेंगे।

वही जिला अध्यक्ष अजय सक्सेना ने आए हुए सभी पदाधिकारियों तथा सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा संगठन पत्रकारों के हर दुख दर्द में मदद करने के लिए तैयार है ।जब भी हमारी किसी पत्रकार को आवश्यकता हो तो तुरंत हमसे संपर्क करें। हम उसकी हर संभव मदद करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर चलेंगे तभी हम पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न को रोक सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि हम अधिक से अधिक संगठन में पत्रकारों की सदस्यता ग्रहण कराएं और इस संगठन को और भी मजबूती प्रदान कराए। उन्होंने सभी संगठन के पदाधिकारियों से अपील की है कि वह संगठन का पूरी निष्ठा भाव से सहयोग करें और अपने सहयोगी पत्रकारों को आईरा की सदस्यता दिलाएं ।जिससे हमारा संगठन और भी मजबूत हो सके। हमारे संगठन का उद्देश्य सबका साथ सबका विकास जनहित में काम करना है। इस अवसर पर संगठन के महासचिव अजय किशोर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लख्मी चंद बघेल, उपाध्यक्ष सुबोध कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ जे एन वर्मा, चंद्रशेखर, अगम प्रताप चौहान ब्यूरो प्रमुख राष्ट्रीय सहारा, अनिल कुमार सिंह, शिवम, उदय वीर सिंह, संदीप पचौरी, संजय सक्सेना आदि तमाम पत्रकार बंधु उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### एसएसडी में हुई स्लोगन प्रतियोगिता

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। एसएसडीपीसी गर्ल्स पीजी कालेज में स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कु. समरीन व कु. किरन प्रथम, ईशा चैधरी व कु. जन्नत द्वितीय, ज्योति व कविता तृतीय तथा कु. खुशी, सरिता व आयशा को बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. अलका आर्य, डॉ. सीमा राय ने निभाई। अंत में प्राचार्या ने विजेता छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. किरन बाला स्वीप नोडल अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्राओं के अंदर छिपी प्रतिभाएं निखरकर सामने आती हैं और वह एक दिन अपने स्कूल के साथ ही देश-प्रदेश का नाम रोशन करती हैं।

### नबालिग के अपहरण में सभासद पर मुकदमा

मदरलैंड संवाददाता , पिरान कलियर। परिजनों के साथ जियारत को आई नाबालिग को एक युवक अपहरण करके ले गया। कलियर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ अपहरण समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली निवासी एक महिला ने कलियर पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह अपनी बेटी के साथ जियारत के लिए आई थी उसकी नाबालिग किशोरी को आरिफ निवासी जलालाबाद शामली उत्तर प्रदेश हाल निवासी नई बस्ती बहला फुसलाकर कर अपहरण कर ले गया हैं। पीड़ित अपनी किशोरी की तलाश कर रहे थे इसी दौरान वह आरिफ के घर अपनी किशोरी की तलाश के लिए गए थे ओर पुलिस से शिकायत करने की बात कही थी। जिस पर नगर पंचायत के एक सभासद पर उन्होंने पुलिस से शिकायत करने पर देख लेने की धमकी देने का आरोप लगाया है।और पुलिस से आरोपी युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और अपनी किशोरी को तलाश करने की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक और सभासद के खिलाफ अपहरण और धमकी देने से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र राठी ने बताया आरिफ पुत्र गिरधारी निवासी जलालाबाद शामली उत्तर प्रदेश के खिलाफ अपहरण और गुलफाम के खिलाफ धमकी में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रविंद्र प्रदेश प्रभारी व चौधरी वीरपाल बने सह प्रभारी

मदरलैंड संवाददाता, रूड़की। राष्ट्रीय लोकदल के युवा प्रदेश अध्यक्ष के आवास पर राष्ट्रीय लोक दल कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने राष्ट्रीय लोक दल का प्रदेश प्रभारी व प्रदेश सह प्रभारी नियुक्त किए जाने पर राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय लोक दल युवा प्रदेश अध्यक्ष हरमीत सिंह चैधरी के आवास पर आयोजित बैठक में कार्यकताओं ने 2022 के चुनाव के मद्देनजर पार्टी को मजबूत बनाने पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चैधरी जयंत सिंह द्वारा उत्तराखंड में चैधरी रविंद्र सिंह गुर्जर को प्रदेश प्रभारी व चैधरी वीरपाल सिंह को प्रदेश सह प्रभारी बनाए जाने पर राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय लोक दल कार्यकताओं के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए पार्टी को प्रदेश में मजबूती प्रदान होगी और 2022 के चुनावों में पार्टी मजबूती के साथ अपने प्रत्याशियों को चुनाव लड़ाने का काम करेगी। इस अवसर पर संदीप मलिक, आदित्य चैधरी, राहुल कुमार,पोपिन राठी, मोरध्वज सिंह, योगेंद्र सिंह, जय कुमार पंवार, बच्चन सिंह, वेदपाल पंवार, देवेंद्र सिंह,विनोद कुमार ,गौरव कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कार में डाल दिया पानी मिला डीजल, हंगामा


मदरलैंड संवाददाता, लंढौरा। डीजल में पानी मिलाने का आरोप लगा कर लोगों ने पैट्रोल पंप पर हंगामा काटा है। गाधारोणा निवासी साजिद का कहना है कि रविवार सुबह उसने लंढौरा के बस अड्डे के पास स्थित पैट्रोल पंप से कार में 950 रुपये का डीजल डलवाया था। कार स्वामी का कहना करीब 500 मीटर चलने के बाद गाड़ी बंद हो गई। मिस्त्री को दिखाने पर पता चला कि डीजल में पानी मिला हुआ है। इसी कारण कार स्टार्ट नहीं हो रही है। बाद में गाड़ी स्वामी ने तीन अन्य लोगों के साथ पैट्रोल पंप पर पहुंच कर डीजल में पानी मिलाकर देने आरोप लगाकर जमकर हंगामा काटा। बाद में पैट्रोल पंप पर तैनात कर्मचारियों ने गाड़ी में हुए नुकसान का खर्च देने का आश्वासन दिया। जिसके बाद मामला शांत हुआ। वही सोचने वाली बात सामने आती है, की एक तो पेट्रोल डीजल की कीमतें आसमान छू रही है। वही ऐसे पेट्रोल पंपों पर मिलावटखोरी कर डीजल तेल में पानी मिलाकर लोगों की मेहनत के पैसों को लूट रहे है। लंढौरा क्षेत्र में अभी तो एक ही पेट्रोल पंप का मामला प्रकाश आया है न जाने कितने पेट्रोल पंपों पर ऐसा खेल खेला जा रहा होगा। यह तो प्रशासनिक अधिकारियों के जांच के बाद ही पता चल सकता है। एएसडीएम विजयनाथ शुक्ला का कहना है कि अगर इस संबंध में शिकायत मिलती है तो जांच की जाएगी। लंढौरा क्षेत्र में चल रहे पेट्रोल पंपों पर हो रही मिलावट की शिकायत को लेकर अभी तक किसी अधिकारी द्वारा इन पंपों पर कोई कड़ी कार्यवाही नही की है। अगर प्रशासनिक अधिकारी इन पेट्रोल पंपों पर जांच करें तो मिलावटखोरी का सच सामने आ सकता है।

### भाजपा ने प्रदेश की जनता को छलने का किया काम: प्रीतम सिंह

हरिद्वार, एजेंसी। कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि प्रदेश में भाजपा ने सत्ता में आने से पूर्व उत्तराखण्ड की जनता से जो वायदे किये थे, उसपर खरी नहीं उतरी है। भाजपा ने प्रदेश की जानता को छलने का काम किया। वर्ष 2017 के चुनाव अभियान के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद प्रदेश के किसानों व युवाओं से वादा किया था। प्रदेश के भीतर डबल इंजन की सरकार बनते हुए उनके ट्टण माफ किये जाएगे और उनकी आय को दुगनी किया जाएगा और युवाओं को रोजगार देने का काम किया जाएगा। लेकिन उत्तराखण्ड में डबल इंजन की भाजपा सरकार बनते हुए भाजपा जनता व किसानों से किये गये वायदे भूल गयी। नेता प्रतिपक्ष नेता प्रीतम सिंह रविवार को प्रेस क्लब हरिद्वार में पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के भीतर 19 किसानों ने आत्महत्या की, लेकिन सरकार ने कोई गम्भीरता नहीं दिखाई। किसानों के प्रति भाजपा सरकार सवेंदनहीन बनी रही। युवाओं को भी रोजगार नहीं दिया। कांग्रेस ने किसानों व युवाओं की आवाज को सदन में उठाने का काम किया। केन्द्र की भाजपा सरकार ने किसानों पर तीन काला कानून लादने का काम किया। जिसको लेकर किसान एक साल से आंदोलनरत है। इस आंदोलन में करीब 800 किसानों की शाहदत दी, केन्द्र सवेंदनहीन बनी रही।

# केवी-1 रूड़की में मना संविधान दिवस समारोह, प्रतियोगिताएं हुई

» मदरलैंड संवाददाता




रुड़की। केंद्रीय विद्यालय नं.-1 रूड़की में संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य वीके त्यागी, उप प्राचार्या श्रीमती अंजू सिंह ने सभी शिक्षकों, छात्रों के साथ मिलकर ऑनलाइन संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। विद्यालय प्राचार्य वीके त्यागी ने कहा कि भारत के संविधान का उद्देश्य 'हम भारत के लोग' की ऋद्धि, सिद्धि और समृद्धि है। दुनिया भर के तमाम संविधानों को बारीकी से परखने के बाद ही बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर के नेतृत्व में 26 नवंबर 1949 को इसे भारतीय संविधान सभा के समक्ष लाया गया। इसी दिन संविधान सभा ने इसे अपना लिया। यही वजह है कि देश में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्राचार्य ने कहा कि संविधान के प्रवाह में भारतीय लोकतंत्र ने विश्व प्रतिष्ठा अर्जित की है। एक राष्ट्र, समाज या समुदाय के जीवन में संविधान का एक अहम्‌ महत्व होता है, यह इंसान को सभ्य और संगठित तरीके से रहने में मदद करता है। उन्होंने संविधान की गरिमा को हमेशा बनाये रखने का संकल्प भी लिया। इस दौरान विद्यालय में एक वेबिनार का आयोजन किया गया जिसका विषय था ह्लबाल संरक्षण एवं सुरक्षा के संविधानिक प्रावधान। इसमें प्रमुख वक्ता के रूप में अधिवक्ता एवं समाजसेवक श्रीगोपाल नारसन ने बहुत ही सहज ढंग से समझाया कि हमारे संविधान में बच्चों के सारे अधिकारों को सुरक्षित रखने की व्यवस्था की गयी है। बाल श्रम को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लालन पालन के व्यवस्था की जिम्मेदारी भी सरकार को सुनिश्चित करनी है। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराने के लिए पुस्तकालय ब्लॉग के माध्यम से ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया जिसमे विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया तथा ई-प्रमाण पत्र प्राप्त किये। साथ ही विद्यार्थियों के लिए विभिन्न ऑनलाइन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इनमें निबंध लेखन में जूनियर ग्रुप में जेना अंसारी (6 ब) प्रथम, सोनिका (7 स) द्वितीय तथा युवराज सिंह (7 ब) तृतीय स्थान पर रहे। निबंध लेखन में सीनियर ग्रुप में बबिता कोटरी (9 स) प्रथम, प्रिया (9 स) द्वितीय तथा नवदीप सिंह पुंडीर (9 अ) तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप में आयुष प्रसाद (6 ब) प्रथम, राशी शर्मा (6 ब) द्वितीय तथा हिमानी रावत (8 स) तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में सीनिअर ग्रुप में दीप्ति कुमारी (12 द) प्रथम, प्रिया (9 स) द्वितीय तथा नैंसी पंवार तथा रिया बर्थवाल (12 द) तृतीय स्थान पर रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में शिवांश (9 स) प्रथम, कनिष्का (6 स) द्वितीय तथा वैष्णवी (6 अ) तृतीय स्थान पर रहे। विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उप प्राचार्या श्रीमती अंजू सिंह ने कहा कि संविधान का पहला कर्तव्य है-ह्यसंविधान का पालन करें। उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रगान का आदर करें।

# रुड़की से 500 लोग पहुंचेगें प्रधानमंत्री की रैली में: बत्रा

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। देहरादून में 4 दिसंबर को होने जा रही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली की तैयारियों को लेकर रविवार को भाजपा कार्यकताओं ने बैठक कर रुड़की विधानसभा क्षेत्र से 5000 लोगों को जनसभा में ले जाने का लक्ष्य रखा। इसके लिए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी बांटी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चार दिसंबर को देहरादून में होने वाली रैली में रुड़की विधानसभा क्षेत्र से पांच हजार लोगों की भीड़ ले जाने का लक्ष्य बनाया है। रविवार को होटल प्रकाश में आयोजित बैठक में रैली की तैयारी को लेकर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में संगठन नेताओं को रैली की तैयारी को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। विधानसभा प्रभारी मनोज गर्ग ने कहा कि रैली में हर बूथ से लोगों की उपस्थिति होनी चाहिए। जिस पदाधिकारी को जो जिम्मेदारी मिली है वह उसे निष्ठा के साथ निभाये। विधायक प्रदीप बत्रा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र से 5000 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रत्येक वार्ड से कार्यकर्ता देहरादून में होने वाली प्रधानमंत्री रैली में पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री की रैली एतिहासिक होगी। विधायक ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार हर क्षेत्र में कार्य कर रही हैं, हर वर्ग के लिए योजनाएं बन रही हैं, जिसे लेकर आम जन में भाजपा के प्रति जोश और उत्साह है। 2022 के चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 दिसंबर को देहरादून पहुंच रहे हैं जिसे लेकर पूरे प्रदेश से कार्यकर्ता रैली में जुटेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि अधिक से अधिक लोग रैली में आकर प्रधानमंत्री के बिचारों को सुने। बैठक में जिला महामंत्री आदेश सैनी,पूर्वी मंडल अध्यक्ष अभिषेक चंद्रा, पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष प्रवीण सन्धु, विश्वतोष सैनी, बीएल अग्रवाल, इंदर बधान, नरेंद्र जैन, रीना अग्रवाल, आकाश गोयल, सुनीता गोस्वामी आदि लोग मौजूद रहे।

# माजरा में किया गया महात्मा ज्योतिबा फूले को नमन

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। मलकपुर माजरा में रविवार को अम्बेड़कर भवन में महात्मा ज्योतिबा फूले की पुण्यतिथी मनाई गई। इसमें पूर्व सांसद राजेंद्र बॉड़ी, अन्य कांग्रेसियो व दलित समाज के लोगों ने 19वीं सदी के महान समाज सुधारक, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले तथा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का प्रण लिया। पूर्व सांसद राजेंद्र बॉड़ी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले ने ही देश में शिक्षा का उजियारा फैलाया। दबे कुचले लोगों और महिला शिक्षा की नींव रखी। बाबा साहेब डॉ. बीआर अम्बेड़कर को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में महात्मा ज्योतिबा फूले का अहमद योगदान रहा, जिस कारण दलित समाज हमेशा ही महात्मा ज्योतिबा फूले का आभारी रहेगा और उन्हे नमन करता रहेगा। उन्होने सभी से महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती और पुण्य तिथी घर-घर मनाए जाने और उनके जीवन परिचय बच्चों को जानकारी दिए जाने की बात कही। कहा कि युवा पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है।

# नोटबंदी, जीएसटी ने तोड़ी छोटे कारोबारियों की कमर: रावत

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि व्यापारियों, आम जनता के साथ चर्चा कर उनसे राय शुमारी की जा रही है जिन्हें पार्टी के घोषणापत्र में शामिल किया जायेगा। भाजपा ने उत्तराखण्ड ही नहीं पूरे देश को महंगाई, बेरोजगारी की आग में झोंक दिया है। डायन महंगाई हर किसी को खाय जात है। लामग्रंट में जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि वह चाहते हैं कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में कांग्रेस अपना रोल बाखूबी अदा कर सके। इसके लिए हम निरन्तर कार्य कर रहे हैं। बदले हुए समय के साथ नई नीतियों के रूप में कार्य करें इसके लिए जानकारी को लेकर जनसंवाद किया जा रहा है। कहा कि जीएसटी व्यवस्था एक तरफा बनाई गई है जिसमें व्यापार व्यवस्था को सही से नही बनाया गया। गया कि उधोग को आर्थिक रूप से नीचे ले जाने में नोटबन्दी का बड़ा योगदान रहा। नोटबन्दी के कारण बहुत सारे घर और व्यापार बर्बाद हुये। उन्होंने कहा कि सरकार की विफलताओं और महंगाई आदि के लिए पदयात्रा की जा रही जिसमें लोगों का काफी सहयोग मिल रहा है। रावत के परिवार द्वारा हरिद्वार में विधानसभा सीटों पर की जा रही तैयारियों से अन्य दावेदारों में बेचैनी के सवाल पर उन्होंने कहा कि किसी को बेचैन होने की आवश्यकता नही है जनता जिसे पसंद करेंगी उसे ही उम्मीदवार बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि दुल्हन वही जो पिया मन भाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विकास की राजनीति करती है और उसे ही लेकर आगे बढ़ती है 2017 में लोग भावनाओं में बहकर वोटिंग कर गए अब उसमें सुधार करते हुए कांग्रेस को वोट देंगे। गुटबाजी के सवाल पर उन्होंने कहा कि जब चुनौती आएगी तो सभी एकसाथ होकर उसका सामना करेंगे। उन्होंने कृषि कानूनों का वापस होना शहीद हुए किसानों की जीत बताया। राजेंद्र चौधरी एड़वोकेट ने कहा कि 2022 में कांग्रेस की सरकार आनी तय है और व्यापारियों की समस्याओं और मांगो का समाधान निश्चित होगा। कार्यक्रम संयोजक एवं जिला पंचायत सदस्य भूप सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों के लिए सराहनीय पहल की है। कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री किसानों, व्यापारियों और आम जन की समस्याओं से भली भांति परिचित हैं। उन्हे पूरा विश्वास है कि वह सभी की समस्याओं के समाधान को कार्य करेंगे। इस अवसर पर किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुशील राठी, विजयपाल सिंह, बरखा रानी, सचिन गुप्ता, सेवाराम, रवि कुमार मौजूद रहे।

# कांग्रेस सेवादल ने किए गरीब परिवारों को कंबल वितरित

» मदरलैंड संवाददाता




रुड़की! महानगर कांग्रेस सेवादल ने शनिवार को पुरानी तहसील स्थित कार्यालय पर जरूरतमंद परिवारों को गर्म कंबल वितरित किए! इस दौरान महानगर अध्यक्ष डॉ. अफजल खां ने कहा कि कांग्रेस सेवादल हमेशा से राष्ट्र एवं समाज हित के कार्यो में अपना योगदान देता आया है!

जरूरतमंद परिवारों की मदद के साथ ही महानगर कांग्रेस सेवादल रक्तदान, स्वच्छता, वृक्षारोपण के कार्यो में हमेशा से आगे रहा है! कोरोना काल में भी महानगर कांग्रेस सेवादल पूरी तरह से जरूरतमंदों परिवारों के साथ खड़ा रहा है!

महानगर महिला कांग्रेस सेवादल की महिला अध्यक्ष मंजु कश्यप ने कहा कि जन सेवा के कार्य हमेशा होते रहने चाहिए! जिला प्रभारी रेणु रोहेला ने कहा कि कांग्रेस सेवादल का गठन गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए ही हो रखा है! सेवादल हमेशा राष्ट्र और समाज हित के कार्यो में अपना योगदान देता रहेगा! उन्होंने सभी कार्यकताओं कार्यकताओं का हौसला बढ़ाते हुए उनके कार्यो की सराहना की! साथ ही सभी से 2022 को लेकर भी कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में डोर टू डोर पहुंचने को कहा! कहा कि कार्यकताओं को पार्टी प्रत्याशी को अपने अपने क्षेत्र से भारी मतों से जिताकर भेजना है!

# अमित, दुष्यंत ने किया गोल्ड पर कब्जा, मयंक, शिवम को मिला सिल्वर

» मदरलैंड संवाददाता



हरिद्वार! जगजीतपुर, हरिद्वार में आयोजित दो दिवसीय खेल महाकुंभ में प्रहार बाक्सिंग क्लब के खिलाड़ियों का दबदबा रहा! क्लब के 4 खिलाड़ियों ने गोल्ड, जबकि 2 खिलाड़ियों ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया! प्रहार क्लब के कोच एवं अंतर्राष्ट्रीय किशन सिंह मेहर ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए विजेता खिलाड़ियों की पीठ थपथपाई! कहा कि जगजीतपुर में आयोजित खेल महाकुंभ से खिलाड़ियों को बहुत कुछ सीखने को मिला है! इससे आगे की प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों को मदद मिलेगी! प्रतियोगिता में अंडर-17 के अमित ने 63 किग्रा में गोल्ड अपने नाम किया, दुष्यंत ने 58, आदित्य पुंडीर ने 34 किलोग्राम में गोल्ड कब्जाया, जबकि अंडर-21 में सलमान ने 51 किलोग्राम में गोल्ड अपने नाम किया, जबकि मयंक, शिवम ने सिल्वर मेडल जीतने में सफलता अर्जित की! लवनिश, अनस, मुकुल ने ब्रांउज अपने नाम किए!

# महामहिम राष्ट्रपति ने पतंजलि विवि के प्रथम दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थियों को प्रदान की उपाधि

**हरिद्वार, एजेंसी।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार के प्रथम दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव, कुलपति आचार्य बालकृष्ण, संकाय अध्यक्षा डॉ. साधवी देवप्रिया भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा कि आधुनिक विज्ञान के साथ हमारी परंपरा की प्रासंगिक ज्ञान-राशि को जोड़ते हुए भारत को नॉलेज सुपर पावर बनाने का जो लक्ष्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने निर्धारित किया है उस मार्ग पर पतंजलि विश्वविद्यालय अग्रसर है। उन्होंने पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं तथा स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की उपाधियां प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राष्ट्रपति श्री कोविंद ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में हरिद्वार की पावन धरती पर रहने का और शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलना बड़े सौभाग्य की बात है। पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव ने योग की लोकप्रियता को बढ़ाने में अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत सरकार के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 2015 में प्रतिवर्ष 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। ऐसे प्रयासों के परिणामस्वरूप सन 2016 में 'योग' को यूनेस्को द्वारा 'विश्व की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर' की सूची में शामिल किया गया है। राष्ट्रपति ने क्यूबा का उदाहरण देते हुए कहा कि योग को विश्व के हर क्षेत्र और विचारधारा के लोगों ने अपनाया है।



राष्ट्रपति ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय द्वारा जो प्रयास किए जा रहे हैं उनसे भारतीय ज्ञान-विज्ञान, विशेषकर आयुर्वेद तथा योग को आधुनिक परिप्रेक्ष्य में विश्व-पटल पर गौरवशाली स्थान प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। मुझे यह देखकर प्रसन्नता होती है कि पतंजलि समूह के संस्थानों में भारतीयता पर आधारित उद्यमों और उद्यम पर आधारित भारतीयता का विकास हो रहा है। राष्ट्रपति ने उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आलस्य और प्रमाद को त्याग कर आप सब योग-परंपरा में उल्लिखित 'अन्नमय कोश', 'मनोमय कोश' और 'प्राणमय कोश' की शुचिता हेतु सचेत रहेंगे। और 'विज्ञानमय कोश' और 'आनंदमय कोश' तक की आंतरिक यात्रा पूरी करने की महत्वाकांक्षा के साथ आगे बढ़ेंगे। करुणा और सेवा के आदर्शों को आप अपने आचरण में ढाल कर समाज सेवा करते रहेंगे। करुणा और सेवा के अद्भुत उदाहरण हमारे देशवासियों ने कोरोना का सामना करने के दौरान प्रस्तुत किए हैं। आज हम गर्व के साथ यह कह सकते हैं कि हमारा देश विश्व के उन थोड़े से देशों में से है जिन्होंने न सिर्फ कोरोना के मरीजों की प्रभावी देखभाल की है अपितु इस बीमारी से बचाव हेतु वैक्सीन का भी उत्पादन किया है। हमारे देश में विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। सृष्टि के साथ सामंजस्यपूर्ण जुड़ाव ही आयुर्वेद एवं योग-शास्त्र का लक्ष्य है। इस सामंजस्य के लिए यह भी आवश्यक है कि हम सभी प्रकृति के अनुरूप जीवनशैली को अपनाएं तथा प्राकृतिक नियमों का उल्लंघन न करें। राष्ट्रपति ने कहा कि आज जब हम आजादी का अमृत महोत्सव बना रहे हैं, तब हमें अपने ऐसे विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों को और भी अधिक प्रोत्साहन देना चाहिए जो हमारी संस्कृति को आधुनिक परिप्रेक्ष्य में नई ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। यह विशेष रूप से उल्लेखनीय तथ्य है कि पतंजलि विश्वविद्यालय में छात्रों की अपेक्षा बेटियों की संख्या अधिक है। यह प्रसन्नता की बात है कि परंपरा पर आधारित आधुनिक शिक्षा का विस्तार करने में हमारी बेटियां अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। मुझे विश्वास है कि आप सभी छात्राओं में से आधुनिक युग की गार्गी, मैत्रेयी, अपाला, रोमशा और लोपामुद्रा निकलेंगी जो भारतीय मनीषा और समाज की श्रेष्ठता को विश्व पटल पर स्थापित करेंगी। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) ने कहा कि आज हम सभी देवभूमि वासियों के लिये सौभाग्य और प्रसन्नता का क्षण है। महामहिम राष्ट्रपति जी की उपस्थिति से आज यह विद्या और ज्ञान का मन्दिर पंतजलि विश्वविद्यालय तथा हमारा पूरा उत्तराखण्ड परिवार गरिमामय हो गया है।

# फेसबुक पर दोस्ती कर विधवा से किया दुराचार

» मदरलैंड संवाददाता

हरिद्वार। फेसबुक पर एक विधवा से दोस्ती के बाद उसे होटल में ले जाकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। वहीं, एक युवती को पानी में बेहोशी की दवा पिलाकर एक युवक ने अपनी हवस का शिकार बना डाला। हरिद्वार और कनखल थाने में दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं। मध्य प्रदेश के नरसिंहगढ़ निवासी 31 वर्षीय महिला ने शिकायत देकर बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। वर्ष 2020 में उसकी दोस्ती फेसबुक पर सहारनपुर के देवबंद कस्बा निवासी संदीप गिरि से हुई थी। आरोपी ने खुद को अविवाहिता बताते हुए पहले फेसबुक मैसेंजर पर और उसके बाद मोबाइल पर बात करनी शुरू कर दी थी। महिला ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है और संदीप ने खुद को अविवाहिता बताया था तो महिला ने उससे बातचीत करनी शुरू कर दी थी। इसके साथ ही संदीप ने उससे शादी का वायदा भी किया था। महिला का आरोप है कि संदीप ने उसे 25 नवंबर को हरिद्वार के एक होटल में ले जाकर शारीरिक शोषण किया। अगले दिन 26 नवंबर को वह हरकी पैड़ी पर उसे छोड़कर चला गया। शहर कोतवाल राकेंद्र कठैत ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। कनखल में एक कालोनी में रहने वाली युवती ने बताया कि दो साल पहले उसके पिता बीमार थे। उनको देखने के लिए गोपाल निवासी गांव जगजीतपुर उनके घर पर आता था, आरोप है कि उसके पिता की मौत से चार दिन पहले आरोपी गोपाल उसके अपने दोस्त जोनू के कमरे पर जगजीतपुर लेकर गया और उसे पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसके बाद आरोपी गोपाल ने उसके उसके साथ दुष्कर्म किया और जोनू ने अश्लील वीडियो बना लिया। आरोप लगाया कि उसकी अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए पिछले दो साल से दोनों उसके साथ दुष्कर्म कर रहे हैं। कनखल थाना प्रभारी दीपक कठैत ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

संक्षिप्त समाचार

## लाडो को घोड़ी पर बैठाकर दिया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश



कृष्ण स्वामी, मदरलैंड संवाददाता, झुंझुनूं। जिले के शीशियां में बेटी बचाओ बेटी बचाओ का संदेश देते हुए ननिहाल वालों ने घोड़ी पर बिठाकर गाजे बाजे के साथ बिन्दौली निकालकर बेटा-बेटी एक समान का संदेश दिया। चौधरी जगराम ने अपनी दोहीती सविता चौधरी की बिन्दौली निकाली।इस मौके पर लड़की के मामा महेंद्र, दिनेश, यशवीर श्योराण, योगेश मामी प्रकाश,ममता, पुनम देवी,सरिता देवी सहित अन्य परिवार के सदस्य थे।

## महात्मा ज्योतिबा फूले की 131वीं पुण्यतिथि मनाई



मदरलैंड संवाददाता, खेतड़ी। कस्बे में महात्मा ज्योतिबा फूले की 131वीं पुण्यतिथि मनाई गई। समाज बंधुओं ने महात्मा ज्योतिबा फूले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद लीलाधर सैनी थे। इस मौके पर सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने सर्वप्रथम देश में अपनी पत्नी सावित्री बाई फुले को शिक्षित कर लड़कियों को पढ़ाने की शुरूआत की थी। इस प्रकार सावित्री फुले राष्ट्र की पहली महिला शिक्षक बनी। उन्होंने कहा कि फूले ने महिला शिक्षा के अलावा बाल-विवाह, विधवा मुंडन आदि कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजकुमार व्यास, पार्षद हरमेंद्र चनानिया, पार्षद राहुल सैनी, मोहम्मद हारूण, सीताराम, शुगनाराम, अब्दुल हमीद सहित कई गणमान्य लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## 51 वें जन्मदिन पर गायों के लिए लगाई सवामणी, दिया दान



होशियार सिंह, मदरलैंड संवाददाता, कनीना। कनीना की श्रीकृष्ण गोशाला प्रांगण में तुलसीराम सोनी ने अपने 51वें जन्मदिन पर गायों के लिए सवामणी लगाई और गायों के लिए दान दिया। तुलसीराम सोनी ने बताया कि उन्होंने 10 कट्टे खल, एक कट्टा दलिया, एक कट्टे मेथी, एक तेल का पीपा तथा 3 किलो देसी घी देकर गुरुवार को गायों को भोजन करवाया। उन्होंने प्रत्येक गौशाला कर्मचारी को सौ- सौ रुपये दान दिये। गौशाला कर्मचारियों के लिए भी भोजन की व्यवस्था की। इस मौके पर गौशाला के प्रधान हुकुमचंद, रामसिंह, धर्मवीर, वेद प्रकाश, लालचंद सोनी, तुलसीराम, आशा देवी, दीपक, दुष्यंत, नवीन, प्रदीप, नेहा, अर्चना देवी, कृष्णा देवी आदि उपस्थित थे।

## जय बाबा दयाल गौशाला में लगाई सवामणी



मदरलैंड संवाददाता, कनीना। उप मण्डल के गांव धनौंदा में ओम प्रकाश कौशिक ने जय बाबा दयाल गौशाला में सवामणी लगाई। इस दौरान ओम प्रकाश कौशिक ने कहा कि गौमाता से प्राप्त दूध, दही, घृत का सेवन करना चाहिए। गाय की सेवा व रक्षा के लिए सबको सजग रहना चाहिए। इस अवसर पर गौशाला प्रधान इंस्पेक्टर पूर्ण सिंह, कोषाध्यक्ष सूबेदार राम कुमार शर्मा, सचिव ठाकुर हरफूल सिंह, सतवीर यादव, डॉ रवि कनीना, डॉ विनोद करीरा, राजेंद्र भारद्वाज पोता, कृष्ण शर्मा धनौंदा, देवेंद्र कौशिक, सेवक राजू, बबलू, पवन सिंह, डॉ राजवीर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सुखबीर सिंह बादल ने उद्योग पति के साथ की मीटिंग सरकार बनने पर सभी हल होगे

» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता




लुधियानाः दुगरी के मेरी लैंड प्लेस में लुधियाना के उद्योग पति के साथ सुखबीर सिंह बादल रूबरू हुए मत्तेवाड़ा जंगल, सतलुज व बुड्ढा दरिया को बचाने के लिए बनी आम लोगों की पब्लिक एक्शन कमेटी ने अब राजनीतिक दलों को घेरना शुरू कर दिया। पब्लिक एक्शन कमेटी ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए ग्रीन मेनिफेस्टो तैयार किया है। जिसमें 38 अलग अलग बिंदू रखे हैं जिससे पर्यावरण को बचाया जा सके। कमेटी अब इस ग्रीन मेनिफेस्टो को अलग अलग राजनीतिक दलों को दे रही है ताकि वह अपने चुनाव घोषणा पत्र में इसे शामिल करें।

कमेटी के सदस्यों ने साफ कर दिया कि जो राजनीतिक दल इसे अपने घोषणा पत्र में शामिल करेंगी और उनकी सरकार बनती है तो उसके बाद उसे लागू भी करें सिर्फ इसे एक कागज का टुक ड़ा समझकर किनारे न करें। रविवार को पीएसी के सदस्य व उद्योगपति गगनीश ने ग्रीन मेनिफेस्टो अकाली दल के प्रधान सुखबीर बादल को सौंपा। सुखबीर बादल ने उन्हें भरोसा दिलाया कि इसे वह अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करेंगे। पीएसी ने साफ कर दिया कि अब राजनीतिक दलों को पर्यावरण अपने चुनाव घोषणा पत्र में शामिल करना होगा।

ग्रीन मेनिफेस्टो में पूरे पंजाब के वातावरण को लेकर 38 प्वाइंट रखे गए हैं। जिसमें सबसे अहम मुद्दा मत्तेवाड़ा के जंगल, सतलुज व बुड्ढा दरिया को बचाने से संबंधित हैं। पीएसी के गगनीश ने अकाली दल के प्रधान सुखबीर बादल को कहा कि सूबे के विकास के लिए इंडस्ट्री का विकास बेहद जरूरी है लेकिन पर्यावरण की सुरक्षा उससे भी जरूरी है। अगर पर्यावरण की सुरक्षा नहीं होती है तो लोग सांस नहीं ले पाएंगे और जहरीला पानी पीकर अपनी जान गंवा देंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार को इंडस्ट्री फर्स्ट इंवायरमेंट मस्ट पर आधारित पालिसी बनानी होगी। गगनीश ने कहा कि बुड्ढा दरिया को नगर निगम, इंडस्ट्री व अन्य कई लोग प्रदूषित कर रहे हैं। नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास से निकलने वाला गंदा पानी इसी दरिया में आएगा। जो कि आगे जाकर सतलुज में गिरेगः-

✲ लघु उद्योग और व्यापार के लिए बनेगा नया मंत्रालय

✲ ईडीसी और रजिस्ट्री शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती

✲ छोटे व्यापारियों के लिए 10-10 लाख रुपये का जीवन, स्वास्थ्य और अग्नि बीमा।

✲ राज्य छोटे व्यापारियों के लिए अंशदान कर पेंशन योजना शुरू करे।

✲ युवा उद्यमियों, विशेष महिलाओं के लिए 5 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण)

✲ उद्योग को पांच रुपये प्रति यूनिट की दर से दी जाने वाली बिजली

✲ राज्य के युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए एक कुशल विश्वविद्यालय की स्थापना।

✲ 25 लाख रुपये से कम के टर्नओवर के लिए कोई किताब नहीं, केवल एकमुश्त शुल्क लिया जाएगा।

✲ अचल संपत्ति क्षेत्र को समयबद्ध मंजूरी जारी करने के लिए पंजाब एजेंसी का निर्माण करें।

✲ ईडीसी और रजिस्ट्री शुल्क आधा किया जाए

✲ राज्य बैंकों के स्वामित्व वाले ब्याज पर 5% सब्सिडी और 50 लाख रुपये तक की कार्यशील पूंजी सीमा पर 5% ब्याज सबवेंशन देगा।

✲ नए उद्यमियों, विशेष महिलाओं को 5 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा

✲ उद्योग को विस्तार के लिए जाने के लिए विशेष प्रोत्साहन, औद्योगिक सम्पदा और केंद्र सरकार से वित्त पोषण के साथ उद्योग संघों द्वारा प्रबंधित किए जाने वाले केंद्र बिंदु।

## जीएसटी देने के बाद डिपार्टमेंट की अनुचित मांग - और दबाव : रामचंद्र तुलसियान




» मदरलैंड संवाददाता

झुंझुनूं। जीएसटी के कई प्रावधानों और वीशसंगतयो से व्यापारी परेशान है इसलिए व्यापारियों की मांग है कि अहित वाले सभी प्रावधानों को हटाया जाए ह्लजीएसटी देने के बाद भी जीएसटी मांगना और दबाव ह्लदेना अनुचित है ह्लकई केस में व्यापारियों को गिरफ्तार भी किया गया है और कोर्ट ने उनको बरी भी कर दिया ह्ल व्यापारी से एक बार टैक्स जमा कराने के बाद फिर से टैक्स नहीं मांगा जाए यदि कोई टेक्निकल दिक्कत है तो उस पर शुल्क लगाया जाए न कि दोबारा डिमांड निकालकर उसे गिरफ्तार किया जाए ह्ल

**इस तरह से व्यापारी परेशान हो रहे हैं**

व्यापारी ने सरकार का आदेश मानते हुए दूसरे रजिस्टर्ड व्यापारी को पैसा दिया है और व्यापारी ने कोई कारण से पैसा जमा नहीं कराया तोडिपार्टमेंट की जिम्मेदारी है, न की पहले व्यापारी की ,इसलिए उसकी रिटर्न फाइल रोकना गलत है, जब एक बार टैक्स का पैसा जमा करा दिया ध्यान रहे उस पैसे को व्यापारी एडजस्ट करता है उसे रोका नहीं जाए ना हीदोबारामांगाजाए ,क्योंकि देरी से सरकार ब्याज लेती है रिटर्न फाइल जमा नहीं होने से व्यापारी का जीएसटी नंबर रद्द भी हो सकता है इस वजह से व्यापारी को डिपार्टमेंट का चक्कर काटना पड़ता है इसलिए व्यापारियों का कहना है देरी से भुगतान पर ब्याज दर 18% से घटाकर 9% किया जाए ह्ल क्योंकि यह दर उस समय की है जब डिपॉजिट पर 14 या 15 परसेंट ब्याज देते थे आज विभाग 5 प्रतिशत ब्याज देता है जीएसटी कानून में कई खामियां है जिसमें कई बार संशोधन भी हुआ इसमें और संशोधन की भी जरूरत ह ह्ल उद्योगपति और व्यापारी करदाता है तथा रोजगार भी देता है ,व्यापारी देश की वित्तीय व्यवस्था की रीढ़ है, उसे उचित सम्मान मिलना चाहिए इसलिए मेरा कहना है की उसे ज्यादा परेशान नहीं किया जाए।

## रेडक्रॉस सोसायटी में तीन दिसम्बर को दिव्यांग दिवस पर लगेगा शिविर



» सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव डीआर शर्मा एवं उपायुक्त डा. यश गर्ग के दिशा-निर्देशन में तीन दिसम्बर को दिव्यांग दिवस के अवसर पर चंदन नगर स्थित जिला रेडक्रॉस सोसायटी परिसर में दिव्यांगों के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में उनकी जांच के साथ कृत्रिम उपकरण भी वितरित किए जाएंगे। शिविर का शुभारंभ उपायुक्त एवं रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष डा. यश गर्ग करेंगे। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि इस शिविर में किसी भी श्रेणी के दिव्यांग हिस्सा ले सकते हैं। सभी की जांच के साथ उन्हें कृत्रिम उपकरण दिए जाएंगे। व्हील चेयर, कान की मशीन, तिपहिया साइकिल, बैसाखी आदि उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। यह कैंप निशुल्क रहेगा। ना ही किसी उपकरण के पैसे लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि श्रमिकों, मजदूरों, दिव्यांगों और गरीबों को राहत सामग्री वितरित की जाएगी। उप-सचिव सुभाष सोसायटी की पूरी टीम के साथ चंदन नगर सोसायटी परिसर में कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हैं।

सचिव विकास कुमार का कहना है कि कोई भी जरूरतमंद दिव्यांग सुविधाओं से वंचित ना रहे, यही प्रयास सोसायटी द्वारा सदैव किए जाते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक दिव्यांगों को इस शिविर तक पहुंचाने में सहयोग करें, ताकि उन्हें सुविधाएं दी जा सकें। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी सदा ही समाजहित में कार्यरत रहती है।

# जस्ट चाय चावला चिकन की तरफ से अपना नया ब्रांड लांच किया गया




- 60 प्रकार की मिलेगी चाय..... नैंसी चावला
- फिल्मी एक्ट्रेस सोनिया मान ने किया उद्घाटन

» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता

मोहालीः जस्ट चाय आउटलेट अमृतसर के आज मोहाली में ओपन हुआ है जिसका उद्घाटन फिल्मी एक्ट्रेस और सोनिया मान की तरफ से किया गया लुधियाना के सबसे मशहूर और पुराने चावला चिकन ने लोगो की पसंद और डिमांड को डिमांड को देखते हुए जस्ट चाय का आउटलेट शुरू किया है एम दिवजोत चावला और नैंसी चावला ने बताया कि 60 तरह की स्पेशल चाय तैयार की जाती है जनता की डिमांड को देखते हुए डाइट के लिए स्पेशल ग्रीनटी बनाई गई है एक टेबल पर बैठ कर लोग चाय पीते पीते अपनी गप शप कर सके चिकन की डिश में तो चावला नंबर वन है अब बर्गर और पिज्जा मे भी स्पेशल फूड लेकर आए है एक्टर सोनिया मान ने कहा कि चावला के फूड का पूरे पंजाब में नाम है आज उनके आउटलेट का उद्घाटन करते हुए बड़ा गर्व महसूस किया कि इलेक्शन के बारे में बात करते हुए कहा कि वह चुनाव जरूर लड़ेंगे लेकिन किस पार्टी से और कहां से इसका भी कुछ कहा नहीं जा सकता चावला चिकन की तरफ से चावला चिकन के मालिक दिवजोत और उनकी पत्नी नैंसी चावला की तरफ से बताया गया कि हम यह चाहिए वाइन और बहुत सारे हरवज के साथ बनाते है यह ट्राईसिटी में अपनी तरफ का एक अनोखा और पहला आउटलट है जहां पर लोगों को चाय के साथ साथ पिज्जा बर्गर न्यूडल्स और भी बहुत कुछ खाने के लिए मिलेगा इस अवसर पर उन्होंने एक्टर सोनिया मान का स्वागत फूलो के गुलदस्ते से किया।

# लुधियाना पुलिस ने बच्चे को अगवा करने के आरोप में दंपत्ति को किया गिरफ्तार बच्चे को सुरक्षित माता-पिता की गोद में दिया

### पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए तीन राज्यों में 750 किलोमीटर का सफर तय किया

» मदरलैंड संवाददाता



लुधियानाः कमिश्नरेट पुलिस ने उत्तर प्रदेश के एक दंपति को आठ दिनों तक तीन राज्यों में 760 किलोमीटर पीछा करने के बाद स्थानीय ग्रीनलैंड स्कूल के पास एक झोंपड़ी से चार महीने के बच्चे का अपहरण करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को उत्तर प्रदेश के लखीमपुर जिले के गांव कानप निवासी अवधेश कुमार और उनकी पत्नी जूही को गिरफ्तार किया गया है। अधिक जानकारी का खुलासा करते हुए, पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि 19 नवंबर को ग्रीनलैंड स्कूल के पास झोंपड़ी में रहने वाली रूपा देवी ने पुलिस से शिकायत की कि एक नकाबपोश व्यक्ति उसके पास आया और कहा कि वह शाम 7 बजे के आसपास उसके बच्चों के लिए गर्म कपड़े दान करना चाहता है। उस व्यक्ति ने देवी से पूछा कि उसकी पत्नी गर्म कपड़ों के साथ सड़क के पास खड़ी कार में बैठी है और उसे चार महीने के बच्चे राम के साथ कार में चलने के लिए कहा ताकि वे उसे बच्चों के लिए गर्म कपड़े दे सकें। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जैसे ही वह अपने बच्चे के साथ कार के पास पहुंची, एक महिला जिसने अपना चेहरा ढका हुआ था, बच्चे को जबरन दूसरी तरफ धक्का देकर ले गई और कार में भाग गई। सीपी ने कहा कि शिकायत के बाद, पुलिस ने जांच शुरू की और पास के सीसीटीवी कैमरों को स्कैन किया। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी में कैद कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर पुलिस रिजक पाल सिंह के घर पहुंची, जिसने पुलिस को बताया कि उसने कुछ महीने पहले अपनी कार अवदेश सिंह को बेच दी थी।

भुल्लर ने बताया कि जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपियों का उत्तर प्रदेश तक पीछा किया और स्थानीय पुलिस की मदद से उनके घर पर छापेमारी की लेकिन वे फरार हो गए. उन्होंने बताया कि बाद में पुलिस ने दोनों आरोपियों को नेपाल सीमा के पास से दबोच लिया और बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ सलेम तारबी थाने में आईपीसी की धारा 363,365 और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## गाजर के भाव गिरने से किसान परेशान

» मदरलैंड संवाददाता



कनीना। गाजर के भाव दीपावली के बाद तक बेहतर मिलने के पश्चात अब दिनों दिन घटते जा रहे हं जिसके चलते किसान परेशान हैं। किसानों ने बड़े उत्साह के साथ गाजर उगाई थी जो दीपावली पर 45 रुपये किलो तक गाजर के भाव मिले थे किंतु वर्तमान में थोक भाव 7 से 8 रुपये प्रति किलो हैं जिसके चलते किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। किसान महाबीर, गजराज सिंह, महेश कुमार आदि ने बताया कि उन्होंने एक-एक एकड़ में गाजर की काश्त की थी। दीपावली पर जहां 30 रुपये किलो तक भाव मिले जबकि दीपावली के बाद तक भी 45 रुपये किलो तक भाव आ गये थे। अब प्याज के भाव में भी गिरावट आ गई और गाजर के भाव तो ज्यादा गिर गये हैं।

उन्होंने बताया कि खुदाई का खर्चा ज्यादा आता है। किसानों ने बताया कि इस भाव में बेचने की बजाय खोदाई ही बंद कर दी है। भाव बेहतर होने पर खोदाई कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि किसान की सबसे बड़ी समस्या सब्जी उगाने में आती है, कभी भाव बहुत अच्छे मिलते हैं तो कभी भाव कम मिलते हैं। किसान अच्छे भाव का इंतजार कर रहे हैं।

# विरासत दिवस के लिए पीले चावल देकर दिया जाएगा निमंत्रण

### 12 दिसंबर को स्वामी विवेकानंद की होगी यादें ताजा

» नरेन्द्र स्वामी, मदरलैंड संवाददाता



खेतड़ी। रामकृष्ण मिशन विवेकानंद स्मृति मंदिर में रविवार को विरासत दिवस कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद लीलाधर सैनी थे। अध्यक्षता सचिव स्वामी आत्म निष्ठानंद महाराज ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वीपीएस संचालक अशोक सिंह शेखावत, डा.राघवेन्द्र पाल, प्रदीप कुमार सुरोलिया, श्रवणदत नारनोलिया तथा रमाकांत वर्मा थे। बैठक के दौरान 12 दिसंबर को 11वां विरासत दिवस रामकृष्ण मिशन विवेकानन्द स्मृति मंदिर खेतड़ी तथा नगर पालिका मण्डल खेतड़ी के संयुक्त सौजन्य से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रभात फेरी, लाईट एण्ड साऊण्ड शो, जीवंत शोभा यात्रा, स्वामीजी का नागरिक अभिनन्दन तथा सांस्कृतिक संध्या के आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप देते हुए कार्यकताओं को जिम्मेदारियाँ सौंपी गई। विरासत दिवस के अवसर पर देश के प्रसिद्ध कलाकार सांस्कृतिक कला की छवि बिखेरेगें। विरासत दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभात फेरी के साथ किया जाएंगा। कार्यक्रम समन्वयक का दायित्व गोपाल कृष्ण शर्मा तथा अशोक सिंह शेखावत को सौपा गया। पार्षद लीलाधर सैनी ने कहा कि खेतड़ी देश की महान विरासत है। इसके गौरव को बढ़ाने में सभी को योगदान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि विरासत दिवस के अवसर पर इस बार आर्मी बैंड को बुलाने का प्रयास किया जाएंगा जिससे विरासत दिवस समारोह में चार चांद लग सके। साथ ही कहा कि विरासत दिवस पर खेतड़ी के सभी लोगों को जोडने का प्रयास भी किया जाएंगा जिसके लिए सभी वार्डो के पार्षदों को पीले चावल देकर घर घर निमंत्रण देने की जिम्मेदारी सौंपी जाएंगी। स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द के शिकागों सर्वधर्म महासभा से खेतड़ी लौटने पर किये गये नागरिक अमिनन्दन की स्मृति में खेतड़ी विरासत दिवस मनाया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग भाग लेते है।इस अवसर पर मुख्यअतिथि लीलाधर सैनी को स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा देकर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान खेतड़ी विरासत समिति के पूर्व कार्यकर्ता व शिक्षाविद् बजरंग लाल शर्मा को दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजली दी गई। इस मौके पर डा. राघवेंद्रपाल, प्रदीप सुरोलिया, श्रवण दत्त नारनौलिया, चेतना शर्मा, पार्षद हरमेंद्र चनानियां, राहुल सैनी, हरमेंद्र सैनी, चन्द्र मोहन सैनी, गोपाल सैनी, सुधीर कुमार, मोहित, राहुल शर्मा, मोहित, लोकेश, उमाशंकर, ओमप्रकाश सहित कई स्वयं सेवक मौजूद थे।

## पूर्व विधायक द्वारा मुख्यमंत्री के सामने बिजली व पुलिस महकमें में फैले भ्रष्टाचार की आवाज उठाने से महकमों में खलबली मची

» मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। मुख्यमंत्री की नूंह जिल के गांव महूं चौपडा में शनिवार को आयोजित विकास रैली के दौरान रैली के आयोजक व पूर्व विधायक नसीम अहमद द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस व बिजली विभाग में कथिततौर से फैले व्यापक भ्रष्टाचार के आरोपों के दौरान रैली में पहुंचे लोगों द्वारा जिला में अन्य महकमों में फैले भ्रष्टाचार के आरोप भले ही मुख्यमंत्री के मंच तक नहीं पहुंच सके लेकिन पूर्व विधायक के जिक्र के बाद मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में 5 वर्ष से अधिक समय तक यहां पुलिस में टिके अधिकारियों-कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से तब्दील करने के निर्देश दिये हैं। जबकि बिजली व अन्य महकमों में व्यापक फैले भ्रष्टाचार की किसी भी तरह का कोई जिक्र न करने से पार्टी के कार्यकताओं के चेहरें पर मायूसी झलक रही थी।

वहीं, दूसरी तरफ मुख्यमंत्री के ऐलान के बाद पुलिस महकमें में खलबली सी मची हैं, जिला में लम्बे समय से टिके पुलिस अधिकारी-कर्मचारी अपनी तैनाती को लेकर शासन-प्रशासन के यहां गोटिया फिट करने की कवायद शुरू कर दिये हैं। जबकि लोगों का कहना है कि जिला के बिजली व अन्य महकमों में वर्षों से कुण्डली मार कर बैठे अधिकारियों व उनके कर्मचारियों को भी यहां से बाहर का रास्ता दिखाकर मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार की जीरों टोलरेंस की नीति को पलीता लगा रहे अधिकारियों व कर्मचारियों को इससे सबक मिल सके।

अखिल भारतीय शहीदाने मेवात सभा के जिला अध्यक्ष काले खान, आमडा के महासचिव वेदप्रकाश, आरटीआई कार्यकर्ता राजीव गर्ग, सामाजिक नेता डॉ. यशवीर सिंह, मास्टर किशन कुमार, सुमित अदलखा, साहिल खेडा, राजू कटारिया, समयचंद आदि ने कहा कि जिला के अधिकांश सरकारी कार्यालयो में भ्रष्टाचार सुरसा की तरह फैला हुआ है और यहां वर्षों से कुण्डली मारे बैठे अधिकारी सत्ता पक्ष से कथिततौर से सेटिंग -गेटिंग कर अपनी सीट सुरक्षित करते आ रहे हैं।

हैरत की बात देखने को यह मिल रही है कि लोक परिवाद की मासिक बैठकों व जिला के जनता दरबार में उनकी की जा रही शिकायतें भी बेअसर साबित हो रही हैं। देखना, अब यह होगा कि मुख्यमंत्री द्वारा मंच के माध्यम से ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए दिये गये भरोसे पर निगाहे टिकी हैं।

इस बारे में जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने माना कि महुं चौपडा विकास रैली के दौरान पूर्व विधायक ने मंच के माध्यम से पुलिस व बिजली महकमें में फैले भ्रष्टाचार की शिकायत की थी और साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री ने इस पर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# श्रीरामकथा के अल्पज्ञात दुर्लभ प्रसंग



डॉ. नरेन्द्रकुमार मेहता

मैथिली रामायण चन्द्रा झा कृत में श्रीराम से युद्ध में विजय प्राप्ति हेतु शुक्राचार्य की रावण को मंत्र दीक्षा

भारत में अतीत तक सम्पूर्ण उत्तर भारत की एक ही भाषा थी। आज भी वैसा ही है। समय के चक्र के साथ धीरे-धीरे वैभाषिक अन्तर बढ़ते गए और आज से लगभग हजार वर्ष पहले आधुनिक स्थानीय भाषाओं का उद्भव एवं विकास हुआ। बिहार राज्य के पूर्वोत्तर कोने में गंगा, गंडक और कोसी नदियों से घिरे विशाल क्षेत्र की भाषा मैथिली है। इसी मैथिली भाषा में कवीश्वर श्री चन्द्रा झा ने मैथिली रामायण की रचना कर इस भाषा के श्रेष्ठतम रचयिता के रूप में ख्याति प्राप्त की है। मैथिली भाषा की अपनी एक अलग लिपि है जो ह्यतिरहुताज् मिथिलाक्षर या मैथिली लिपि कहलाती है। इसकी लिपि पर बंगला भाषा का आभास प्रतीत होता है क्योंकि बंगला भाषा की तरह यह भी कोण बहुल है, जबकि देवनागरी भाषा वृत्तबहुल है। चन्द्रा झा ने अपनी इस रामायण का आधार अध्यात्म रामायण बनाया तथा कई प्रसंगों में गो. तुलसीदासजी कृत श्रीरामचरितमानस को भी ग्रहण कर रचना की है। चन्द्रा झा मैथिली भाषा जगत के प्रकाश स्तम्भ के रूप में आज भी प्रसिद्ध है।

प्रस्तुत प्रसंग इस मैथिली रामायण की विशेषताओं में से एक है। अतः अल्पज्ञात होने से सुधीजनों के भक्ति ज्ञान आदि हेतु दिया जा रहा है। लंकाकांड के अध्याय दस में इसका अपूर्व उल्लेख है। लक्ष्मणजी द्वारा मेघनाद का वध कर दिया जाता है तब रावण ने मन से हार मान ली। किन्तु उसका अहंकारी स्वभाव नहीं हारा तब-

शुक्रक निकट गेला अति दीन। बद्धाञ्जलि राजस रस हीन।।
शुक्र पुच्छल कहु नृप लंकेश। कोन हेतु अयलहुँ एहि देश।।
शर-जर्ज्जर अतिकृशतर काय। कियक रहत अछिवदन सुखाय।।
कयल प्रणाम विनत शत बार। कहल दशानन शोक अपार।।
(चन्द्र झा कृत मैथिली रामायण युद्धकाण्ड अध्याय १०-३-४-५-६)

इस कारण वह अत्यन्त ही दीन होकर, राज्य के सुख से विरक्त हो हाथ जोड़कर राक्षसों के कुल गुरु शुक्राचार्य के पास गया। शुक्राचार्य ने उससे पूछा, ह्यकहिए लंकेश रावण, आप मेरे यहाँ किस प्रयोजन से पधारे? आपका शरीर तो श्रीराम के तीरों से क्षत-विक्षत हो गया है। आप अत्यन्त ही क्षीणकाय हो गए हैं। आप का मुख क्यों सुख रहा है? अत्यन्त ही विनयपूर्वक सौ बार प्रणाम करके रावण ने अपने अपार दुःख का वृत्तान्त सुनाया और कहा अभी तो एकमात्र यह बात कहनी है कि अब राक्षसों का वंश नहीं बचने वाला है। मैं युद्ध करते-करते थक गया हूँ। अब मुझे जीवित रहने का कोई मार्ग दिखाई नहीं दे रहा है। श्रीराम अब राक्षसों के लिए यम बनकर आ गए हैं। आपकी उपस्थिति में राक्षसों की पराजय हो रही है। यह बड़े आश्चर्य की बात है। यह सुनकर शुक्राचार्य ने रावण से कहा कि मैं तुम्हें एक मन्त्र देता हूँ। यदि यह मन्त्र तुमने सिद्ध कर लिया तो तुम इस कष्ट और चिन्ता से मुक्त हो जाओगे। इसके बाद यम का दूत तो क्या इन्द्र भी तुम्हारा कुछ बिगाड़ नहीं कर सकेंगे। आप गुप्त रूप से जाकर ऐसा हवन कुण्ड तैयार करो कि वानरों एवं देवताओं को इसका पता नहीं चलना चाहिए।

होमकुण्ड आगिक उठ वाह। तेहि सौ उतपति रथ रथवाह।।
नाना अस्त्र शस्त्र बहराय। तखन चलब रण-ध्वज फहराय।।
अजर अमर रह गय सभ काल। करु गय दीक्षा विधि प्रतिपाल।।
(चन्दा झा कृत मैथिली रामायण लंकाकाण्ड अध्याय १०-१४-१५-१६)

शुक्राचार्य ने रावण से कहा कि इस हवन कुण्ड से आग की ज्वाला निकलेगी, उससे एक रथ और एक सारथि भी उत्पन्न होगा। तरह-तरह के अस्त्र-शस्त्र भी निकलेंगे। तब आप श्रीराम से युद्ध करने के लिए निकल पड़ना। आप चलते समय अपनी ध्वजा फहराते चलोगे। साथ ही साथ इसके प्रभाव से तुम सदा अजर-अमर रहोगे। अब दीक्षा का विधान पूरा करो। याद रहे कि बीच में कोई विघ्न न पड़े क्योंकि शत्रु सदा सचेत होकर घात लगाए रहते हैं। भगवान विष्णु ने स्वयं वामन-रूप धारण करके बलि जैसे राजा को धोखा दिया। बलि के हित करने में मेरी एक आँख चली गई। मंत्र शक्ति को गुप्त तथा सुरक्षित रखना कठिन होता है। जिन्होंने मत्स्य अवतार लिया वही भगवान् विष्णु अब राम के रूप में अवतीर्ण हुए हैं। रावण ने हवन की विधि एवं मंत्र भलिभाँति समझकर शुक्राचार्य से दीक्षा प्राप्त कर ली। रावण ने महल में पाताल जैसी एक गुहा बनाई। लंका के सब द्वार बंदकर हवन सामग्री एकत्रित की। रावण ने मौन धारण करके आसन पर अटल होकर संयमपूर्वक बैठकर यज्ञ आरम्भ किया।

विभीषण ने रावण के राजमहल से धुआं देखा, जो निरन्तर आकाश में फैल रहा था। विभीषण ने श्रीराम से कहा- हे राम! यह धुआँ देखिये जो सूरज और चाँद को छू रहा है। यदि रावण विधिपूर्वक यह हवन पूर्ण कर लेगा तो वास्तव में अजर-अमर हो जाएगा। हे प्रभु जल्दी इसका प्रतिकार कीजिए। यदि रावण को सिद्धि प्राप्त हो गई तो बड़ा अनर्थ हो जाएगा। यह सुन एवं देखकर श्रीराम ने अंगद से कहा हे अंगद और हनुमान् आप सदल बल प्रयाण कीजिए। आप लंका में जाकर इस हवन में विघ्न कीजिए। बस फिर क्या था? दस करोड़ वानरों ने लंका की चहारदीवारियों को लांघ कर रावण के महल में प्रवेश किया। हजारों घोड़ों-हाथियों को पटक-पटककर मार डाला। उसी समय विभीषण की पत्नी सरमा ने रावण की गुप्त गुहा का गुप्तद्वार दिखा दिया। अंगद ने गुहा के द्वार पर रक्खे बड़े भारी पत्थर को पाँव के धक्के मारकर चकनाचूर कर दिया। अंगद ने वानरों को हल्ला मचा कर रावण के ध्यान को भंग करने का कहा। रावण मौन अटल आसन में बैठा था। वानरों ने रावण के अनेक सेवकों को पीटा तथा हवन में सहायता करने वाले जो पुरोहित थे, उन्हें तो हवन कुण्ड में ही झोंक दिया। रावण के पास से यज्ञ का स्त्रुवा खींच लिया। इधर हनुमानजी ने रावण को स्त्रुवा से पीटना आरम्भ कर दिया। रावण टस से मस नहीं हुआ।

अंगद रनिवास में जाकर परिजन सहित मन्दोदरी को पकड़ लाए। वहाँ वे उसे चोटी पकड़कर घसीटने लगे। कपड़ों को फाड़-फाड़कर जाल सा बना दिया, फिर भी रावण का ध्यान न टूटा। मन्दोदरी बिलख-बिलखकर रोने लगी- हा पुत्र मेघनाद तुम कहाँ गए? तुम्हारे बिना इतनी बड़ी दुर्दशा भुगतनी पड़ रही है। विधि विडम्बना है। सुनिये हे प्राणनाथ! इतनी सारी विपत्तियाँ भुगतनी पड़ी, अब भी आपको यह सब देखकर लाज-शर्म नहीं आ रही है क्या? उठिए-उठिए जाकर लड़ाई कीजिए। घर में घुसकर बैठने से क्या होगा? अब यहाँ शुक्राचार्य का मंत्र सफल नहीं होगा। मन्दोदरी का यह विलापभरा वचन रावण सहन नहीं कर सका। बस फिर बीसों हाथों में तलवार लेकर कपियों को मारने उठ खड़ा हो चल पड़ा। अंगद ने तलवार के वार को बर्दाश्त कर लिया और हवन में विघ्न करके सभी हँसकर चल दिए। कपि हवन को विध्वंस कर श्रीराम के पास पहुँच गए।

देखल प्राण प्रिया लंकेश। लगला करय ज्ञान उपदेश।।
रावण भवन भालुकपि आब। ई सभ जानब बालस्वभाव।।
यम जेहिनगर पयर नहिदेथि। कुशलक्षेम सीमहि बुझि लेथि।।
जिवयित की नहि देखी आँखि। लीलय कर बप्राण धन राखि।।
प्राणप्रिया परिहरूमन शोक। सकल विनाशि दृश्य अछि लोक।
जत हम हम तत दुःख अपार। जत निर्म्मम तत दुःख उधार।।
(चन्द्रा झा कृत मैथिलीरामायण लंकाकाण्ड अध्याय १०-५७ से ६२)

उधर रावण ने अपनी पत्नी मंदोदरी को देखा और उसे ज्ञान का उपदेश देने लगा। रावण के महल में भालु और वानर आए। यह सब काल का संकेत है। इस नगर में तो यमराज भी कदम नहीं रख सकते थे। सीमा के पार से ही कुशल मंगल जानकर चले जाते थे। कहावत है कि जियें तो क्या-क्या न देख। जब जीवन और धन रखकर क्या करूँगा। हे प्यारी! मन में शोक मत करो। इस संसार में जो कुछ दीख पड़ता है सब विनाशी है। जितनी ही मैं-मैं की भावना होगी, उतना ही अधिक दुःख उठाना पड़ेगा और ममता जितनी घटती जाएगी, उतना दुःख से उद्धार होता जाएगा।

## संपादकीय



### कानून केंद्र का जबाबदारी राज्य की ?

केंद्र सरकार ने मृतक किसानों को मुआवजा देने तथा तीन कृषि कानून के खिलाफ आंदोलन के दौरान, किसानों के उपर अपराधिक मामलों को खत्म करने का ठीकरा, राज्य सरकारों के सिर पर फोड़कर अपने दायित्व से बचने का प्रयास किया जा रहा है। इससे राज्य सरकारों एवं केंद्र सरकार के बीच तल्खी दिखने लगी है। केंद्र सरकार ने 3 कृषि कानूनों को बनाया था। केंद्र सरकार के कानूनों का पालन कराना राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। कानून-व्यवस्था बनाए रखना भी राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। केंद्र सरकार के बनाए गए कानूनों के कारण पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश राजस्थान सहित कई राज्यों में केंद्र सरकार के कानूनों के खिलाफ किसानों ने आंदोलन किए। शांतिपूर्ण आंदोलन के दौरान ठंड, गर्मी और वारिश में सैकड़ों किसानों की मौत आंदोलन के दौरान हुई। लखीमपुरखीरी में तो प्रदर्शनकारी किसानों को रौद दिया गया। किसानों के आंदोलन को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकारों को बल प्रयोग करना पड़े। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य सरकारों को प्रतिबंध कानून लागू करना पड़ा। प्रतिबंधित कानूनों का उल्लघंन करने पर किसानों के उपर अपराधिक मामलें कई राज्यों में दर्ज किए गए हैं। लगभग एक वर्ष बाद केंद्र सरकार, किसानों के आंदोलन को देखते हुए तीनों कृषि कानूनों को खत्म कर रही है। एसी स्थिति में आंदोलन के दौरान जिन किसानों की मौत हुई है। उन किसानों के परिवारों को मुआबजा की राशि केंद्र सरकार को देना चाहिए। यह आंदोलन कई राज्यों में फैला था। अपराधिक मामले भी किसानों के खिलाफ कई राज्यों में दर्ज है। ऐसी स्थिति में केंद्र सरकार को समान मुआवजा देने तथा अपराधिक मामलों को वापिस लेने की पहल करना चाहिए। केंद्र सरकार राज्यों के उपर जिम्मेदारी डालकर अपने दायित्वों से बचने का प्रयास कर रही है। इससे किसान संगठनों की नाराजी स्पष्ट रुप से देखने को मिलने लगी है। वहीं राज्य सरकारें भी केंद्र के पल्ला झाड़ लेने से नाराजी व्यक्त कर रही है। केंद्र सरकार को इस संवेदनशील मुद्दे पर गंभीरता के साथ निर्णय लेना चाहिए। किसानों को सरकारों की कथनी-करनी में विश्वास नहीं रहा। ऐसी स्थिति में केंद्र सरकार को अपनी साख और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए किसानों का विश्वास जीतने तथा सभी राज्य सरकारों से समन्वय बनाने का प्रयास करना चाहिए।

# दुनियाभर में फिर से रूप बदल कर पाँव पसार रहा है कोविड-19, भारत को सतर्क रहना जरूरी

» नीरज कुमार दुबे

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि आसानी से फैलने वाला डेल्टा स्वरूप वैश्विक स्तर पर कोरोना वायरस का प्रमुख स्वरूप बना हुआ है। पिछले सप्ताह सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटाबेस पर अपलोड 840,000 से अधिक जीनोम अनुक्रमण मामलों में से करीब 99.8 प्रतिशत मामले डेल्टा स्वरूप के थे। म्यू, लैम्ब्डा और गामा सहित कोरोना वायरस के अन्य स्वरूपों का योगदान एक प्रतिशत से भी कम है। हालांकि, लातिन अमेरिका में नमूनों के जीनोम अनुक्रमण में इन स्वरूपों का बड़ा अनुपात है। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन के यूरोप कार्यालय ने कहा है कि पूवार्नुमानों के मुताबिक इस महाद्वीप के 53 देशों में अगले वसंत तक कोरोना वायरस महामारी से सात लाख और लोगों की मृत्यु हो सकती है, जिससे संक्रमण से मौत के कुल मामले 20 लाख से अधिक हो सकते हैं।

भारत में भले कोरोना की चाल कुछ धीमी पड़ी हो लेकिन यह खत्म नहीं हुआ है यूरोपीय देशों में तो इसका कहर जारी है और जिस तरह दक्षिण अफ्रीका में कोरोना के नये वैरिएंट का पता चला है उसको देखते हुए भारत में भी चिंता व्यक्त की जा रही है। केंद्र ने तो सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग और बोत्सवाना से आने वाले या इन देशों के रास्ते आने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की कड़ी स्क्रीनिंग और जांच की जाए क्योंकि इन देशों में कोविड-19 के गंभीर जनस्वास्थ्य प्रभावों वाले नये स्वरूप सामने आने की सूचना है।

**दक्षिण अफ्रीका की स्थिति**

दक्षिण अफ्रीका की बात करें तो वहां कोरोना वायरस के एक नए स्वरूप का पता लगा है जिससे अधिक तेजी से संक्रमण फैलने की आशंका है और अधिकारियों ने इससे जुड़े 22 मामलों की पुष्टि की है। इंपीरियल कॉलेज लंदन के विषाणु विज्ञानी डॉ. टॉम पीकॉक ने इस सप्ताह की शुरूआत में अपने ट्विटर अकाउंट पर वायरस के नए स्वरूप (बी.1.1.529) का विवरण पोस्ट किया था। उसके बाद वैज्ञानिक इस स्वरूप पर गौर कर रहे हैं। हालांकि ब्रिटेन में इसे चिंता पैदा करने वाले स्वरूप की श्रेणी में अभी औपचारिक रूप से वगीर्कृत नहीं किया गया है। दुनिया भर के वैज्ञानिक तेजी से फैलने के संकेतों के लिए नए स्वरूप पर अब गौर करेंगे। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान- नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर कम्युनिकेबल डिजीज (एनआईसीडी) ने पुष्टि की कि दक्षिण अफ्रीका में बी.1.1.529 का पता चला है और जीनोम अनुक्रमण के बाद बी.1.1.529 के 22 मामलों की पुष्टि हुयी है। एनआईसीडी के कार्यवाहक कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर एड्रियन प्यूरेन ने कहा, ह्यइसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है कि दक्षिण अफ्रीका में एक नए स्वरूप का पता चला है... हालांकि आंकड़े अभी सीमित हैं, हमारे विशेषज्ञ नए स्वरूप को समझने के लिए सभी स्थापित निगरानी प्रणालियों के साथ लगातार काम कर रहे हैं'

**डब्ल्यूएचओ का क्या कहना है?**

दूसरी ओर, विश्वस्वास्थ्यसंगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि पिछले सप्ताह यूरोप में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई और दुनिया का यह एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जहां कोविड-19 के मामले अक्टूबर के मध्य से लगातार बढ़ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने महामारी को लेकर अपने साप्ताहिक मूल्यांकन में कहा कि वैश्विक स्तर पर संक्रमण के मामलों और मौतों में लगभग छह प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले सप्ताह संक्रमण के लगभग 36 लाख मामले आए तथा 51,000 लोगों की मौतें हुईं। डब्ल्यूएचओ के यूरोप के निदेशक डॉ. हैंस क्लूज ने आगाह किया है कि जल्द एहतियाती कदम नहीं उठाए गए तो महाद्वीप में वसंत के मौसम तक 700,000 और मौतें हो सकती हैं। क्लूज ने कहा, 'यूरोपीय क्षेत्र कोविड-19 महामारी की मजबूत गिरफ्त में बना हुआ है।' उन्होंने देशों से टीकाकरण बढ़ाने और 'लॉकडाउन के अंतिम उपाय' से बचने के लिए मास्क लगाने तथा सामाजिक दूरी जैसे अन्य उपाय का पालन करने का आह्वान किया।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि आसानी से फैलने वाला डेल्टा स्वरूप वैश्विक स्तर पर कोरोना वायरस का प्रमुख स्वरूप बना हुआ है। पिछले सप्ताह सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटाबेस पर अपलोड 840,000 से अधिक जीनोम अनुक्रमण मामलों में से करीब 99.8 प्रतिशत मामले डेल्टा स्वरूप के थे। म्यू, लैम्ब्डा और गामा सहित कोरोना वायरस के अन्य स्वरूपों का योगदान एक प्रतिशत से भी कम है। हालांकि, लातिन अमेरिका में नमूनों के जीनोम अनुक्रमण में इन स्वरूपों का बड़ा अनुपात है। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन के यूरोप कार्यालय ने कहा है कि पूवार्नुमानों के मुताबिक इस महाद्वीप के 53 देशों में अगले वसंत तक कोरोना वायरस महामारी से सात लाख और लोगों की मृत्यु हो सकती है, जिससे संक्रमण से मौत के कुल मामले 20 लाख से अधिक हो सकते हैं।

**बच्चों के लिए टीके को मंजूरी**

इस बीच एक बड़ी खबर आई है कि यूरोपीय संघ (ईयू) के औषधि नियामक ने पांच से 11 साल के बच्चों के लिए फाइजर कंपनी के कोविड-19 रोधी टीके को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही यूरोप में कोरोना वायरस के नए मामलों में वृद्धि के बीच लाखों स्कूली बच्चों के टीकाकरण का रास्ता साफ हो गया। हम आपको बता दें कि यह पहला मौका है जब यूरोपियन मेडिसिन एजेंसी ने बच्चों के टीकाकरण के लिए किसी कोविड टीके को मंजूरी दी है। एजेंसी ने कहा कि उसने पांच से 11 वर्ष की आयु के बच्चों के टीकाकरण के लिए कोविड-19 टीके 'कॉमिरनेटी' को मंजूरी दी है।

**इटली का हाल**

वहीं अगर इटली की बात करें तो वहां की सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने और अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए उन लोगों पर कुछ पाबंदियां लगाने का फैसला किया है, जिन्होंने अभी तक कोविड-19 रोधी टीके नहीं लगवाए हैं। नए दिशानिर्देशों के अनुसार, छह दिसंबर से रेस्तरां में भोजन करने, सिनेमा घर जाने या किसी खेल प्रतियोगिता देखने जाने के लिए लोगों को कोविड-19 से हाल ही में उबरने का या टीकाकरण का प्रमाणपत्र दिखाना होगा। इटली में नए नियमों के तहत कानून प्रवर्तन, सैन्य तथा सभी स्कूली कर्मचारियों के लिए टीकाकरण अनिवार्य कर दिया गया है। इससे पहले टीकाकरण केवल स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए अनिवार्य था।

**जर्मनी में कोरोना का कहर**

बात अगर जर्मनी की करें तो इस देश में कोविड-19 महामारी की शुरूआत से अब तक एक लाख से अधिक लोग कोरोना वायरस संक्रमण से जान गंवा चुके हैं तथा यूरोप में रूस, ब्रिटेन, इटली और फ्रांस के बाद इस सूची में शामिल होने वाला वह पांचवां देश बन गया है। जर्मनी की रोग नियंत्रण एजेंसी ने बताया कि पिछले 24 घंटे में संक्रमण से 351 लोगों की मौत के बाद देश में महामारी से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 100,119 हो गयी है। जर्मनी से पहले यूरोप में रूस, ब्रिटेन, इटली और फ्रांस में कोविड-19 से एक लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। जर्मनी के अस्पतालों ने कहा है कि सघन देखभाल कक्ष यानि आईसीयू में अब कोई बिस्तर खाली नहीं हैं और देश के दक्षिण तथा पूर्व के कुछ स्वास्थ्य देखभाल केन्द्रों ने मरीजों को अन्यत्र स्थानांतरित करना शुरू कर दिया है।

**फ्रांस लॉकडाउन नहीं बूस्टर डोज लगायेगा**

वहीं फ्रांस ने कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए लॉकडाउन या कर्फ्यू लगाने के बजाय वयस्क आबादी को कोविड रोधी टीके की बूस्टर खुराक लगाने का फैसला किया है। देश में पिछले कुछ दिनों से संक्रामक रोग के मामले बढ़ रहे है और रोजाना 30 हजार से ज्यादा कोविड-19 पीड़ित लोगों की पुष्टि हो रही है। फ्रांस के स्वास्थ्य मंत्री ओलिवियर वेरन ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि टीके की दूसरी और तीसरे खुराक के बीच की अवधि को छह महीने से कम करके पांच महीने कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि फ्रांस के पास बूस्टर खुराक लगाने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने के वास्ते टीकों का पर्याप्त स्टॉक है। वेरन ने यह भी कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाने के नियम को सख्ती से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीके की दूसरी खुराक लेने के सात माह के अंदर तीसरी खुराक नहीं लेने पर देश का कोविड पास अमान्य हो जाएगा।

**स्वीडन में भी मामले बढ़े**

वहीं स्वीडन ने 18-65 साल के आयुवर्ग के सभी लोगों को टीके की दूसरी खुराक लगने के छह महीने बाद बूस्टर खुराक लेने की सिफारिश की है। सामाजिक मामलों की मंत्री लीना हालेनग्रेन ने कहा कि स्वीडन में 70 लाख लोगों ने टीके की दोनों खुराक ली है। यहां की कुल आबादी एक करोड़ है। लेकिन उन्होंने कोविड-19 के मामलों में वृद्धि पर चिंता जताई है। हालेनग्रेन ने कहा कि दुनिया भर में संक्रमण के प्रसार के मुद्दे को सरकार गंभीरता से लेती है और बूस्टर खुराक का उद्देश्य स्थिति के बिगड़ने की आशंका में खुद को तैयार करना है।


**क्या कहता है नया अध्ययन?**

इस बीच एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। दरअसल ब्रिटेन में एक नये अध्ययन में पता चला है कि कोविड-19 का हवा में संक्रमण बड़ा बेतरतीब है और इसे फैलने से रोकने के लिए केवल सामाजिक या शारीरिक दूरी ही प्रभावी नहीं है। अध्ययन में टीकाकरण और मास्क के महत्व पर जोर दिया गया है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज के इंजीनियरों के एक दल ने इस बारे में निर्धारण के लिए कम्प्यूटर मॉडलिंग का उपयोग किया कि लोगों के खांसने पर उसकी बहुत छोटी-छोटी बूंदें (ड्रॉपलेट) कैसे फैलती हैं। उन्होंने पाया कि मास्क नहीं होने की स्थिति में कोविड-19 से ग्रस्त कोई व्यक्ति बंद स्थान से बाहर भी दो मीटर की दूरी पर किसी और को संक्रमित कर सकता है। ब्रिटेन में इस दूरी का इस्तेमाल किया जा रहा है। अनुसंधानकर्ता दल ने यह भी पाया कि लोगों के खांसने का असर बड़े क्षेत्र में होता है और किसी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राधिकार के बताये अनुसार तथाकथित ह्यसुरक्षितह्ल दूरी एक से तीन या और अधिक मीटर के बीच हो सकती है।

**दक्षिण कोरिया में भी नई लहर!**

वहीं अगर दक्षिण कोरिया की बात करें तो देश में कोविड-19 महामारी के दस्तक देने के बाद पहली बार एक दिन में संक्रमण के 4,000 से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। हाल के सप्ताह में अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए सामाजिक दूरी के नियमों में छूट दी गई थी।

# संसद का शीतकालीन सत्र चुनावी गूंज से भरा होगा!



डॉ. भरत मिश्र प्राची



पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव से पूर्व शुरू होने वाला इसबार संसद का शीतकालीन सत्र चुनावी गूंज से भरा रहेगा। इस सत्र में सत्ता पक्ष पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को नजर में रखते हुये अपनी हर बात रखने का प्रयास करेगा तो विपक्ष सत्ता पक्ष को घेरने की तैयारी करेगा। इस तरह के हालात सत्र से पूर्व हीं नजर आने लगे है। चुनाव में नराज किसान सत्ता पक्ष को नुकसान न पहुंचा सके, इस दृष्टि को नजर में रखते हुये सत्र से पूर्व हीं सत्ता पक्ष के नेता प्रधानमंत्री ने एक वर्ष पूर्व संसद में पारित तीन किसान बिल जिसका विरोध किसान जता रहे थे, वापिस लेने का एलान कर किसानों की नराजगी दूर करने का भरपूर प्रयास किया जिसकी गूंज इस सत्र में अवश्य होगी। प्रधानमंत्री की इस घोशणा के बाद भी आंदोलित किसान एमएसटी कानून एवं अपनी मांग को लेकर सरकार पर दबाव बनाये हुये है जिसकी चर्चा सत्र के दौरान हो सकती है। इस सत्र में आम जन को खुश रखने के उदेश्य से भी बिल सत्ता पक्श की ओर से आ सकता है। सत्र के दौरान काग्रेस सरकार को संसद में घेरने की रणनीति बनाने के साथ - साथ महंगाई को लेकर दिल्ली में रैली भी निकालने जा रही है। राजस्थान प्रदेश में अभी चुनाव दूर है, उसके लक्षण भी नजर नहीं आ रहे है पर राजस्थान में विपक्षी दल भाजपा राजनीतिक चहल पहल नजर आने लगी है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की देव दर्षन यात्रा एवं जयपुर में भाजपा के चर्चित राजनेता अमीत शाह द्वारा आमजन को संबोधन किये जाने की रणनीति इस दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस तरह के बदलते राजनीतिक परिवेश संसद के शीतकालीन सत्र को आकर्षण का केन्द्र बना सकते जहां तूं तूं मैं मैं की राजनीति ज्यादा नजर आयेगी। सत्र से पूर्व सत्ता पक्ष एवं विपक्षी दल अपने अपने तरीके से आमने - सामने की तैयारी की रणनीति बना चुके है। इस सत्र में सभी का प्रयास एक ही दिशा की ओर नजर आयेगा जहां पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के जनमत को अपने पक्ष में किया जा सके। पांच राज्यों में जहां केन्द्र की सत्ता पक्ष से जुड़ी सरकार है , उसे बरकरार रखना एवं जहां विपक्ष की सरकार है उसे भी अपनी ओर खींचने का भरपूर प्रयास संसद के शीतकालीन सत्र में सत्ता पक्ष की ओर से नजर आयेगा। इस दिशा में केन्द्र की सत्ता पक्ष की ओर से नराज किसानों की नराजगी दूर करने के भरपूर प्रयास के साथ - साथ आमजन से जुड़ी पेंशन , महंगाई भत्तें, रोजगार की ओर भी सत्ता पक्ष का रूख सकरात्मक हो सकता है। नराज किसानों की मांग एवं महंगाई के मुदे पर विपक्ष सरकार पर प्रहार कर सकता है।

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम राजनीतिक दलों का भावी भविष्य तय करेंगे। इसी कारण संसद का इसबार का शीतकालीन अधिवेशन पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को नजर में रखते हुये चर्चा के मुख्य केन्द्र में समाया हो सकता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### मतदान कराने गए कर्मी की मॉर्निंग वॉक से लौटते ही हुई मौत ! हार्ट अटैक से मौत की आशंका

भागलपुर,एजेंसी। जिला के पीरपैंती में कल सोमवार को 9वें चरण का चुनाव है । इस चुनाव के लिए चुनाव कराने गए कर्मी की असामयिक मौत हो गई ! बताया जा रहा है कि उनकी मौत हृदयाघात से हुई होगी, क्योंकि वे शरीर से तो हिस्ट– पुष्ट थें। हालांकि इस संबंध में पीरपैंती थाना प्रभारी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा । इस संबंध में पूछे जाने पर कहलगांव एसडीओ ने बताया की इलेक्शन कमिशन का जो रूल है उसके तहत उनको सरकारी लाभ 15 लाख मिलेगा। घटना की जानकारी मिलते ही कहलगांव एसडीओ मधुकांत, एसडीपीओ सुधीर कुमार सिंह, डीसीएलआर सहित अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचें। बताया जा रहा है कि मृतक दरभंगा जिला के मनीगाछी थाना क्षेत्र के कवेत सकरी निवासी राजकुमार मंडल था। बताया गया है कि राजकुमार मंडल वर्तमान में लालबाग में रहते थें। वे तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में चतुर्थवर्गीय कर्मचारी थें। उन्हें पंचायत चुनाव में पीरपैंती ड्यूटी के लिए भेजा गया था। उनके सहयोगियों ने बताया कि , वे आज सुबह टहलने के लिए गए थें। मॉर्निंग वॉक से लौटते ही उन्होंने सीना में दर्द होने की बात कही । यह सुनते ही हमलोगों ने तुरन्त उन्हें एंबुलेंस से रेफरल अस्पताल पीरपैंती ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया !

### ठंड और धुंध से बढ़ा प्रदूषण, पटना बिहार का सबसे प्रदूषित शहर

पटना,एजेंसी। नवंबर के अंतिम सप्ताह में बढ़ती ठंड और घटते तापमान से बिहार की राजधानी पटना में प्रदूषण कई गुणा ज्यादा बढ़ गया है। इससे लोगों को खुली हवा में सांस लेना मुश्किल हो गया है। आलम यह है कि ठंड बढ़ने की वजह से धुंध भी बढ़ गया है। इससे हवा का घनत्व तेजी से बढ़ रहा है जो प्रदूषण में इजाफा का सबसे बड़ा कारण है। प्रदेश में प्रदूषण के मामले में राजधानी पटना ने मुजफ्फरपुर को पीछे छोड़ दिया है। शहर का औसत एक्यूआई बढ़कर 328 तक पहुंच गया है जिससे पटना राज्य का सबसे अधिक प्रदूषित शहर बन गया है। पटना के अन्य इलाकों की बात करें तो तारामंडल के पास सबसे ज्यादा एक्यूआई 394, समनपुरा के पास एक्यूआई 372, राजवंशी नगर के पास एक्यूआई 376, मुरादपुर के पास एक्यूआई 307 रिकॉर्ड किया गया है। वहीं, पटना के बाद मुजफ्फरपुर में एक्यूआई 326, हाजीपुर में एक्यूआई 319, गया में एक्यूआई 240 दर्ज किया गया है। बढ़ते धुंध की वजह से यहां भी प्रदूषण काफी बढ़ गया है। वहीं, ट्रेन और हवाई सेवाओं पर भी इसका बुरा असर पड़ा है। विजिबिलिटी लेवल घट कर 600 मीटर रहने की वजह से कई ट्रेनें और विमान के परिचालन में देरी हुई और यात्रियों की परेशानी बढ़ने लगी है। सुबह और शाम की ज्यादातर फ्लाइट ने एक से तीन घंटे की देरी से उड़ान भरी। इसके अलावा, बढ़ते प्रदूषण की वजह से अस्पतालों में हृदयरोगियों की संख्या बढ़ने लगी है। लोगों में श्वास की भी समस्या देखने को मिल रही है। डॉक्टरों का मानना है कि प्रदूषण स्तर जिस तरह बढ़ा है यह खतरनाक संकेत है।

### बीमार लालू की देखभाल करने दिल्ली पहुंची पत्नी राबड़ी देवी

पटना,एजेंसी। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी पटना से दिल्ली पहुंची हैं। राबड़ी देवी को रवाना करने के लिए उनके बड़े बेटे तेज प्रताप यादव पटना एयरपोर्ट पहुंचे थे। यहां राबड़ी देवी ने बताया कि आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव की तबीयत खराब है और वो आईसीयू में भर्ती हैं। इसलिए उनकी देखभाल के लिए दिल्ली जा रही हूं। अभी पूरी जांच रिपोर्ट नहीं आई है। डॉक्टर रिपोर्ट देखने के बाद इस पर आगे कुछ फैसला करेंगे। वहीं, आरजेडी के नेता तेज प्रताप यादव ने कहा कि उनके पिता लालू यादव की तबीयत खराब हो गयी है, इसलिए मां राबड़ी देवी उनसे मिलने जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वो भी जल्द दिल्ली जाकर लालू यादव को देखेंगे। लालू यादव बीते 22 नवंबर को दिल्ली से पटना आए थे। मंगलवार को भागलपुर और बांका कोषागार से 46 लाख अवैध निकासी के मामले में लालू यादव की पेशी हुई थी। लालू यादव ने 24 नवंबर को पटना के बीरचंद पटेल पथ स्थित आरजेडी कार्यालय में छह टन वजनी लालटेन का उद्घाटन किया था। इसके अगले दिन गुरुवार को देर शाम वो दिल्ली के लिए रवाना हो गए थे। शुक्रवार की रात लालू यादव की अचानक तबीयत खराब होने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। चारा घोटाला में सजायाफ्ता लालू यादव एक दर्जन गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। उनके स्वास्थ्य पर डॉक्टर और उनका परिवार नजर रखे हुए है।

### ट्रांसपोर्ट कंपनी के स्टाफ ने रची थी 41 लाख रुपये लूट की साजिश

पटना,एजेंसी। बिहार की राजधानी पटना में बीते पंद्रह नवंबर को हुए 41 लाख रुपये के लूट कांड का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में छह अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटी गई रकम में से लगभग बीस लाख रुपये बरामद किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक पिस्तौल और पांच जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) उपेंद्र शर्मा ने बताया कि इस लूट कांड की साजिश रचने में पूर्व मंत्री वीणा शाही के दो स्टाफ चंदन कुमार और संजीव कुमार शामिल थे। वीणा शाही ने इनको रहने के लिए एक फ्लैट दे रखा था। यहां से यह लोग प्रतिदिन उनकी ट्रांसपोर्ट कंपनी का पैसा लेकर उसे बैंक में जमा करवाने जाते थे। वारदात वाले दिन भी यह दोनों एक कार में सवार होकर 41 लाख रुपए बैंक के लिए लेकर निकले थे। लेकिन अटल पथ पहुंचने पर इनकी कार को ओवरटेक कर अपराधियों ने यह रकम लूट ली थी। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी चंदन पूर्व मंत्री वीणा शाही का मैनेजर है। जबकि संजीव ड्राइवर है। इन दोनों ने अपराधियों से सांठगांठ कर फ्लैट से अपने रुपये लेकर निकलने की जानकारी मैसेज के माध्यम से उन्हें दे दी थी। जिसके बाद रास्ते में अपराधियों ने लूट की इस वारदात को अंजाम दिया था। उन्होंने कहा कि पुलिस को पहले ही दिन से इन कर्मियों पर शक था। उनसे की गई पूछताछ में पुलिस को कोई खास जानकारी नहीं मिली। लेकिन पुलिस ने इन सभी स्टाफ को अपने राडार पर रखा था। आखिरकार इनके खिलाफ सबूत मिलने पर उन सभी को उनके साथियों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने लूटी गई रकम में से अठारह लाख साठ हजार रुपये बरामद कर लिये हैं। एसएसपी उपेंद्र शर्मा ने बताया कि इस मामले में एक और आरोपी फरार चल रहा है जिसके पास लूटी गई शेष रकम है। उन्होंने दावा किया कि उसकी गिरफ्तारी होने पर बाकी के 20 लाख रुपये भी मिल जाएंगे।

# महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने बैठक व पदयात्रा कर मोदी सरकार का जताया विरोध

» मदरलैण्ड संवाददाता






- महंगाई के कारण देश में मचा हहाकार गरीबों की नही सुन रही केन्द्र सरकार, कांग्रेस नेता अनिसुर रहमान

बेतिया।बेतिया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी बगहा इकाई के तत्वाधान में रविवार को देश में बढ़ती डीजल पेट्रोल रसोई गैस एवं खाद्य सामानों की महंगाई के विरोध में कार्यकताओं की एक बैठक त्रिलोकी आश्रम बगहा दो कार्यालय में हुई । जिसमें बतौर अतिथि के रूप में कांग्रेस से वाल्मिकीनगर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रवेश मिश्रा एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रणजीत राव की गरिमयी उपस्थिति रही । बैठक के उपरांत कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा कांग्रेस कार्यालय से लेकर अनुमंडल कार्यालय तक पद यात्रा कर नारेबाजी की गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड बगहा दो अध्यक्ष रमाशंकर दुबे एवं संचालन नंदेश पांडे ने किया। बिहार प्रदेश कांग्रेस डेलीगेट के वरीय नेता जनाब अनिसुर रहमान ने बताया की भारत में जिस कदर महंगाई बढ़ रही हैं। वह चिंता की बात हो गई है। देश के अंदर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार बढ़ रही महंगाई के कारण सही खाना खाने पर मजबूर हो गया है। बच्चों की पढ़ाई लिखाई भी चौपट हो गया है। जिस कारण बच्चे बाल मजदूरी करने पर विवश हो रहे हैं। इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नेता 14 नवंबर से 29 नवंबर तक चलाए जा रहे देश में डीजल ,पेट्रोल ,रसोई गैस एवं खाद्य सामानों की बढ़ती महंगाई के विरोध में केंद्र सरकार के आम जनता विरोधी नीतियों का बैठक के माध्यम से जमकर विरोध किया साथ ही सभी कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकताओं से अपील किया कि आप सब अपने-अपने क्षेत्र में पहुंचकर जन जागरण के माध्यम से लोगों को लगातार बढ़ रही महंगाई से अवगत कराएं एवं उन्हें कांग्रेस के बीते हुए कार्यकाल के साथ उनके नीति एवं विकास कार्यों के बारे में जागरूक करें ।ताकि आम जनता जागरूक होने के साथ केंद्र सरकार के जनविरोधी नीतियों का विरोध करें एवं आम जनता के हित में सरकार का गठन हो जिससे सभी वर्ग के लोगों को समान अधिकार के साथ बढ़ती महंगाई पर रोक लगाया जा सके । कॉंग्रेस कार्यकताओं ने निकाली सड़क पर पद यात्रा ,केंद्र सरकार का विरोध जताया ।कार्यकताओं की बैठक के पश्चात कांग्रेस कार्यकताओं ने कांग्रेस लोकसभा पूर्व प्रत्याशी प्रवेश मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय से दर्जनों की संख्या में कार्यकताओं के साथ पैदल मार्च निकाल केंद्र सरकार का जमकर विरोध प्रदर्शन किया । इस दौरान कार्यकताओं ने देश में लगातार बढ़ती डीजल पेट्रोल रसोई गैस एवं खाद्य सामानों की बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर नारेबाजी की एवं इस महंगाई पर रोक लगाने एवं आम जनता के हित में कार्य करने की मांग किया । इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं में किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भाई उत्कर्ष, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष हलीम अख्तर खान ,प्रवाल कुमार पाठक, रामनाथ कुशवाहा ,संदीप पांडे उर्फ पपलू पांडे, संदीप साहनी ,हरीश चंद्र पांडे ,अतीक उल्लाह अंसारी, राजेश्वर यादव, अनिरुद्ध जयसवाल ,पप्पू राम, परशुराम शाह ,सुधीर रावत ,गोलू बाबू, प्रकाश यादव ,राजेंद्र प्रसाद ,संदीप साहनी आदि शामिल रहे ।

# विवाह के लिए ले जारहे भारतीय मूल्य की एक युवती को कश्मीरीयों से कराया मुक्त



» मदरलैण्ड संवादाता

बेतिया। एस एस 45 वी बटालियन ने एक महिला को विवाह के लिए ले जारहे कश्मीरीयों से मुक्त कराने मे बड़ी सफलता हासिल की है। दर असल बता दूँ की शनिवार को एस एस बी 45 बटालियन ने गुप्त सूचना के आधार पर विशेष गस्ती के दौरान एक लड़की को तीन कश्मीरीयों से विवाह के लिए ले जारहे युवती को मुक्त कराया।

बताते चले की सीमा चौकी शैलेशपुर द्वारा विशेष गस्ती दल का गठन करते हुए गुप्त सुचना के आधार पर एक महिला को 03 कश्मीरियों से मुक्त कराया।

मिली जानकारी अनुसार आलोक कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, 45वी बटालियन ने कुछ कश्मीरी व्यक्ति घुरना के रास्ते एक महिला को शादी के नाम पर सीमावर्ती इलाके से शैलेशपुर के समीप भारत नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 206/1 के रास्ते जाने वाले हैं। कार्यवाही को अंजाम देते हुए असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर एस डोलेन सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल सद्दाम हुसैन, अजय मेहता सुमित कुमार के साथ महिला आरक्षी ज्योति सागर उक्त स्थान के लिए रवाना हुए, जहाँ चिन्हित स्थान पर पहुँच कर देखा की कुछ मुस्लिम लोग एक लड़की के साथ नजदीकी बस स्टैंड के पास घूम रहे हैं जब उनसे पूछताछ की जाने लगी तो जिसमें 03 कश्मीरी लोग थे जो भारतीय प्रभाग की हीं एक लड़की को कश्मीर ले जा रहे थे। तीनों कश्मीरियों को भीमनगर थाना के सुपुर्द कर दिया गया। वहीं उनकी पहचान मुड़ससीर अः भट्ट, बिलाल अहमद बगाव तथा गुलाम हसन भट्ट के रूप में की गई है।

# भयमुक्त माहौल में संपन्न कराये मतदान एसपी उपेन्द्र नाथ वर्मा

## डीडीसी, एएसडीएम सहित जिला के वरीय अधिकारियो ने लिया जायजा



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। 9वें चरण के मतदान को भयमुक्त और निष्पक्ष कराने के लिए प्रशासनिक तैयारी चुस्त दुरूस्त कर ली गई है। भयमुक्त माहौल में पंचायत चुनाव को संपन्न कराने की जबाबदेही कमीयों की है। विधि वयवस्था से लेकर किसी प्रकार की समस्या आती है तो इसकी सूचना निर्वाचन अधिकारी और पुलिस को दे। इस दिशा में त्वरित कार्यवाही की जाएगी। निर्रवाचन आयोग के आदेशानुसार पंचायत चुनाव संपन्न कराया जाएगा । यह बातें रविवार को पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा ने मतदान कराने वाले कमर्रचारियो को निर्देश देते हुए कहीं । एसपी ने कहा कि बीते आठ चरणो के चुनाव की तरह 9वें चरण का मतदान भी शान्ति पूर्ण माहौल में सम्पन्न कराते हुए जिले का नाम रौशन करना है। कहा कि मतदान के दौरान स्वयं और जिलाधिकारी क्षेत्र के सभी बूथों का भ्रमण कर चुनाव का जायजा लेते रहेंगे । बता दे कि सभी बूथों पर मतदान के कराने को लेकर मतदान कमी सामग्री लेकर रवाना हो गयें।

# युवा और मातृ शक्ति को सशक्त बनाएंगे ऋतुराज कायस्थ समाज द्वारा हुआ अभिनंदन

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। बिहार की युवा और मातृ शक्ति को भाजपा से जोड़कर बिहार के विकास के कार्यक्रमों को जमीन पर उतारने के काम मे गति लाने के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को पूरा करेंगे. भाजपा के नव नियुक्त राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने यह कहते हुए अपने अभिनंदन समारोह मे जुटे कायस्थ समाज से आशीर्वाद माँगा और कायस्थ युवकों से भाजपा मे जुड़ कर राजनीति मे भागीदारी बढ़ाने की अपील की.

वे स्थानीय सहाय सदन मे आयोजित अभिनंदन समारोह मे बोल रहे थे. इसका आयोजन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा और श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर ने किया था जिसमें 60 से अधिक पूजा समितियों के साथ ही जहानाबाद, वैशाली, मोतिहारी, शेखपुरा बेतिया, गया आदि शहरों से बड़ी संख्या मे आए कायस्थ समाज के लोग उपस्थित थे.

विधायक अरुण कुमार सिन्हा ने स्वागत करते हुए कहा कि ऋतुराज को राष्ट्रीय मंत्री की जिम्मेदारी देकर भाजपा ने संगठन में युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने की अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है. पूर्व मंत्री रंजीत सिन्हा ने एक शीर्ष उद्यमी के रूप मे बिहारियों को नौकरी देकर हर जाति सम्प्रदाय के 32000 परिवारों को स्वावलंबी बनाने मे ऋतुराज की महत्वपूर्ण भूमिका की चर्चा की. जे पी सेनानी कुमार अनुपम ने सामाजिक परिवर्तन मे युवाओं के जुड़ने की वकालत की.

पटना की वार्ड पार्षदों मे माला सिन्हा, सीमा वर्मा, आशीष सिन्हा, प्रमिला सिन्हा, विधायक अरुण कुमार सिन्हा और पूर्व मंत्री रंजीत वर्मा, वरिष्ठ संस्कृतिकर्मी कुमार अनुपम, महासभा के योगेन्द्र नारायण मल्लिक, निर्मल श्रीवास्तव सतीश राजू और सुजीत वर्मा आदि मंदिर के प्रधान सचिव सुदामा समेत भारी संख्या मे कायस्थ समाज के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और ऋतुराज सिन्हा को समाज के सशक्त युवा राजनेता के रूप मे प्रतिष्ठित करने के पहल के रूप मे उनकी नियुक्ति का स्वागत किया. आयोजन मे पूजा समितियों और गणमान्य लोगों को सम्मानित भी किया गया. संचालन सुजीत वर्मा ने किया।

# पिपरासी प्रखंड के आधा दर्जन गांवों के उत्तर प्रदेश में विलय की सूचना पर ग्रामीणो में बढ़ा आक्रोश

## प्रखंड के अस्तित्व पर लगा प्रश्न चिन्ह खत्म हो जाएगा पिपरासि प्रखण्ड

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। बगहा पिपरासी प्रखंड के अस्तित्व पर खतरा मड़रा रहा है जब प्रखंड के दो पंचायत मंझरिया एवं सेमरा लबेदहा के गांव को उत्तर प्रदेश में बदल कर देने की योजना पर मुसीबत बढ़ जाएगी । प्रखंड में केवल सात पंचायत ही हैं । और ऐसे में दो पंचायत के गांव अगर उत्तर प्रदेश को बिहार सरकार ने सौंप दिया । तो पिपरासी प्रखंड का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा । प्रखंड का दर्जा खत्म हो जाएगी । इसे मजबूरन पहले की तरह मधुबनी प्रखंड में जोड़ना पड़ेगा । इसको लेकर गांव के लोग बैठक कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं । लोगों का कहना है कि हम लोग के पूर्वज बिहार प्रदेश में ही रह गए । और तमाम तरह की बुनियादी सुविधा सरकार के द्वारा जनप्रतिनिधियों के द्वारा दी जा रही है । तो फिर किस कारण से इन गांवों को बदले के रूप में उत्तर प्रदेश को देने की मुहिम चल रही है ।पूर्व जिला पार्षद सुदर्शन बीन, निवर्तमान प्रमुख यशवंत नारायण यादव, निवर्तमान प्रमुख प्रतिनिधि मुकेश लाल श्रीवास्तव, निवर्तमान मुखिया छोटेलाल प्रसाद ,समाजसेवी विधायक प्रतिनिधि यशवंत प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, राजेंद्र यादव ,रविंदर यादव ,देवेंद्र तिवारी ,सुनील साहनी पूर्व प्रमुख अहिल्या देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य उर्मिला देवी ,डीलर ध्रुव कुशवाहा, निवर्तमान प्रमुख भोलानाथ निषाद ,लाल बहादुर यादव आदि ने कड़ा विरोध किया है । किसी भी सूरत में गांव को यूपी में नहीं मिलाने की मांग विधायक से किया है । मामले में बाल्मीकि नगर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह ने कहा कि इन गांव में बिजली-सड़क-पानी स्वास्थ्य ,सुरक्षा की व्यवस्था हो गई है । फिर इन गांवों को उत्तर प्रदेश में मिलाने की कोई उचित नहीं है । इस पर मुख्यमंत्री से बात मैं करूंगा । जनता के द्वारा ऐसी सूचना मिली है । किसी भी सूरत में आठ गांव को उत्तर प्रदेश में नहीं मिलाने दी जाएगी ।

# आरोपी ने मृतका से ही 4 लाख उधार लेकर शूटर से करवाई हत्या

**पटना,एजेंसी।** पटना पुलिस ने रिमझिम चतुवेर्दी हत्याकांड का खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस मामले में छह अपराधियों को गिरफ्तार किया। पटना के एसएसपी उपेंद्र शर्मा ने बताया कि यह हत्या 4 लाख रुपये की सुपारी देकर कराई गई। हत्या करवाने वाला रिमझिम चतुवेर्दी के जान पहचान का युवक रोहित था। दरअसल डॉक्टर की पत्नी रिमझिम चतुवेर्दी पूनम नामक एक युवती को जानती थी। पूनम का बॉयफ्रेंड रोहित उसके माध्यम से रिमझिम चतुवेर्दी के संपर्क में आया। रोहित लगातार कुछ सालों से परेशान चल रहा था। उसकी परेशानी के बारे में पूनम ने रिमझिम चतुवेर्दी को जानकारी दी। रिमझिम चतुवेर्दी झाड़-फूंक भी किया करती थी। उसने दावा किया कि झाड़-फूंक के माध्यम से वह रोहित की परेशानियों को दूर कर देगी।

रोहित एक निजी कंपनी में मैनेजर के पद पर काम कर रहा था और शुरूआती दौर में जब रिमझिम चतुवेर्दी ने उसके लिए झाड़-फूंक का काम करना शुरू किया तब रोहित को उससे कुछ फायदा महसूस हुआ। रिमझिम चतुवेर्दी ने रोहित को कहा कि वह सफलता के लिए चार अलग-अलग कलर का शर्ट खरीदें। उसके कहने पर रोहित ने चार अलग-अलग कलर के शर्ट खरीदे। एक मीटिंग में वह इन्हीं चार शर्ट में से एक शर्ट पहन कर गया और उसको उसकी मीटिंग सफल रही। उसे आर्थिक फायदा पहुंचा। मुजफ्फरपुर के रहने वाले रोहित बाद में रिमझिम चतुवेर्दी के झाड़-फूंक से अलग हटना चाहता था।

# ईट सोलिंग सड़क में दो पुलिया टुटकर हुई ध्वस्त, वाहनों का आवागमन बाधित, मामला बरियारपुर पूर्वी पंचायत के एबीसी चिमनी से सोनवर्षा जाने वाली मुख्य पथ का

» मदरलैण्ड संवाददाता





बेगूसराय। खोदावंदपुर प्रखंड क्षेत्र के बरियारपुर पूर्वी पंचायत के एबीसी चिमनी से सोनवर्षा जाने वाले मुख्य पथ जगह जगह टूट कर ध्वस्त हो चुका है.तथा इस पथ में बने तीन पुलिया भी टूट कर धराशायी हो गयी थी. जिसमें एक पुलिया का जीर्णोद्धार कर दिया गया है.शेष दो पुलिया अब भी जर्जर हालत में है.इससे वाहनों का आवागमन भी बाधित है.इस संदर्भ में स्थानीय लोगों ने बताया कि विगत वर्ष इस पथ से हाइवा ट्रक से मिट्टी की दुलाई किया जाता था. जिससे सड़क टूट गयी और उसे चिमनी मालिक के द्वारा टूटी सड़क को दुरुस्त कर दिया. परंतु विगत दिनों अचानक आयी मुसलाधार बारिश से सड़क के दोनों ओर जलजमाव हो गये.जलजमाव से किसानों के सैकड़ों एकड़ में लगी फसलें भी डूब गयी. इस समस्या से निपटाने के लिए स्थानीय लोगों ने टूटी पुलिया को साफ किया, पानी तो निकल गया.लेकिन इस रास्ते से लोगों का आना जाना बाधित हो गया है.यह तीनों पुलिया लगभग डेढ़ वर्षों से टूट गयी थीम. उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार सामाजिक व राजनीतिक कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों एवं वरीय अधिकारियों को भी अवगत करवाया जा चुका है.परंतु अब तक किसी ने इसका शुद्धि लेना मुनासिब भी नहीं समझें.जिसके कारण राहगीर जान जोखिम में डालकर इस पथ से किसी तरह आते जाते हैं. कई बार इस सड़क पर दो-चार पहिया वाहन भी दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं. तथा कई राहगीर भी गंभीर रूप से जख्मी हो गये.

बताते चलें के वर्ष 2001-05 तक के कार्यकाल में तत्कालीन जिला परिषद सदस्य सीता देवी की अनुशंसा से इस पथ में मिट्टी, ईट सोलिंग एवं तीन पुलिया का निर्माण करवाया गया था. तब से आज तक इस पथ में कोई कार्य नहीं किया गया.यह सड़क दर्जनों स्थानों पर टूट कर गड्ढे में तब्दील हो गया है.योगीडिह व सोनवर्षा के ग्रामीणों ने बताया कि यह पथ तीन प्रखंड क्रमशः खोदावंदपुर, छौड़ाही एवं चेरियाबरियारपुर को जोड़ने वाली ग्रामीण मुख्य पथ है.तथा इस पथ के इर्द-गिर्द तीनों प्रखंडों की सीमा भी है.ग्रामीणों ने महीनों से टुटी दोनों पुलिया एवं जर्जर सड़क को अविलंब जीर्णोद्धार किये जाने की मांग उच्चाधिकारियों से की है.

**कहते हैं मुखिया:-**

एबीसी चिमनी से सोनवर्षा जाने वाले ग्रामीण मुख्य पथ में टूटे तीनों पुलिया को मरम्मती करने के लिए मनरेगा योजना से ले लिया गया है. जिसमें एक पुलिया का जीर्णोद्धार भी कर दिया गया है, शेष दो पुलिया अभी भी जर्जर हालत में है.उसे भी दुरुस्त करवाने की प्रक्रिया चल रही है.जल्द ही टुटे दोनों पुलिया को दुरुस्त करवा दिया जायेगा.

**मोहम्मद माजिद हुसैन, नवनिर्वाचित मुखिया, बरियारपुर पूर्वी**

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## संक्षिप्त समाचार

### 29 नवम्बर को होने वाली मतदान को लेकर एसपी डीएम ने की बैठक

मदरलैण्ड संवाददाता, सुपौल। रविवार को डीएम महेंद्र कुमार एवं एसपी मनोज कुमार की अध्यक्षता मे बैठक हुई जिस मे पी.सी.सी.पी सहित दंडाधिकारियों एवम पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रुप से संबोधित किया गया। दर असल बता दूँ की पंचायत आम निर्वाचन-2021 के नौवें चरण के तहत सोमवार को किशनपुर प्रखण्ड में सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान होगी।

### लॉटरी खेलते चार जुआरियो को नगर थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। नगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर संग्राम चौक ड्राइवर टोला स्थित अवैध रूप से लॉटरी खेलते हुए (1)मनोजेंद्र पासवान उर्फ मन्ना पिता स्वर्गीय रामचंद्र पासवान सा0-ड्राइवर टोला (2)रंजन पासवान पिता स्वर्गीय किशन पासवान सा0- लाल कोठी रोड (3)संजीत पासवान पिता गंगा पासवान सा0-लरकनिया टोला (4)राजकुमार पासवान पिता नित्यानंद पासवान सा0- लाल कोठी रोड सभी थाना-नगर जिला-कटिहार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है तथा सभी जुआरियों के पास से नगद 10380/-रूपया और कार्ड बोर्ड कॉपी वगैरह भी बरामद किया गया है।छापामारी टीम पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह एवं पुलिस अवर निरीक्षक रूपेश कुमार रंजन नगर थाना,साथ सशस्त्र बल टाइगर मोबाइल एवं जवान शामिल थे।

### प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय के आगे फेंका जाता है पान एवं गुटके की प्रिकियाएं

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कोढ़ा प्रखंड अंतर्गत प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय के आगे पान एवं गुटके खा कर लोग या पदाधिकारी मै इसकी पुष्टि नहीं करता थूक फेक कर कार्यालय के दीवाल को और फर्श को गंदा कर दिए हैं एक तरफ सरकार साफ-सफाई को लेकर एक से एक कदम उठा रहे हैं दूसरी तरफ ये लोग कार्यालय को ही गंदा करने पर तुले हुए हैं साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से एक गिरिल जो अंचल पदाधिकारी के कार्यालय के बगल में है वह भी पूरी तरह वर्षो से जर्जर है इन सभी बातों की जिम्मेवारी किस पर जाती है वरीय पदाधिकारी लोगों को इन सभी बातों का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि विकास का कार्य प्रखंड कार्यालय से ही प्रारंभ होती है तो फिर इतनी गंदगी यहां जो फैली है इनके लिए जो भी दोषी हैं उन्हें अवश्य सजा मिलनी चाहिए।

### सालमारी ओपी में सीओ की मौजूदगी में किया गया शराब विनष्टीकरण



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। सलमारी ओपी प्रांगण में आजमनगर अंचलाधिकारी संजय कुमार की मौजूदगी में सालमारी ओपी अध्यक्ष विजय कुमार ने रविवार को विभिन्न कांडों में जब्त देशी-विदेशी शराब का विनष्टीकरण जिला प्रशासन के निर्देश पर किया गया।सीओ संजय कुमार ने बताया सालमारी ओपी आजमनगर थाना कांड संख्या179/148/223से जब्त देशी विदेशी शराब कुल23.75लीटर शराब का विनष्टीकरण किया गया।

### शराबबंदी कानून: आरजेडी विधायक का आरोप- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करते हैं नशा



पटना,एजेंसी। बिहार में शराबबंदी के बाद भी शराब पर सियासत जारी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जहां यह स्पष्ट कर चुके हैं कि किसी भी हालत में शराबबंदी खत्म करने के बारे में सोचा नहीं जा सकता। वहीं, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सुप्रीमो लालू यादव ने कहा था कि वो सरकार से शराबबंदी खत्म करने के लिए पहले ही कह चुके हैं। हालांकि बाद में उनकी पार्टी ने स्पष्ट किया कि लालू यादव के कहने का मतलब अलग था, वो सही मायने में राज्य में शराबबंदी कानून लागू करवाना चाहते हैं। इस बीच, आरजेडी के एक विधायक ने शराबबंदी कानून को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। पने सर्वोच्च नेता को निशाना बनाने जाने पर जनता दल युनाइटेड (जेडीयू) बिफर उठी है। कुल मिलाकर कहा जाए तो शराबबंदी पर बिहार की सियासत फिर से गर्मा गई है। आरजेडी विधायक राजवंशी महतो ने कहा कि बिहार में शराबबंदी करने की क्या जरूरत है? शराब पीकर लोग मर रहे हैं। शराब को गांव-गांव में खुलवा देना चाहिए। नीतीश कुमार की सरकार में गांव-गांव में शराब बिकती थी। हतो ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम लेते हुए कहा कि वो खुद भी नशे का सेवन करते हैं। इस पर जेडीयू के प्रवक्ता ने आरजेडी विधायक के सीएम नीतीश पर दिए बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि आरजेडी के विधायक चरवाहा विद्यालय से ज्ञान प्राप्त करते रहे हैं। नीरज कुमार की मानें तो सजायाफ्ता भ्रष्टाचारी अपराधी और लंपटों की जमात में रहने पर भाषाई विकृति आती है। जेडीयू के प्रवक्ता ने कहा कि ऐसे लोग आज तक ज्ञान का आतंक मचाए हुए हैं। यह लोग बिहार की युवा पीढ़ी, महिलाओं और गरीबों का भविष्य अंधकारमय करना चाहते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शराबबंदी के उल्लंघन की सूचना आरजेडी विधायक राजवंशी महतो सरकार के टोल फ्री नंबर पर क्यों नहीं देते हैं। यह लोग क्या शराब माफिया से मिले हुए हैं? नीरज ने कहा कि दरअसल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार मिले हैं। जबकि लालू यादव को कैदी नंबर 3351 का पुरस्कार मिला है इसलिए आरजेडी के नेता अनर्गल बयानबाजी करते रहते हैं।

# कड़ी कार्रवाई के बाद भी पस्तिया में शराब निर्माण जोड़ों पर बेखबर आजमनगर पुलिस




» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। आजमनगर थाना क्षेत्र के बघौरा पंचायत अंतर्गत पस्तिया गांव में अवैध रूप से महुआ शराब निर्माण कार्य पर रोक नहीं लग रहा लगातार पुलिस और उत्पाद विभाग की कार्रवाई के बाद भी शराब निर्माण कार्य जोरों पर है।जहां शराब सेवन करने वाले शौकीनों का जुटान होता है।और देर शाम से बलतर उप स्वास्थ्य केंद्र पंचायत सरकार भवन के इर्द गिर्द पियक्कड़ों के हुड़दंग से गांव के लोग परेशान रहते हैं।

प्रबुद्ध लोग पुलिस प्रशासन से इस दिशा में कार्रवाई की मांग करते हैं।बताते चलें कि पंचायत के पस्तिया गांव में चुनावी गतिविधि के बीच जिला प्रशासन के निर्देश पर उत्पाद विभाग आजमनगर पुलिस की संयुक्त छापेमारी इन शराब धंधेबाज के विरुद्ध बीते 9नवंबर को की गई। मामले में कईयों की गिरफ्तारी भी हुई।उक्त मामले में बताया जा रहा कि एक जिला परिषद प्रत्याशी रहे की पत्नी की भी गिरफ्तारी हुई थी।

जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।उत्पाद विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के20दिन भी नहीं गुजरे हैं।कि देशी शराब निर्माण कार्य का धंधा परवान चढ़ने लगा है।इस क्षेत्र में आजमनगर पुलिस की गस्ती रेलवे ट्रैक के नीचे पानी जमाव रहने के कारण नियमित नहीं हो पाती जब कि यहां पहुँचना भी पुलिस के लिए कठिन नहीं लेकिन इच्छा शक्ति की कमी जरूर परिलक्षित होती है।बावजूद इसके निर्माण कार्य पर रोक नहीं लग रहा है।मालूम हो पस्तिया गांव में शराब धंधेबाजों के विरुद्ध की गई कार्रवाई कईयों को गिरफ्तार करते हुए आजमनगर थानेदार मानुतोष कुमार ने थाना कांड संख्या266/21दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम किया बावजूद धंधेबाजों के हौसले बुलंद नजर आ रहा है।

## सीएसपी संचालक से लूट कांड के दो गिरफ्तार

### लूट का 4200 रुपये पुलिस ने किया बरामद

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। सीएसपी संचालक से लूटकांड का कटिहार पुलिस ने 24 घंटे के अंदर सफलता पूर्वक उद्भेदन किया है। कटिहार के कुसेर्ला थाना क्षेत्र के एसएच 77 डुमरिया, समेली ग्रामीण सड़क पर तमंचा के बल पर सीएसपी संचालक से दो लाख रुपये लूटपाट ली गईथी।



कटिहार पुलिस ने अनुसंधान और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपाचे बाइक का नंबर के आधार पर दो चचरे भाई को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूट में बाइक के साथ इन शातिरों के पास 42 सौ रुपये भी पुलिस ने बरामदगी किया गया है।

कटिहार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि 26 नवंम्बर सीएसपी संचालक द्वारा कुसेर्ला स्टेट बैंक शाखा से अपने सहयोगी के साथ दो लाख निकासी कर जा रहे थे। तीन अपराधी सफेद अपाची बाइक से ओवरटेक कर हथियार के बलपर लूट लिया था। वैज्ञानिक अनुसंधान और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गुलशन कुमार और मिथुन कुमार गिरफ्तार किया गया।इनके पास से लूट के 4200 सौ रुपया बरामद किया गया है। साथ ही एक अन्य सीएसपी लूट कांड का फरार अभियुक्त को भी गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। कटिहार पुलिस लगातार फरार अभियुक्त के लिए छापेमारी कर रही है।

## नगर पंचायत बरारी के राष्ट्रपिता की स्मृति भवन के पीछे कचड़ा का अंबार




» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। नगर पंचायत बरारी में कचरा प्रबंधन में कोताही से गंदगी का अंबार लगा हुआ है, नगर पंचायत के गुरबाजार में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की स्मृति में स्थापित भवन के पीछे कचड़े का अंबार लगा है, नाला जाम पड़ा है,इस बाबत कई कचड़ा प्रबंधन सुपरवाइजर को शिकायत की गई लेकिन कोई फर्क नही पड़ा, इसका कारण नगर पंचायत कार्यालय का संचालन विधिवत नही होना बताया गया, गांधी स्मृति भवन के सचिव नागेन्द्र चौरसिया ने बताया कि जब से नगर पंचायत में कचरा प्रबंधन का कार्य शुरू है कभी भी इस गंदगी को हटाने का काम नही किया गया है,गंदगी को साफ नही किया गया तो महामारी से भी इंकार नही किया जा सकता है, ग्रामीण पवन चौरसिया ने नगर निगम आयुक्त से बरारी नगर पंचायत के गाँधी भवन के पीछे जमा कचड़ा प्रबंधन कराने की अपील की है ताकि गाँधी स्मृति भवन की सुन्दरता बनी रहे।

## लगातार स्वास्थ्य विभाग के कैंपस में विदेशी शराब की खाली बोतले मिलने का बसतुर है जारी

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। स्वास्थ्य महकमे में जहां दवाई की खाली बोतले मिलने चाहिए वहां पर शराब की खाली बोतलें मिलने का सिलसिला जारी है, सदर अस्पताल परिसर में शराब की खाली बोतलें मिलने के बाद अब जिला स्वास्थ्य समिति कार्यालय के पीछे शराब की दर्जनों खाली बोतलें मिली है, जिला स्वास्थ्य समिति कार्यालय तथा यातायात थाना के बीच जंगल परिसर में कचरे के ढेर पर दर्जनों महंगी शराब की खाली बोतलें मिली है, कुछ खाली बोतले को देखकर पता चलता है कि वह कुछ दिन पुराना लग रहा है तो कई बोतलें एक दो दिन पूर्व ही फेंकने जैसा लग रहा है, शराब की खाली बोतले की सूचना मिलते ही रविवार को उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर आलोक कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर वहां का जायजा लिये, सरकार जहां शराबबंदी को लेकर पूरे राज्य में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है तो दूसरी तरफ सरकारी महकमे कार्यालय परिसर और कार्यालय के ठीक बगल में शराब की खाली बोतले मिलने से कटिहार जिला काफी चर्चा का विषय बन गया है, कुछ दिन पूर्व ही सदर अस्पताल के केम्पस में विदेशी शराब की कई खाली बोतले मिलने की खबर छपी थी और उसके बाद जिला प्रसासन और उत्पाद विभाग हरकत में आई और लगातार सदर अस्पताल में छापेमारी भी कर रही है।

## आरडीएस कॉलेज सालमारी मुख्य द्वार अतिक्रमणकारियों के कब्जे में छात्र-छात्राओं को होती परेशानी असामाजिक तत्वों का बन गया है अड्डा

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। पूर्णिया यूनिवर्सिटी की अंगीभूत इकाई आरडीएस कॉलेज सालमारी मुख्य द्वार के सामने अतिक्रमणकारियों का कब्जा रहने से कॉलेज गोइंग छात्र छात्राओं को भीषण परेशानीयों का सामना करना पड़ता है।जिसके चलते आये दिन जाम की समस्याओं से लोगों को जूझना परता है। जाम की स्थिति से निबटने के लिए सालमारी ओपी अध्यक्ष विजय कुमार कॉलेज चौक पर चौकीदारों की प्रतिनियुक्ति करते रहते हैं।बावजूद इसके जाम की स्थिति से निबटने में पशीने छूट जा रहे हैं।दूसरी ओर आरडीएस कॉलेज के प्राचार्य प्रभु कांत झा कॉलेज मुख्य द्वार से अतिक्रमण हटाने को लेकर सीओ आजमनगर से लेकर एसडीओ बारसोई तक को आवेदन महीनों पूर्व देने के बाद भी अतिक्रमण हटाने की दिशा में प्रशासनिक महकमें की तरफ से कोई खास पहल नहीं की गई है।स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की ढुलमुल रवैये पर चिंता जाहिर करते हुए अविलंब अतिक्रमण हटाने की मांग की है।अन्यथा की स्थिति में विरोध प्रदर्शन की रणनीति बनाने की बात कही गयी।पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि संजय गुप्ता ने कहा कॉलेज मुख्य द्वार से अतिक्रमण हटाने से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा हटेगा जाम की स्थिति से निजात मिलेगी।कॉलेज मुख्य द्वार के आगे चाय नास्ते की दुकान पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने से कॉलेज में छात्र छात्रों की मौजूदगी कम होती जा रही है।जो शैक्षणिक माहौल के लिए अच्छा संकेत नहीं है।







**कहते हैं प्राचार्य**

आरडीएस कॉलेज के प्राचार्य प्रभु कांत झा ने कहा कॉलेज मुख्य द्वार से अतिक्रमण हटाने को लेकर लिखित आवेदन महीनों पूर्व सीओ आजमनगर एसडीओ बारसोई को दिया गया है।बावजूद इसके अतिक्रमण हटाने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई है।

**कहते हैं पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि**

पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि आजमनगर संजय गुप्ता ने कहा कॉलेज मुख्य द्वार से अतिक्रमण हटाए जाने से जाम की समस्या जहां दूर होगी वहीं कॉलेज में छात्र छात्राओं की उपस्थिति बढ़ेगी।

**कहते हैं सीओ**

सीओ संजय कुमार आजमनगर ने कहा राज्य सरकार के निदेर्शानुसार कॉलेज प्रशासन की तरफ से पहले अतिक्रमणकारियों पर स्थानीय थानें में एफआईआर होगी तब प्रशासनिक स्तर पर अतिक्रमण हटाने की दिशा में पहल होगी।

## नियुक्ति की मांग पर कल से शिक्षक अभ्यार्थी करेंगे महाआंदोलन

### लिखित आश्वासन मिलने तक जारी रखेंगे अपना महाआंदोलन



**पटना,एजेंसी।** बिहार में प्रारंभिक स्कूलों के लिए 94 हजार सीटों पर चल रही बहाली प्रक्रिया का मुद्दा फिर से गरमाने लगा है। इसको लेकर शिक्षक अभ्यर्थी सोमवार से फिर से महाआंदोलन करने जा रहे हैं। अभ्यर्थियों का आरोप है कि वर्ष 2019 से चल रही बहाली प्रक्रिया को सरकार जान-बूझकर पूरा नहीं करवा रही है और अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। न्यायालय के आदेश के बाद नियोजन इकाइयों में दो फेज की काउंसिलिंग भी करवाई गई थी। लेकिन 38 हजार चयनित अभ्यर्थियों को पहले काउंसिलिंग कराने से कोई फायदा नहीं मिला और बीच में पंचायत चुनाव की वजह से लागू आचार संहिता ने नियुक्ति पत्र पर रोक लगवा दी। अब एक तरफ काउंसिलिंग से वंचित अभ्यर्थी सरकार के रवैये से नाराज हैं। तो वहीं, चयनित 38 हजार अभ्यर्थी नियुक्ति पत्र को लेकर बहुत आक्रोशित हैं। लंबे समय बाद शिक्षा मंत्री ने शिक्षक अभ्यर्थियों के मुद्दे पर कहा कि पंचायत चुनाव के बाद छठे चरण की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी और बचे हुए काउंसिलिंग कराए जाएंगे। साथ ही चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने नियुक्ति पत्र को लेकर एक बार फिर कोई तारीख नहीं बतायी और कहा कि चुनावी प्रक्रिया के बाद अतिशीघ्र नियुक्ति पत्र देंगे।

शिक्षा मंत्री के इस बयान के बाद भी पहले से आंदोलन का एलान कर चुके अभ्यर्थियों को कोई फर्क नहीं पड़ा है। उन्होंने मंत्री पर आरोप लगाते हुए इसे सरकार की साजिश करार दिया। उन्होंने कहा कि यह सब उनके आंदोलन को कमजोर करने की साजिश है। क्योंकि शिक्षा मंत्री ने इससे पहले भी कहा था कि 15 अगस्त तक नियुक्ति पत्र दे दी जाएगी, फिर दिवाली तक कहा था कि नियुक्ति पत्र मिलेगी लेकिन हर बार वो अपनी कही हुई बात पर कायम नहीं रहते। अभ्यर्थियों ने मन बना लिया है कि 29 नवंबर से गर्दनीबाग में राज्य भर के शिक्षक अभ्यर्थी महाआंदोलन की फिर से शुरूआत करेंगे। अभ्यर्थी राजेन्द्र प्रसाद, सौरभ कुमार, मुन्नी शुक्ला, गुड़िया चौधरी, मधु झा समेत सभी ने कहा कि वो अपनी जिद पर कायम हैं कि अब सरकार के मौखिक आश्वासन पर भरोसा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक उन्हें नियुक्ति पत्र को लेकर लिखित आश्वासन नहीं मिलता तब तक वो अपना आंदोलन जारी रखेंगे।

## वर्षों से जानलेवा बना हैं नागापोखर से योगीडिह जानेवाली ग्रामीण पथ, दशकों पूर्व पथ पर मनरेगा योजना से मिट्टी, ईट सोलिंग का किया गया था कार्य

» मदरलैण्ड संवाददाता





बेतिया। बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के नागापोखर स्थित महेंद्र महतो के घर से योगीडिह जाने वाली ग्रामीण मुख्य पथ वर्षों से जानलेवा बना हुआ है. दशकों पूर्व इस पथ पर लगभग दो किलोमीटर की दूरी में मनरेगा योजना से तत्कालीन जिला परिषद सदस्य अरविंद कुमार के द्वारा उक्त पथ पर मिट्टी, ईंट सोलिंग का कार्य किया गया था. तब से आज तक इस पथ पर कोई कार्य नहीं किया गया है. जिससे यह पथ जानलेवा बन चुकी है. दर्जनों जगह पर छोटे बड़े गड्ढे बने गये हैं. जिससे राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है.इस पथ पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है.कई राहगीर व स्कूली छात्र- छात्राएं गंभीर रूप से जख्मी भी हो चुकी है.खासकर किसानों को अपने खेतों से तैयार फसलों को लाने में काफी दिक्कतें होती रहती है.किसानों ने बताया कि इस पथ को कई बार नापी भी करवाया जा चुका है, परंतु अब तक इस पथ पर कोई कार्य नहीं किया गया है. जिससे लोगों को आने जाने में काफी फजीहत झेलनी पड़ती है.इस पथ से बरियारपुर पूर्वी, बरियारपुर पश्चिमी, तारा, मसुराज, योगीडिह, जाना, सिरसी, तेतराही, सोनवर्षा, कुम्भी, पनसल्ला आदि गांव की जाने वाली ग्रामीण मुख्य पथ है. इस पथ के जर्जर रहने से राहगीरों को पांच किलोमीटर घूम कर आवागमन होता है. स्थानीय ग्रामीण रामचंद्र महतो, महेंद्र महतो, रामबाबू महतो, बैजू महतो, कारी मल्लिक, संतोष मल्लिक, सुजीत कुमार, दिलीप प्रसाद वर्मा, कपिल देव प्रसाद वर्मा सहित अनेक लोगों ने जर्जर पथ को अविलंब जीर्णोद्धार किये जाने की मांग सरकार एवं जिला प्रशासन से की है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

मदरलैण्ड वॉइस 09
नई दिल्ली, सोमवार, 29 नवम्बर 2021

# कोरोना के नए स्वरूप 'नू' का पूरी दुनिया में खौफ

## अमेरिका, श्रीलंका ने अफ्रीकी देशों पर लगाया यात्रा प्रतिबंध

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** महामारी कोरोना के नए स्वरूप 'नू' की पहचान होने के बाद पूरी दुनिया में खौफ बरकरार है और सभी देश सतर्क हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका में कोरोना वायरस के नए वेरिएंट मिलने से अमेरिका आठ अफ्रीकी देशों पर यात्रा प्रतिबंध लगाएगा। ये घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने की है। अपने मुख्य चिकित्सा सलाहकार एंथनी फौसी की सलाह के अनुसार, बाइडेन ने शुक्रवार को कहा कि उनका प्रशासन दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना, जिम्बाब्वे, नामीबिया, लेसोथो, इस्वातिनी, मोजाम्बिक और मलावी से हवाई यात्रा को एहतियाती उपाय के रूप में प्रतिबंधित करेगा। ये प्रतिबंध अमेरिका में नए वेरिएंट 'ओमीक्रॉन' को फैलने से रोकने के लिए लगाए जा रहे हैं। समाचार में बताया कि बाइडेन के अनुसार प्रशासन अभी वेरिएंट के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रहा है। उन्होंने अमेरिकियों और दुनिया भर के लोगों से वायरस के खिलाफ टीकाकरण करने का आग्रह किया। यह घोषणा ब्रिटेन, कनाडा और फ्रांस सहित अन्य देशों ने भी की है।



अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों ने वरिष्ठ प्रशासन अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिकी प्रतिबंध अमेरिकी नागरिकों और वैध स्थायी निवासियों पर लागू नहीं होते हैं, लेकिन जिन्हें फिर भी अमेरिका में प्रवेश करना हैं उन्हें पहले कोरोना की निगेटिव रिपोर्ट दिखानी होगी। दूसरी ओर श्रीलंका भी रविवार से छह दक्षिण अफ्रीकी देशों के अधिकतर यात्रियों को अपनी सीमा में प्रवेश देने पर रोक लगाएगा। श्रीलंकन सरकार ने यह कदम दक्षिण अफ्रीका में इस हफ्ते के शुरुआत में कोविड-19 वायरस के अपेक्षाकृत अधिक घातक स्वरूप ओमीक्रॉन की पहचान होने के मद्देनजर उठाया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य सेवा के महानिदेशक द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार, 'रविवार से दक्षिण अफ्रीका, बोत्स्वाना, जिम्बाब्वे, नामीबिया, लेसोथो और इस्वातिनी से आने वाले यात्रियों को अनिवार्य रूप से पृथकवास में रहने की आवश्यकता होगी।' परिपत्र में कहा गया, 'कोविड-19 का नया स्वरूप 'नू' की पहचान दक्षिण अफ्रीका में की गई है और जो लोग दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना, लेसोथो, नामीबिया, जिम्बाब्वे और इस्वातिनी (स्वाजीलैंड) से आएंगे या गत 14 दिनों में वहां पर निवास किया है उन्हें श्रीलंका आने की अनुमति नहीं दी जाएगी।'

आदेश में कहा गया कि सप्ताह के आखिर में इन छह अफ्रीकी देशों से आने वाले 12 साल से अधिक उम्र के यात्रियों को भी आरटी-पीसीआर जांच से गुजरना पड़ेगा, भले ही उनका टीकाकरण पूर्ण हो चुका है। गौरतलब है कि कोविड-19 वायरस के बी.1.1.529 स्वरूप की पहचान इस हफ्ते दक्षिण अफ्रीका में की गई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इस स्वरूप को 'चिंता उत्पन्न करने वाले स्वरूप' की श्रेणी में डाला। विश्व निकाय ने वायरस के इस स्वरूप को 'ओमीक्रॉन' नाम दिया है। इस वायरस की सबसे पहले जानकारी 24 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका में मिली। इससे संक्रमण के मामले बोत्स्वाना, बेलजियम, हांगकांग और इजराइल में भी मिले हैं।

# वायरस ओमीक्रोन की दहशत, न्यूयॉर्क में 'इमरजेंसी' का ऐलान

## वैज्ञानिक बोले- आ सकती है 'महामारी 2.0'

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** कोरोना के अत्यंत घातक नए वेरिएंट ओमीक्रोन को लेकर पूरी दुनिया में दहशत बरकरार है। न्यूयॉर्क की गवर्नर ने यहां 'आपातकाल की स्थिति' घोषित कर दी है, क्योंकि अप्रैल 2020 के बाद से कोरोना संक्रमण दर अपने शीर्ष स्तर पर पहुंच गई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बोत्सवाना में पहली बार सामने आया कोविड का 'चिंताजनक' वैरिएंट 'आ रहा है।' चिकित्सा विज्ञानियों का कहना है कि यह वैरिएंट बेहद 'चिंताजनक' है और 'महामारी 2.0' को बढ़ावा दे सकता है। विशेषज्ञों की चेतावनी के बाद ही उन्होंने 'आपातकाल की स्थिति' की घोषणा की है। विशेषज्ञों ने देशों से यात्रा प्रतिबंध लागू करने का आग्रह किया है। अमेरिका ने म्यूटेंट स्ट्रेन ओमीक्रोन को आने से रोकने के लिए आठ दक्षिणी अफ्रीकी देशों की उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया है जो सोमवार से लागू होगा। शुक्रवार रात दक्षिण अफ्रीका से एक फ्लाइट नीदरलैंड्स में उतरी, जिसमें दर्जनों लोग ओमीक्रोन से संक्रमित थे। सभी यात्रियों को क्वारंटीन कर दिया गया है और उनका टेस्ट किया जा रहा है।

एम्पायर स्टेट की गवर्नर कैथी होचुल का कहना है कि अगर अस्पताल की क्षमता खतरनाक रूप से कम होती है तो 3 दिसंबर से सभी गैर-जरूरी प्रक्रियाओं को स्थगित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर किसी अस्पताल के पास 10 फीसदी से कम 'स्टाफ बेड क्षमता' बचती है तो उसे गैर-जरूरी या वैकल्पिक सुविधाओं को रद्द करने की अनुमति दी जाएगी। कोविड संचरण की दर अप्रैल 2020 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर है जिसे देखते हुए उन्होंने 'आपदा आपातकाल' की घोषणा की है। होचुल ने कहा कि नए ओमीक्रोन संस्करण का अभी तक न्यूयॉर्क राज्य में पता नहीं चला है, यह आ रहा है। सीडीसी ने कहा कि उन्हें अमेरिका में अभी तक किसी भी ओमीक्रोन मामले का पता नहीं चला है। उन्हें विश्वास है कि जब संक्रमितों का पता जल्द ही लगा लेंगे। अमेरिका के अलावा श्रीलंका, पाकिस्तान जैसे एशियाई देश भी अफ्रीकी देशों पर ट्रैवल बैन लगा चुके हैं। पाकिस्तान में कोविड-19 से निपटने और इसके मद्देनजर नीतियां बनाने वाला एनसीओसी प्रमुख संगठन है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका में गोलीबारी में 3 लोगों की मौत, चार घायल

न्यूयार्क, एजेंसी। अमेरिका में टेनेसी राज्य के नेशविल में एक परिवार पर की गई गोलीबारी में 3 लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी शुक्रवार रात नेशविल स्थित एक अपार्टमेंट में हुई। पुलिस ने कहा कि मौके पर से तीन युवक मृत मिले हैं जबकि चार अन्य घायल अवस्था में मिले, लेकिन उनकी जान को खतरा नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि अपार्टमेंट में किसी के जबरन घुसने के कोई संकेत नहीं मिले हैं और मौके से दो बंदूकें बरामद की गई हैं। उन्होंने संदिग्धों को लेकर फिलहाल कुछ नहीं कहा है। घटना की जांच की जा रही है। मृतकों तथा घायलों के नाम और उम्र का अभी खुलासा नहीं किया गया है।

### आदत से बाज नहीं आ रहा तालिबान, पुलिस चेकपॉइंट पर न रुकने पर डॉक्टर की ली जान

काबुल, एजेंसी। दुनिया से खुद के प्रति नरमी बरतने की अपील करने वाला तालिबान अपने ही नागरिकों के साथ कितनी क्रूरता कर रहा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चेकपॉइंट पर नहीं रुकने की वजह से तालिबानियों ने एक 33 वर्षीय डॉक्टर की जान ले ली। यह मामला अफगानिस्तान के हेरात प्रांत का है। मृतक के परिवार ने बताया कि पुलिस चेकपॉइंट पर न रुकने की वजह से 33 साल के अमरुद्दीन नूरी को तालिबानियों ने जान से मार दिया। सूत्रों के मुताबिक, नूरी एक छोटा प्राइवेट क्लिनिक चलाते थे और हाल ही में उनकी शादी हुई थी। तालिबान ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर 15 अगस्त को कब्जा किया था। तालिबान ने सत्ता में आते ही दावा किया था कि अफगानियों के जीवन की रक्षा करेगा। हालांकि, यह असल हालात से उलट हैं। तालिबान के सत्ता में आने के बाद से ही अफगानियों पर क्रूरता के मामले आम हो गए हैं।

### मेक्सिको के जाकाटेकस प्रांत में गोलिबारी में आठ लोगों की मौत

मेक्सिको सिटी, एजेंसी। मेक्सिको के जाकाटेकस प्रांत में हिंसक वारदात की दो घटनाओं में आठ लोगों की जान चली गई है। राज्य अभियोजकों ने शनिवार को कहा कि वालपराइसो नगर के पास हुई गोलीबारी वाली जगहों से वाहन एवं बंदूकें बरामद की गई हैं। यह जगह जलिस्को राज्य से लगने वाली सीमा के पास है। जलिस्को और सिनालोआ कार्टेल (मादक पदार्थ उत्पादक समूह) के बीच हुई लड़ाई में बंदूकधारी मारे गए। नेशनल गार्ड और सैनिकों ने गोलीबारी के खिलाफ कार्रवाई की, लेकिन मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। शुक्रवार देर रात गोलीबारी की घटना, जाकाटेकस में एक राजमार्ग पर हवाई पुल से तीन शव लटके पाए जाने के बाद हुई, जहां पिछले सप्ताह 10 अन्य शव पाए गए थे, जिनमें से नौ एक पुल से लटके हुए थे। बुधवार को, मेक्सिको की सेना ने घोषणा की कि वह जाकाटेकस को जंगी जहाज भेजेगी। सिनालोआ और जलिस्को न्यू जनरेशन समूह राज्य पर अपना-अपना नियंत्रण हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जो मादक पदार्थों के लिए एक प्रमुख पारगमन बिंदु हैं, विशेष रूप से शक्तिशाली सिंथेटिक दर्द निवारक दवा फेंटेनाइल के लिए।

### इटली और जर्मनी में मिले कोरोना नए वेरिएंट 'ओमीक्रोन' के मामले

लंदन, एजेंसी। महामारी कोरोना वायरस संक्रमण के नए स्वरूप ओमीक्रोन से खौफ के बीच कई देशों में इसकी पुष्टि हुई है। इतालवी समाचारों के मुताबिक अफ्रीकी देश मोजाम्बिक से लौटा व्यक्ति ओमीक्रोन स्वरूप से संक्रमित पाया गया है। एजेंसी ने बताया कि यह व्यक्ति एक कारोबारी है और 11 नवंबर को नेपल्स के निकट स्थित अपने घर लौटा था। खबर के मुताबिक कारोबारी के परिवार के पांच सदस्य भी वायरस के नए स्वरूप से संक्रमित पाए गए हैं जिनमें दो स्कूली बच्चे भी शामिल है। सभी संक्रमितों को नेपल्स के उपनगर कैसरटा में पृथक-वास में रखा गया है और सभी में संक्रमण के हल्के लक्षण हैं व उनकी हालत ठीक है।

# मेक्सिको- जबरन वसूली से परेशान हो आत्मरक्षा समूह के 500 लोग पुलिस की मदद के लिए लामबंद

**नुएवो उरेचो, मेक्सिको, एजेंसी।** पश्चिमी मेक्सिको में जबरन वसूली की मांग और अपहरण से तंग आकर लोग एकजुट हो गए है। एवोकाडो उत्पादकों से जबरन वसूली की बढ़ती घटनाओं से परेशान 'यूनाइटेड टाउन्स' या 'पुएब्लोस यूनिडोस' नामक तथाकथित 'आत्मरक्षा' समूह के 500 लोग शनिवार को एकत्र हुए और उन्होंने पुलिस की सहायता का संकल्प लिया। पश्चिमी राज्य मिचोआकन के नुएवो उरेचो शहर में एआर-15 और अन्य राइफलों के साथ-साथ बंदूकों से लैस लोग एकत्र हुए। उन्होंने कहा कि वियागरा और जलिस्को जैसे मादक पदार्थ गिरोह एवोकाडो उत्पादकों से लगभग 1000 अमेरिकी डॉलर प्रति एकड़ (2500 अमेरिकी डॉलर प्रति हेक्टेयर) कर वसूल रहे हैं। जबरन वसूली की मांग और अपहरण से तंग आकर, उत्पादकों और किसानों ने 2020 में इस समूह का गठन किया और अब इसमें लगभग 3000 सदस्य होने का दावा किया जाता है। समूह के एक नकाबपोश नेता ने कहा, 'हममें से कई लोग अपहरण, जबरन वसूली के शिकार हुए हैं।' गवर्नर अल्फ्रेडो रामिरेज बेदोला ने राज्य के विभिन्न आत्मरक्षा समूहों को निरस्त्र करने का संकल्प लिया है, जिस पर समूह के नेता ने कहा, 'हम पुलिस की संख्या बढ़ाने के लिए महापौर के साथ समझौते पर पहुंचे हैं। फिलहाल, हम अपनी बंदूकें रख रहे हैं, लेकिन हम किसी भी समय पुलिस का सहयोग करने और बाहर आने के लिए तैयार हैं।'' इस बार आत्मरक्षा का आंदोलन ज्यादातर एवोकाडो उगाने वाले क्षेत्रों में चल रहा है। चूंकि एवोकाडो एक अधिक व्यापक और आकर्षक फसल बन गई है, इसलिए मादक पदार्थ तस्करों और गिरोहों ने उत्पादकों से सुरक्षा भुगतान वसूलने का काम शुरू कर दिया है। पुएब्लोस यूनिडोस के नेताओं ने कहा कि वे किसी भी युद्धरत गिरोह से जुड़े नहीं थे और हथियार डालने के इच्छुक हैं।



ब्रिटेन में आये एक तूफान से सड़कों पर जा रही गाड़ियों पर पेड़ गिरने से तीन लोगों की मौत हो गयी।

# चीन के कर्ज का नया शिकार बना युगांडा, देश के इकलौते अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर ड्रैगन ने किया कब्जा

**बीजिंग, एजेंसी।** पाकिस्तान, श्रीलंका और कई अन्य देशों के बाद अब चीन के कर्ज का नया शिकार अफ्रीकी देश युगांडा बना है। कर्ज चुकाने में विफल रहने के कारण युगांडा सरकार को अपना प्रमुख हवाई अड्डा चीन को सौंपना पड़ा है। मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि युगांडा सरकार चीन के साथ एक लोन एग्रीमेंट को पूरा करने में विफल रही है। जिसके बाद अनुबंध के तहत उसे अपने एकमात्र हवाई अड्डे को चीन को सौंपना पड़ा है।



बताया जाता है कि एंटेबे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और कुछ अन्य युगांडा की संपत्तियां कुर्क की गई हैं। चीनी ऋणदाताओं की ओर से ऋण की मध्यस्थता पर कब्जा करने पर सहमति व्यक्त की गई। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने एक प्रतिनिधिमंडल को पेइचिंग भेजा था, जिसमें इस बात की उम्मीद जताई गई थी कि इन शर्तों पर फिर से बातचीत हो सकेगी। बताया जाता है कि यात्रा असफल रही क्योंकि चीन के अधिकारियों ने सौदे की मूल शर्तों में किसी भी बदलाव की अनुमति देने से इनकार कर दिया।

युगांडा सरकार ने 17 नवंबर, 2015 को निर्यात-आयात बैंक ऑफ चाइना (एक्जिम बैंक) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे और कुछ शर्तों के साथ ऋण की राशि ली गई थी। चीनी उधारदाताओं के साथ किए गए सौदे में अपना सबसे प्रमुख हवाई अड्डा चीन को सौंप देने की शर्त रखी गई थी।

युगांडा नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (यूसीएए) ने कहा कि वित्तपोषण समझौते में कुछ प्रावधान एंटेबे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और अन्य युगांडा संपत्तियों को पेइचिंग में मध्यस्थता पर चीनी उधारदाताओं द्वारा संलग्न और अधिग्रहण करने के लिए हैं। चीन ने युगांडा की ओर से 2015 के ऋण के खंडों पर फिर से बातचीत करने की दलीलों को खारिज कर दिया है, जिससे युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी का प्रशासन चिंता में पड़ गया है।

# होंडुरास चुनाव : 12 साल से सत्ता पर काबिज नेशनल पार्टी हो सकती बेदखल

**तेगुसिगल्पा, होंडुरास, एजेंसी।** लातिन अमेरिकी देश होंडुरास में शीर्ष राष्ट्रपति पद के लिए रविवार को मतदान किया जा रहा है। आमजनता राष्ट्रपति जुआन ऑरलैंडो हर्नांडेज के उत्तराधिकारी का चुनाव करेंगे। देश की सत्ता पर 12 साल से काबिज नेशनल पार्टी के हारने की आशंका है। वामपंथी दल 'लिबर्टी एंड री-फाउंडेशन पार्टी' की प्रत्याशी शीयोमारा कास्त्रो जीत की प्रबल दावेदार हैं। होंडुरास की पूर्व प्रथम महिला कास्त्रो तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव में किस्मत आजमा रही हैं। विश्लेषकों का कहना है कि 13 विपक्षी प्रत्याशियों में शामिल कास्त्रो, राष्ट्रपति हर्नांडेज द्वारा उत्तराधिकारी के लिए घोषित प्रत्याशी नासरी अस्फुरा को हरा सकती हैं। अस्फुरा तेगुसिगल्पा के मौजूदा महापौर हैं।



हालांकि, होंडुरास के लोगों का चुनाव पर अविश्वास इस कदर है कि माना जा रहा है कि भले कोई भी जीते सड़कों पर संघर्ष की स्थिति उत्पन्न होगी। वर्ष 2017 में भी चुनाव में अनियमितता के आरोप की वजह से लोग सड़कों पर उतरे थे और सरकार को कर्फ्यू लगाना पड़ा था। तीन सप्ताह बाद 'ऑर्गेनाइजेशन ऑफ अमेरिकन स्टेट अब्जर्वेशन मिशन' द्वारा दोबारा चुनाव की मांग के बावजूद हर्नांडेज को विजेता घोषित कर दिया गया था। चुनाव से जुड़ी हिंसा में 23 लोगों की मौत हुई थी। चुनाव बाद हिंसा की आशंका के कारण इस बार कारोबारी कोई खतरा नहीं लेना चाहते और राजधानी में मौजूद प्रतिष्ठानों के मालिक शनिवार को कांच की खिड़कियों को प्लाईवुड से ढकते नजर आए। होंडुरास में 51 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं और 6000 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। राष्ट्रपति चुनने के अलावा लोग नई संसद के लिए भी मतदान करेंगे।

# चीनी राष्ट्रपति के दबाव में कोरोना के नए वैरिएंट का नाम पड़ा 'ओमीक्रॉन, डब्ल्यूएचओ पर फिर उठे सवाल

**जिनेवा, एजेंसी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा दक्षिण अफ्रीका में मिले कोरोना के नए वैरिएंट को 'ओमीक्रॉन' नाम देने के साथ ही नया विवाद छिड़ गया है। नए वैरिएंट के नामकरण में ग्रीक वर्णमाला के दो शब्दों को छोड़ने से एक बार फिर डब्ल्यूएचओ पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। कहा जा रहा है कि विश्व निकाय ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के दबाव में इन शब्दों को नजरअंदाज किया। दरअसल विश्व स्वास्थ्य संगठन कोरोना के नए वैरिएंट्स को ग्रीक अल्फाबेट के लेटर्स के मुताबिक नाम देता है। इस बार डब्ल्यूएचओ ने ग्रीक वर्णमाला के अल्फाबेट नू और शी छोड़ दिए हैं। अब तक डबल्यूएचओ वायरस स्वरूपों को सरल भाषा में बताने के लिए वर्णमाला के क्रम (अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा आदि) का पालन कर रहा था।



विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक सूत्र ने इसकी पुष्टि भी की है कि डब्ल्यूएचओ ने दोनों अक्षरों को जानबूझकर छोड़ा है। डब्ल्यूएचओ ने ऐसा चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग को बदनाम होने से बचाने के लिए किया है। ग्रीक वर्णमाला के क्रमानुसार अब आने वाले वैरिएंट का नाम शी रखा जाना था और चीन के राष्ट्रपति के नाम में भी शी आता है।

शुक्रवार को हुई विश्व स्वास्थ्य संगठन की बैठक में फैसला लिया गया कि वायरस को 'नू' नाम इसलिए नहीं दिया जाएगा क्योंकि लोग इसे 'न्यू' समझ सकते हैं और ऐसे में कन्फ्यूजन का जोखिम है। इसके बाद शी को भी छोड़ने का फैसला किया गया, क्योंकि इससे एक क्षेत्र विशेष की बदनामी का डर था। महामारी की शुरूआत से ही डब्ल्यूएचओ पर आरोप लगते रहे हैं कि वह चीन के दबाव में काम कर रहा है, लेकिन अब उसने शी जिनपिंग के डर से कोरोना के नामकरण में ही घोटाला कर डाला है, जिसको लेकर दुनिया एक बार फिर डब्ल्यूएचओ की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

शुक्रवार को डब्ल्यूएचओ ने कोरोना के बी.1.1.529 वैरिएंट को 'वैरिएंट ऑफ कंसर्न' करार दिया है। इस वैरिएंट का सबसे पहला मामला दक्षिण अफ्रीका में मिला है। हालांकि अब तक इसके मामले हांगकांग, इजरायल और बोत्स्वाना में मिल चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य निकाय के मुताबिक यह वैरिएंट अत्याधिक तेजी से फैलता है। अभी तक इसके असल जोखिमों का पता लगाया जाना बाकी है। फिलहाल मौजूद सबूतों से यह पता लगता है कि इस वैरिएंट से दोबारा संक्रमण का जोखिम बढ़ता है।

# ओमीक्रॉन से दहशत, अमेरिका, इटली, ब्रिटेन, श्रीलंका समेत कई देशों ने अफ्रीका पर लगाया प्रतिबंध

**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमीक्रॉन ने दुनियाभर में फिर से दहशत पैदा कर दी है। दुनिया के कई देशों ने दक्षिण अफ्रीका पर कई तरह की पाबंदियां लगा दी हैं। कई देशों ने दक्षिण अफ्रीका से आने वाली उड़ानों पर रोक लगा दी है तो किसी ने वहां से आने वाले लोगों के लिए क्वारेन्टान का नियम लागू कर दिया है। दुनिया के कई देशों में भी ओमीक्रॉन वेरिएंट से संक्रमित मरीजों की पहचान हुई है, जिसके बाद देशों ने दक्षिण अफ्रीका पर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए हैं। यूके में भी इस वेरिएंट से संक्रमित दो मरीज मिल चुके हैं, जिसके बाद उसने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के आने पर टेस्टिंग और मास्क पहनने को जरूरी कर दिया है। जर्मनी और इटली में भी इसके मरीज मिले हैं। साथ ही बेल्जियम, इजरायल और हांगकांग में भी यात्रियों में ओमीक्रॉन वेरिएंट पाया गया है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने बताया कि जो भी लोग इंग्लैंड लौटेंगे, उन्हें आरटी-पीसीआर टेस्ट करवाना जरूरी होगा और निगेटिव रिपोर्ट आने तक सेल्फ आइसोलेट ही रहना होगा। उन्होंने बताया अगर कोई भी ओमीक्रॉन वेरिएंट से संक्रमित मिलता है तो उसके सभी करीबियों को 10 दिन तक क्वारनटीन ही रहना होगा। हालांकि, अगर कोई पूरी तरह वैक्सीनेटेड है और उसका कोई करीबी ओमीक्रॉन से संक्रमित मिलता है तो उसे क्वारनटीन नहीं रहना होगा।

इसके अलावा पब्लिक ट्रांसपोर्ट और दुकानों पर मास्क पहनना भी जरूरी कर दिया गया है। ब्रिटेन के हेल्थ डिपार्टमेंट के मुताबिक, यूके में ओमीक्रॉन वेरिएंट के जो 2 नए मामले सामने आए हैं, उनका लिंक दक्षिण अफ्रीका से है। ब्रिटिश सरकार ने 4 और दक्षिण अफ्रीकी देश अंगोला, मलावी, मोजाम्बिक और जाम्बिया को ट्रैवल की रेड लिस्ट में डाल दिया है। इस लिस्ट में बोत्सवाना, इस्वातिनी, लेसोथो, नामीबिया, दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे पहले से ही शामिल हैं। रेड लिस्ट में होने का मतलब ये हुआ कि इन देशों से अगर कोई आता है तो उसे क्वारनटीन रहना होगा।

ब्रिटेन के अलावा ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, यूरोपियन यूनियन, ईरान, जापान, थाइलैंड और अमेरिका ने भी दक्षिण अफ्रीका पर कई तरह की पाबंदियां लगा दी हैं।

# चौतरफा बैन से परेशान द. अफ्रीका ने कहा एडवांस जीनोम सीक्वेंसींग से ओमीक्रॉन को खोजने की दी जा रही सजा

**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमीक्रॉन का पता लगने के बाद ब्रिटेन समेत कई देशों ने दक्षिण अफ्रीका पर यात्रा प्रतिबंध लगा दिए हैं। विदेशी देशों की ओर से यात्रा प्रतिबंध लगाए जाने से नाखुश दक्षिण अफ्रीका ने कहा कि उसे एडवांस जीनोम सीक्वेंसींग के जरिए वैरिएंट खोजने की सजा दी जा रही है। दक्षिण अफ्रीका ने कहा कि इसकी वजह से पर्यटन, अर्थव्यवस्था के बाकी सेक्टर को नुकसान पहुंचने का खतरा बढ़ गया है। नए वैरिएंट का पता चलने के बाद ब्रिटेन, ऑस्ट्रिया, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली और नीदरलैंड, अमेरिका, सऊदी अरब, श्रीलंका, ब्राजील समेत कई देशों ने अफ्रीकी देशों की फ्लाइट बैन कर दी है।



दक्षिण अफ्रीका में दुनिया के कुछ टॉप महामारी विज्ञानी और साइंटिस्ट हैं, जो कोरोना वायरस के इस नए प्रकार को पहचानने में कामयाब रहे हैं। ओमीक्रॉन वैरिएंटर का सबसे पहले पता साउथ अफ्रीका में ही लगा है और उसके बाद से बेल्जियन, बोत्सवाना, इजराइल और हांगकांग में भी इस वैरिएंट के केस की पुष्टि हुई है। दक्षिण अफ्रीका के इंटरनेशनल रिलेशन और कॉपरेशन मंत्रालय ने कहा 'यात्रा प्रतिबंधों का यह नया दौर साउथ अफ्रीका को उसकी उन्नत जीनोम सिक्वेंसिंग और नए वैरिएंट का पता लगाने की क्षमता के लिए दंडित करने जैसा है।

मंत्रालय ने कहा अच्छी साइंस की सराहना की जानी चाहिए न कि दंडित किया जाना चाहिए। दरअसल, शुक्रवार और शनिवार को कई देशों ने दक्षिण अफ्रीका और इससे संबंधित क्षेत्र के अन्य देशों में यात्रा प्रतिबंधों की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री नलेदी पंडोर ने एक बयान में कहा कि हमारी चिंता यह है कि इन प्रतिबंधों, यात्रा और पर्यटन उद्योगों और व्यापा को नुकसान हो रहा है।

दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्रालय ने कहा अन्य देशों में भी कोरोना के नए वैरिएंट का पता चला था, लेकिन उन देशों को लेकर जो वैश्विक प्रतिक्रिया सामने आई वह दक्षिण अफ्रीका की तुलना में काफी अलग रही। उल्लेखनीय है कि दक्षिण अफ्रीका में वैज्ञानिकों की एक टीम ने बुधवार को कोरोना वायरस के इस नए वैरिएंट की घोषणा की थी। वैज्ञानिकों ने कहा था कि उन्होंने उन्होंने एक ऐसे वैरिएंट का पता लगाया है, जो संभवतः शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया से बच सकता है और उसमें बाकी वैरिएंट की तुलना में तेजी से फैलने का गुण है। दक्षिण अफ्रीकी वैज्ञानिकों की घोषणा के बाद शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसे ओमीक्रॉम नाम दिया और इसे वैरिएंट ऑफ कन्सर्न बताया।

# कोरोना के नए वैरियंट ओमिक्रान की आशंका से कच्चे तेल के दाम में गिरावट

### एक दिन में ब्रेंट क्रूड की कीमत प्रति बैरल 72.72 डालर पहुंची, भारत में कम हो सकती है पेट्रोल और डीजल की कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रान की आशंका से मची अफरातफरी से शेयर बाजार के बाद कच्चे तेल के दाम में भी गिरावट देखी गई। एक दिन में ब्रेंट क्रूड के दाम में 11.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और इसकी कीमत प्रति बैरल 72.72 डालर के स्तर पर पहुंच गई। वहीं वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआइ) क्रूड के दाम में 13.1 प्रतिशत की गिरावट रही और यह प्रति बैरल 68.15 डालर के स्तर पर पहुंच गया। यूरोप और अमेरिका की तरफ से अंतरराष्ट्रीय यात्रा को सीमित करने और कुछ देशों में लाकडाउन जैसी स्थिति से अभी आगे भी कच्चे तेल के दाम में गिरावट जारी रहने की संभावना है। ऐसे में भारत में पेट्रोल और डीजल के दाम कम हो सकते हैं और महंगाई में और कमी आ सकती है। बीते शुक्रवार को कोरोना के नए वैरिएंट की वजह से भारतीय शेयर बाजार में 1688 अकं की गिरावट दर्ज की गई। शेयर बाजार में भी अभी उथल-पुथल जारी रहने की आशंका है। दूसरी तरफ आगामी दो दिसंबर को आर्गनाइजेशंस आफ द पेट्रोलियम एक्सपोर्ट कंट्रीज (ओपेक) के सदस्य देशों की बैठक होने वाली है, जहां तेल के उत्पादन को लेकर आगे की रणनीति तय की जाएगी क्योंकि भारत, अमेरिका, जापान, कोरिया, चीन जैसे देशों ने कच्चे तेल के दाम को कम करने के लिए अपने भंडारण से तेल की खपत करने का फैसला किया है।



भारत और अमेरिका ओपेक से अपने उत्पादन बढ़ाने की गुजारिश कर चुके हैं ताकि कच्चे तेल के दाम में नरमी आ सके। भारत अपनी कुल खपत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है और कच्चे तेल के दाम बढ़ने से भारत के आयात बिल में बढ़ोतरी होती है और यह भारत में महंगाई को भी हवा देने का काम करती है। विशेषज्ञों के मुताबिक ओपेक की भी नजर कोरोना के नए वैरिएंट पर होगी और उसे ध्यान में रखते हुए ही ओपेक अपना फैसला लेगा। नए वैरिएंट से एक बार फिर से वैश्विक अर्थव्यवस्था के प्रभावित होने की आशंका पैदा हो गई है, जिससे पेट्रोल व डीजल की खपत कम हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम कम होने पर घरेलू स्तर पर पेट्रोल व डीजल की उत्पादन लागत कम होने में 10-15 दिनों का समय लगता है।

## एफएमसीजी बाजार में ऊंचे आधार प्रभाव से और गिरावट आएगी: रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोजमर्रा के इस्तेमाल वाले उत्पादों (एफएमसीजी) के बाजार में ऊंचे आधार प्रभाव की वजह से अभी और गिरावट देखने को मिलेगी। विशेष रूप से घरेलू खपत वाले क्षेत्रों में ऐसी स्थिति रहेगी। हालांकि, इसके बावजूद एफएमसीजी क्षेत्र के लिए एक अच्छी चीज यह देखने को मिल रही है कि कुछ श्रेणियों में पहुंच का दायरा कोविड-पूर्व के स्तर के ऊपर पहुंच चुका है। आंकड़ा विश्लेषण और बाजार आसूचना कंपनी कांतार की एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एफएमसीजी क्षेत्र के लिए दिसंबर, 2020 की तिमाही 5.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सबसे बेहतर तिमाहियों में से रही है। इन ऊंचे आंकड़ों के आधार पर अगली तिमाही में वृद्धि और नीचे आने की आशंका है। कांतार की नवंबर, 2021 के लिए एफएमसीजी पल्स रिपोर्ट के अनुसार इस वजह से 2021 के आखिरी तक कुल वृद्धि (एमएटी) और कम होगी। एफएमसीजी उत्पादों की मात्रा के हिसाब से बिक्री और घटने का अनुमान है। हालांकि साथ ही कांतार ने कहा कि इसके बावजूद हम मानते हैं कि यह काफी खराब स्थिति नहीं है। तथ्य यह है कि देश में कुछ समय से उपभोग की मजबूत प्रवृत्ति देखने को मिल रही है। सितंबर तिमाही में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 0.5 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई। इसकी मुख्य वजह शहरी क्षेत्र है जहां इसमें 2.6 प्रतिशत का संकुचन दर्ज हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण बाजार ने वृद्धि को बनाए रखा है, लेकिन वहां भी वृद्धि दर सिर्फ 1.5 प्रतिशत है। इससे सितंबर तिमाही में एफएमसीजी की वृद्धि मात्र 1.9 प्रतिशत रही, जो 2019 में महामारी पूर्व की औसतन 2.1 प्रतिशत की वृद्धि से कम है। एमएटी पिछले 12 माह के दौरान बिक्री का कुल आंकड़ा होता है।



## संक्षिप्त समाचार

### मैक्रोटेक डेवलपर्स की बेंगलुरु में उतरने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी। रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शहर बेंगलुरु में उतरने की तैयारी कर रही है। कंपनी का कहना है कि बेंगलुरु में संपत्ति की भारी मांग है जिसका वह लाभ लेना चाहती है। कंपनी का 2025-26 तक अपनी सालाना बिक्री बुकिंग को तीन गुना कर 20,000 करोड़ रुपए पर पहुंचाने का लक्ष्य है। वृद्धि के इस लक्ष्य को पाने के लिए कंपनी 3,000 करोड़ रुपए की इक्विटी पूंजी का निवेश करेगी। फिलहाल कंपनी की परियोजनाएं मुंबई और पुणे में हैं। मुंबई की कंपनी (पूर्व में लोढ़ा डेवलपर्स) देश की अग्रणी रियल एस्टेट कंपनियों में से है और यह लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों का विपणन करती है। मैक्रोटेक डेवलपर्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनी ने हाल में संस्थागत निवेशकों को शेयरों की बिक्री के जरिये 4,000 करोड़ रुपए जुटाए हैं। इस राशि में से वह 3,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। उन्होंने कहा कि अब हमारी बही-खाता काफी मजबूत है।

### कारोबार विभाजन के बाद कामधेनु अपनी पेंट इकाई सूचीबद्ध कराएगी

नई दिल्ली, एजेंसी। भवन निर्माण सामग्री कंपनी कामधेनु ग्रुप ने कहा कि वह कारोबार विभाजन के बाद अपनी पेंट इकाई को सूचीबद्ध कराने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकादी दी। कामधेनु अपने इस्पात और पेंट कारोबार को विभाजित करने की प्रक्रिया में है। इसके पीछे कंपनी का मकसद अपनी पहुंच और ग्राहक आधार को बढ़ाना है। अधिकारी ने कहा कि यह विभाजन प्रक्रिया दिसंबर तक पूरी हो जाएगी। उसके बाद हम पेंट कारोबार को सूचीबद्ध करेंगे। सूचीबद्धता की प्रक्रिया चालू वित्त वर्ष में ही पूरी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि दो अलग-अलग कंपनियां होने से हम अपने ग्राहकों पर अधिक बेहतर तरीके से ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। दोनों कारोबार को देखने के लिए अलग टीमें होंगी। कंपनी अपने पेंट कारोबार के विस्तार के लिए 200 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कामधेनु पेंट्स का विनिर्माण कारखाना राजस्थान के चोपांकी में है। पेंट के अलावा गुरुग्राम की कंपनी इस्पात विनिर्माण क्षेत्र में भी काम करती है।

### बाउंस ने बैटरी अदला-बदली ढांचा के लिए पार्क प्लस से की हिस्सेदारी

मुंबई, एजेंसी। किराए पर इलेक्ट्रिक स्कूटर उपलब्ध कराने वाली स्टार्टअप कंपनी बाउंस ने 10 शहरों में 3,500 से अधिक स्थानों पर बैटरी अदला-बदली ढांचा स्थापित करने के लिए पार्किंग समाधान मंच पार्क प्लस के साथ भागीदारी की घोषणा की। बाउंस अगले महीने की शुरूआत में अपना पहला ई-स्कूटर इन्फिनिटी लांच करने जा रही है। कंपनी ने कहा कि यह स्मार्ट ढांचा आवासीय सोसायटियों, प्रमुख पार्किंग स्थलों, मॉल, कॉरपोरेट कार्यालय आदि स्थानों पर उपलब्ध होगा, ताकि ग्राहक अपने बाउंस ऐप या पार्क प्लस ऐप पर निकटतम अदला-बदली स्टेशन ढूंढ सकें। कंपनी ने कहा कि ये एक ईंधन स्टेशन की तर्ज पर काम करेंगे। बाउंस बैटरी अदला-बदली स्टेशनों में चार्ज की हुई बैटरियां उपलब्ध होंगी जहां जाकर ग्राहक एक मिनट से भी कम समय में अपनी बैटरी को बदल सकते हैं। बाउंस ने कहा कि इस बुनियादी ढांचे के साथ ग्राहकों को स्कूटर के चार्ज होने की प्रतीक्षा नहीं करनी होगी और उन्हें बैटरी खत्म होने चिंता नहीं होगी।

### केंद्रीय मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में प्रायोगिक परियोजना शुरू की

श्रीनगर, एजेंसी। केंद्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने जम्मू-कश्मीर में पारंपरिक नमदा शिल्प को पुनर्जीवित करने और बढ़ावा देने के लिए एक प्रायोगिक परियोजना शुरू की। उन्होंने कहा कि कालीन के निर्यात को 600 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 6,000 करोड़ रुपए करने का प्रयास किया जा रहा है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि केंद्रीय कौशल विकास, उद्यमिता, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 3.0 के तहत एक विशेष प्रायोगिक परियोजना के रूप में नमदा शिल्प को पुनर्जीवित करने के लिए दो महत्वाकांक्षी परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य कश्मीर के पारंपरिक नमदा शिल्प को बढ़ावा देने के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश के स्थानीय बुनकरों और कारीगरों को कुशल बनाना है, ताकि उनकी उत्पादकता में वृद्धि की जा सके। उन्होंने कहा कि नमदा परियोजना से श्रीनगर, बारामूला, गांदरबल, बांदीपोरा, बडगाम और अनंतनाग सहित कश्मीर के छह जिलों के 2,250 लोगों को लाभ मिलेगा।

### एयरटेल ने एप के द्वारा दिए जा रहे डेटा लाभ कूपन वापस ले लिए

मुंबई, एजेंसी। टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने कुछ प्रीपेड प्लान पर एप के द्वारा दिए जा रहे डेटा लाभ कूपन वापस ले लिए हैं। कंपनी ने कहा कि कदम उपभोक्ताओं के बीच विभिन्न प्लान की पेशकश को लेकर किसी भी भ्रम की स्थिति से बचने में मदद करेगा। एयरटेल ने वॉयस प्लान, अनलिमिटेड वॉयस प्लान और डेटा टॉप-अप सहित विभिन्न प्रीपेड प्लान के दरों में 20-25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की थी और नई दरें शुक्रवार से लागू हो गईं। हालांकि, एयरटेल ने चुनिंदा पैक पर 500 एमबी के अतिरिक्त डेटा लाभ की पेशकश को जारी रखा है।

## हिंदुजा समूह ने रिजर्व बैंक आफ इंडिया के इस फैसले का किया स्वागत

**मुंबई, एजेंसी।** हिंदुजा समूह ने रिजर्व बैंक द्वारा निजी क्षेत्र के बैंकों में प्रवर्तकों को 26 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने की अनुमति देने के फैसले का स्वागत किया है। उल्लेखनीय है कि हिंदुजा ने पूर्व में इंडसइंड बैंक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की अनुमति के लिए केंद्रीय बैंक के पास आवेदन किया था। हिंदुजा की इकाई, आईआईएचएल मॉरीशस इंडसइंड बैंक की प्रवर्तक है। इकाई बैंक में अपनी हिस्सेदारी 15 प्रतिशत की पिछली सीमा से बढ़ाकर 26 प्रतिशत तक करने के लिए रिजर्व बैंक के पास आवेदन किया था। इसके अलावा हिंदुजा ने मामले में स्थिति साफ करने को कहा था कि क्योंकि उसके प्रतिद्वंद्वी कोटक महिंद्रा बैंक के प्रवर्तकों को अपनी हिस्सेदारी 26 प्रतिशत करने की अनुमति दी थी। हालांकि कोटक महिंद्रा को यह अनुमति रिजर्व बैंक को अदालतों में घसीटने के बाद मिली थी।

आईआईएचएल के चेयरमैन अशोक हिंदुजा ने कहा, 'हमारा मानना है कि प्रवर्तकों को अधिक हिस्सेदारी की अनुमति खासकर उस समय जब भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ने के लिए तैयार है, सभी हितधारकों के लिए फायदेमंद होगी। इसमें नियामक, बैंकिंग संस्थान और उसके ग्राहक सभी शामिल हैं।' रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को निजी क्षेत्र के बैंकों पर संशोधित दिशानिर्देश जारी किए। इन दिशानिदेर्शों के तहत प्रवर्तकों को निजी क्षेत्र के बैंकों में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने की अनुमति दी गई है। हालांकि, पूर्व गवर्नरों सहित विभिन्न हलकों के विरोध के बाद कॉरपोरेट समूहों को बैंकों के स्वामित्व की अनुमति नहीं दी गई है। रिजर्व बैंक के आंतरिक कार्यसमूह ने इस बारे में सिफारिश की थी। हिंदुजा ने कहा कि आईआईएचएल अब परिचालन दिशानिर्देशों का इंतजार कर रही है क्योंकि यह प्रवर्तकों द्वारा और पूंजी डालकर अपनी हिस्सेदारी को 26 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए एक अवसर है।

## कोरोना के नए वेरिएंट से जुड़ी खबरों से तय होगी बाजार की दिशा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा कोरोना वायरस के नए स्वरूप (वैरिएंट) से जुड़ी खबरों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। पिछले शुक्रवार को कोरोना वायरस के अधिक तेजी से बढ़ने वाले स्वरूप 'ओमीक्रोन' से जुड़ी खबरों से वैश्विक बाजारों में गिरावट आई थी और भारतीय बाजार भी इससे अछूते नहीं रहे थे। विश्लेषकों का कहना है कि इसके अलावा वृहद आर्थिक आंकड़ों तथा वाहन कंपनियों के नवंबर के मासिक बिक्री के आंकड़े भी बाजार को दिशा देंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक समिति ने नए कोविड स्ट्रेन को ओमीक्रोन का नाम दिया है। समिति का कहना है कि ओमीक्रोन डेल्टा की तरह ही संक्रमण का प्रसार करने वाला कोविड का स्वरूप है। डब्ल्यूएचओ को 24 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका से अधिक संक्रामक ओमीक्रोन के बारे में सूचना मिली थी।



बोत्सवाना, बेल्जियम, हांगकांग और इस्राइल में भी इसके मामले सामने आए हैं। कई देशों ने ओमीक्रोन के प्रसार को रोकने के प्रयास के तहत दक्षिणी अफ्रीकी देशों पर यात्रा प्रतिबंध और अंकुश लगाए हैं।

बाजार के जानकारों का कहना है कि कोविड के नए स्वरूप के अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों का रुख और वृहद आंकड़े इस सप्ताह बाजार की दिशा तय करेंगे। कोविड से संबंधित घटनाक्रम मुख्य रूप से बाजार के लिए महत्वपूर्ण होंगे। इसके अलावा बाजार की निगाह इस बात पर भी रहेगी कि कोविड के विभिन्न टीके इस नए स्वरूप के खिलाफ कितने प्रभावशाली हैं। दुनियाभर में अंकुश संबंधी खबरें भी बाजार को प्रभावित कर सकती हैं। नए कोरोनो वायरस वैरिएंट को लेकर चिंता के बीच शुक्रवार को सेंसेक्स 1,688 अंक टूटा था। साथ ही वैश्विक बाजारों में भी गिरावट आई थी। एक अन्य विशेषज्ञ ने कहा कि दूसरी तिमाही के नतीजों के बाद, दलाल स्ट्रीट की निगाह वृहद आंकड़ों पर रहेगी। रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक दिसंबर में होनी है, ऐसे में मुद्रास्फीति भी एक प्रमुख कारक रहेगा। नवंबर माह के वाहन बिक्री आंकड़े भी इस सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव का एक कारण रह सकते हैं। इस सप्ताह विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े आने हैं। इसके अलावा आने वाले समय में शेयर बाजार की दिशा नए कोविड वैरिएंट से जुड़ी खबरों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और केंद्रीय बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक से तय होगी।

## बीते सप्ताह सस्ते आयात से तेल-तिलहन में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाद्य तेलों के सस्ते आयात से स्थानीय तेल की कीमतें महंगी होने से बीते सप्ताह देश के प्रमुख तेल-तिलहन बाजार में सरसों, सोयाबीन, मूंगफली, सीपीओ और पामोलीन सहित लगभग सभी तेल-तिलहनों के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि देश अपनी खाद्य तेल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 75-80 प्रतिशत आयात पर निर्भर है। ऐसे में देश में आयात शुल्क कम किए जाने के बाद मलेशिया और अर्जेंटीना जैसे देशों से सोयाबीन और पामोलीन जैसे तेलों का सस्ता आयात बढ़ने से स्थानीय बिनौला और सोयाबीन तेल के भाव आयातित तेलों से कहीं महंगा होने लगे हैं। ऐसे में इन तेलों को खपाने के लिए बाजार में इन्हें सस्ते में बेचना पड़ रहा है। लागत के मुकाबले कम भाव में तेल बिक्री की मजबूरी की वजह से बिनौला और सोयाबीन मिल वालों का संकट बढ़ गया है। इसके अलावा पिछले साल हरियाणा और पंजाब में बिनौला बीज से तेल की प्राप्ति का स्तर लगभग 10 प्रतिशत था जो इस बार घटकर लगभग आठ प्रतिशत रह गया है। बाजार के जानकारों का कहना है कि बीते सप्ताह सरसों दाने का भाव 150 रुपए की गिरावट के साथ 8,920-8,950 रुपए प्रति क्विंटल रह गया, जो पिछले सप्ताहांत 9,070-9,100 रुपए प्रति क्विंटल था। सरसों दादरी तेल का भाव पिछले सप्ताहांत के मुकाबले 320 रुपए घटकर समीक्षाधीन सप्ताहांत में 17,550 रुपए क्विंटल रह गया। वहीं सरसों पक्की घानी और कच्ची घानी तेल की कीमत 45-45 रुपए की गिरावट के साथ क्रमशः 2,715-2,740 रुपए और 2,795-2,905 रुपए प्रति टिन रह गईं।

सोयाबीन के तेल रहित खल (डीओसी) की स्थानीय मांग के बीच समीक्षाधीन सप्ताहांत में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के भाव क्रमशः 450 रुपए और 325 रुपए सुधरकर क्रमशः 6,650-6,750 रुपए और 6,500-6,550 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुए। वहीं सस्ते आयात की मार से समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के भाव क्रमशः 270 रुपए, 150 रुपए और 200 रुपए की हानि के साथ क्रमशः 13,380 रुपए, 13,080 रुपए और 11,850 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुए। इस दौरान मूंगफली का भाव समीक्षाधीन सप्ताहांत में 200 रुपए घटकर 5,850-5,935 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। मूंगफली तेल गुजरात का भाव 600 रुपए की हानि के साथ 12,900 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 438 परियोजनाओं की लागत 4.34 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक के खर्च वाली 438 परियोजनाओं की लागत में 4.34 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बढ़त हुई है। एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी मिली है। देरी और अन्य कारणों की वजह से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक लागत वाली बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की अक्टूबर-2021 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,680 परियोजनाओं में से 438 की लागत बढ़ी है, जबकि 539 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इन 1,680 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 21,74,182.86 करोड़ रुपए थी, जिसके बढ़कर 26,08,330.02 करोड़ रुपए पर पहुंच जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 19.97 प्रतिशत या 4,34,147.16 करोड़ रुपए बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर-2021 तक इन परियोजनाओं पर 12,64,545.31 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 48.48 प्रतिशत है।



हालांकि मंत्रालय का कहना है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समयसीमा के हिसाब से देखें, तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 377 पर आ जाएगी। रिपोर्ट में 837 परियोजनाओं के चालू होने के साल के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी से चल रही 539 परियोजनाओं में 98 परियोजनाएं एक महीने से 12 महीने की, 109 परियोजनाएं 13 से 24 महीने की, 211 परियोजनाएं 25 से 60 महीने की तथा 121 परियोजनाएं 61 महीने या अधिक की देरी में चल रही हैं। इन परियोजनाओं की देरी के कारणों में भूमि अधिग्रहण में विलंब, पर्यावरण व वन विभाग की मंजूरियां मिलने में देरी तथा बुनियादी संरचना की कमी प्रमुख हैं। इनके अलावा परियोजना का वित्तपोषण, विस्तृत अभियांत्रिकी को मूर्त रूप दिये जाने में विलंब, परियोजनाओं की संभावनाओं में बदलाव, निविदा प्रक्रिया में देरी, ठेके देने व उपकरण मंगाने में देरी, कानूनी व अन्य दिक्कतें, अप्रत्याशित भू-परिवर्तन आदि जैसे कारक भी देरी के लिए जिम्मेदार हैं।

## ईवी पर कुछ समय आयात शुल्क कम करने पर बढ़ेगी मांग: बीएमडब्ल्यू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जर्मनी की लग्जरी कार कंपनी बीएमडब्ल्यू ने कहा है कि इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर कुछ समय के लिए या सीमित इकाइयों पर आयात शुल्क में कमी करने से देश में ऐसे वाहनों की मांग बढ़ने के साथ विनिर्माण में मदद मिलेगी।



कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इससे भारत में तेजी से नई प्रौद्योगिकी लाई जा सकेगी। कंपनी ने पिछले 15 साल में भारत में बेचे गए काफी वाहनों का विनिर्माण स्थानीय स्तर पर किया है। कंपनी का मानना है कि विनिर्माण का स्थानीयकरण मांग पैदा करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। बीएमडब्ल्यू समूह भारत के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विक्रम पावाह ने कहा कि हम हमेशा क्या करते हैं, एक मॉडल की मांग पैदा करते हैं और फिर उसका स्थानीयकरण करते हैं। हमारा मानना है कि इन नई प्रौद्योगिकियों को भविष्य में स्थानीयकृत करने की क्षमता है, लेकिन आपको इसके लिए बड़ी मांग पैदा करने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि इसे करने का एकमात्र तरीका यह है कि इसमें तेजी लाई जाए। बुनियादी ढांचे के विकास से पहले मांग पैदा हो या ऐसी मांग पैदा की जाए, जिससे बुनियादी ढांचा तैयार हो सके। उन्होंने कहा कि तब हम उन प्रौद्योगिकियों का स्थानीयकरण कर सकेंगे, जो उस समय तक परिपक्व हो जाएंगी। इसके लिए हम सरकार से आसान मांग कर रहे हैं। सरकार आयात शुल्क में कुछ कमी करे।

## मैकडॉवल्स के शेयरधारकों ने तीन निदेशकों की नियुक्ति का प्रस्ताव खारिज किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मैकडॉवल्स होल्डिंग्स के शेयरधारकों ने कंपनी में दो स्वतंत्र निदेशकों और एक गैर-कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति के प्रस्तावों को खारिज कर दिया है। कंपनी ने बताया कि सर्वमंगल हड़पड़ा और तीर्थेश बीएस की स्वतंत्र निदेशकों के रूप में नियुक्ति का प्रस्ताव आवश्यक बहुमत के साथ पारित नहीं हो सका। हड़पड़ा की नियुक्ति क्रमशः 22 अक्टूबर, 2020 और तीर्थेश की नियुक्ति 13 नवंबर, 2020 से दो साल की अवधि के लिए प्रभावी होनी थी। कंपनी ने बताया कि इसके अलावा जी श्रीनिवास को गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त करने का प्रस्ताव भी अपेक्षित बहुमत प्राप्त करने में विफल रहा।



मैकडॉवल्स होल्डिंग्स ने अपनी 17वीं वार्षिक आमसभा के मतदान के परिणामों के बारे में शेयर बाजार को सूचित किया है। मैकडॉवल्स होल्डिंग्स को पूर्व में मैकडॉवल इंडिया स्पिरिट्स के नाम से जाना जाता था। इसका विभिन्न कंपनियों में रणनीतिक निवेश है। हड़पड़ा, तीर्थेश तथा श्रीनिवास की नियुक्ति के प्रस्ताव के खिलाफ कुल 99.24 प्रतिशत शेयरधारकों ने मत दिया। कंपनी की वार्षिक आमसभा 29 सितंबर, 2021 को होनी थी, लेकिन कोरम के अभाव में इसे स्थगित कर दिया बाद। बाद में वार्षिक आमसभा 25 नवंबर को हुई।

## सस्ते आयातित खाद्य तेल से बिनौला और सोयाबीन उद्योग संकट में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सस्ते आयातित तेलों के कारण देशभर के तेल-तिलहन बाजारों में सोयाबीन और बिनौला संयंत्रों पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इन संयंत्रों को सस्ते आयात के आगे तेल पेराई महंगी बैठने के कारण घाटे में व्यापार करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। बाजार सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन प्लांट वालों को सोयाबीन की पेराई करने में प्रति किलो 5-7 रुपए का नुकसान है। यही हाल बिनौला का भी है। सस्ते आयातित तेलों के आगे ये तेल टिक नहीं पा रहे हैं और इन तेलों का कारोबार घाटे का सौदा बन गया है। किसान नीचे भाव में बिनौला और सोयाबीन बेच नहीं रहे क्योंकि उन्होंने पहले ऊंचे भाव पर अपनी उपज बेची थी। इसकी वजह से सोयाबीन तिलहन के दाम में सुधार है। इसी कारण सोयाबीन संयंत्र वालों की मांग के हिसाब से सोयाबीन की उपलब्धता नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति के बीच महाराष्ट्र सरकार ने किसानों पर स्टॉक लिमिट को लागू करने से मना कर दिया है। महाराष्ट्र सरकार का कहना है कि देश अपनी खाद्य तेल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लगभग 75-80 प्रतिशत आयात पर निर्भर है और आयातित तेलों पर स्टॉक लिमिट लागू नहीं होती, तो ऐसे में किसानों पर ही स्टॉक रखने की सीमा लगाना उनके हित में नहीं होगा। जानकारी के मुताबिक किसानों की कम बिक्री करने की वजह से महाराष्ट्र के लातूर में सोयाबीन की जो आवक पहले 75 हजार बोरी की थी, वह घटकर लगभग 15,000 बोरी की रह गई है। उन्होंने बताया कि सस्ते आयात की वजह से सोयाबीन तेल कीमतों में गिरावट है। सरसों के मामले में मिलों द्वारा अपने स्टॉक बाजार में उतारने की वजह से सरसों तेल-तिलहन के भाव में गिरावट आई है। इसी तरह राजस्थान और गुजरात में मूंगफली की आवक बढ़ने की वजह से मूंगफली तेल-तिलहन में गिरावट आई। सस्ते आयात के कारण बिनौला तेल में गिरावट देखने को मिली।



# अबुधाबी टी10 लीग : मोइन अली ने लगाया तेज अर्धशतक



**दुबई, एजेंसी।** अबू धाबी टी10 में नॉर्दर्न वॉरियर्स की ओर ये खेल रहे इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोइन अली ने आक्रामक पारी खेलते हुए सबसे तेज अर्धशतक लगाया है। मोइन ने केवल केवल 23 गेंदों में 77 रन बना दिये। इस दौरान केनर लुईस ने 32 गेंदों पर 65 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। इन दोनो के बीच हुई नाबाद 146 रन की रिकॉर्ड साझेदारी करके वॉरियर्स को टीम अबू धाबी पर 10 विकेट से जीत दिलाई है। मोईन ने अपनी पारी में सबसे ज्यादा छक्के 9 भी लगाए। वॉरियर्स ने ये मैच 10 विकेट से जीत लिया।

मोइन ने 9 छक्के और तीन चौके लगाने के बाद कहा कि गेंद को समय देना भी एक महत्वपूर्ण पहलू है।

उन्होंने कहा कि यही टी10 का आनंद है। मुझे लगता है कि यह दिखाता है कि आपको बड़ा और मजबूत होने की जरूरत नहीं है। यह मेरे आत्मविश्वास के आगे बढ़ने के लिए बहुत अच्छा है। पारी की शुरूआत में मोइन ने कुछ छक्के लगाए।उन्होंने कहा कि कभी-कभी जल्दी रन बनाने के दबाव को कम करने के लिए अच्छा होता है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी वे शीर्ष-किनारे अच्छे होते हैं। यह आपको आगे बढ़ाते हैं। आपको अपने स्ट्राइक रेट के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है।

# जब अक्षर ने गेंद पर लिखी गलत तारीख, जाफर ने हंसी उड़ायी

**कानपुर, एजेंसी।** टीम इंडिया के स्पिनर अक्षर पटेल ने मेहमान टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में शानदार गेंदबाजी कर पांच विकेट लिए।

अक्षर ने इस मैच में केवल एक गलती कर दी जिसे पूर्व बल्लेबाज वसीम जाफर ने पकड़ लिया।जब भी कोई गेंदबाज टेस्ट में पांच विकेट लेता है तो वो गेंद को अपने पास रख लेता है और उस पर तारीख लिखने के साथ ही हस्ताक्षर भी करता है पर अक्षर ने गलती से गलत तारीख लिख दी जिस पर जाफर ने ट्वीट कर इस स्पिनर की हंसी उड़ायी।

जाफर ने गेंद को पकड़े हुए ही अक्षर की तस्वीर पोस्ट की और लिखा, अक्षर ने आज एक ही गलती की और गेंद पर मैच की गलत तारीख लिख दी।

वहीं अक्षर ने कहा कि यह गलती उन्होंने नहीं, बल्कि उनके करीबी दोस्त सूर्यकुमार यादव ने की थी क्योंकि सूर्यकुमार से ही उन्होंने तारीख पूछी थी।

# अपने से 22 साल छोटी मॉडल को डेट कर रहे हैं फुटबॉलर डेविड गिनोला



**लंदन, एजेंसी।** मशहूर फुटबॉलर डेविड गिनोला अपने से 22 साल छोटी मॉडल मेवा डेनाट को डेट कर रहे है। 32 वर्षीय सुंदरी मेवा डेनाट जानी-मानी मॉडल हैं। उन्हें 2016 में पहली बार डेविड के साथ पेरिस में हाथों में हाथ डाले घूमते देखा गया था। दो साल बाद उन्होंने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। हालांकि इस बीच डेविड मेडिकल इमजरेंसी का भी शिकार रहे। दरअसल, फ्रांस में एक चैरिटी मैच खेलते समय डेविड गिर गए थे।उन्हें कार्डियक अरेस्ट हुआ।वह नौ मिनट तक सांस नहीं ले पाए जबतक डिफाइब्रिलेटर ने उसकी नब्ज को दोबारा नहीं चलाया। अस्पताल ले जाने के बाद, सर्जनों ने तीन घंटे का चौगुना बाईपास ऑपरेशन किया। डेविड ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि जिस दिन वह माएवा से मिले, वह उनके जीवन का सबसे बड़ा जीवन बदलने वाला दिन था। इसलिए नहीं कि वह सिर्फ अपने जीवन के प्यार से मिला था और इसलिए कि वह भाग्यशाली थे कि वह अभी भी जीवित हैं।

उन दिनों ही डेविड ने अपनी पहली पत्नी, कोरलाइन को तलाक दिया था।कोरलाइन भी पहले मॉडल थी जिनसे डेविड के दो बच्चे एंड्रिया और कार्ला हैं।प्यार करने वाली जोड़ी ने अपना समय लंदन और फ्रांस के दक्षिण के बीच पर बिताया। जहां उनका रिश्ता मजबूती के साथ आगे बढ़ा।सन 2018 में, माएवा ने अपने पहले बच्चे बेटी को जन्म दिया था। 51 साल की उम्र में डेविड फिर से पिता बने थे जिससे वह बेहद खुश थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मनिका विश्व टेबल टेनिस के क्वार्टर फाइनल में हारीं

ह्यूस्टन, एजेंसी। भारत की स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा मिश्रित और महिला युगल मुकाबलों के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ ही बाहर हो गयी है। मनिका और जी साथियान को मिश्रित युगल स्पर्धा के अंतिम आठ मुकाबले में जापान के तोमाकाजु हरिमोतो और हिना हयाता के हाथों 1-3 (5-11 2-11 11-7 9-11) से हार का सामना करना करना पड़ा है। युगल मुकाबले में मनिका के पास एक और अच्छा अवसर था पर वह एक बार फिर विफल रहीं जब उन्हें और अर्चना कामत को महिला युगल मुकाबले में सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा था। मनिका और अर्चना को एकतरफा मुकाबले में साराह डि नुटे और नी शिया लियान की लग्जमबर्ग की जोड़ी के खिलाफ 0-3 (1-11 6-11 8-11) से हार का सामना करना पड़ा है।

### नौ खिलाड़ियों के साथ उतरी पुर्तगाल की क्लब टीम

लिस्बन, एजेंसी। कोरोना वायरस संक्रमण के कारण पुर्तगाल के क्लब बेलेनेनसेस को बेनफिका के खिलाफ हुए लीग मैच में नौ खिलाड़ियों के साथ ही उतरना पड़ा। इसके बाद भी यह मैच मध्यांतर के तुरंत बाद रोकना पड़ा। इस मैच में बेनफिका ने पहले हाफ में ही 7-0 की बढ़त हासिल कर ली थी। वहीं दूसरे हाफ की शुरूआत के तत्काल बाद ही रैफरी ने मैच को समाप्त घोशित कर दिया। इसका कारण यह था कि केवल सात खिलाड़ियों के साथ उतरी बेलेनेनसेस की टीम का एक और खिलाड़ी चोटिल हो गया और उसकी संख्या छह रह गयी। नियमों के अनुसार किसी मैच में सात खिलाड़ी होने जरुरी हैं। क्लब के अध्यक्ष रुई पेड्रो ने कहा कि कोरोना वायरस के कारण टीम के कमजोर होने के बाद भी उनके क्लब ने मैच को स्थगित करने की मांग नहीं की थी।


### मौजूदा सलामी बल्लेबाज टी20 का रोमांच कर रहे समाप्त : क्रिस गेल

अबुधाबी, एजेंसी। वेस्टइंडीज के शानदार बल्लेबाज क्रिस गेल ने मौजूदा सलामी बल्लेबाजों की आलोचना करते हुए कहा कि टी20 क्रिकेट में पॉवरप्ले में सतर्कता भरा रवैया अपनाकर इस प्रारूप के रोमांच को खत्म कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि टी10 विस्फोटक बल्लेबाजी में नए मानक स्थापित कर रहा है। गेल ने बयान में कहा कि मुझे लगता है कि टी10 क्रिकेट की तरह ही टी20 क्रिकेट शुरू हुआ था। पहले ओवर से ही बल्लेबाज ताबड़तोड़ बल्लेबाजी शुरू कर देते थे लेकिन टी20 क्रिकेट अचानक से धीमा हो गया और अब टी10 क्रिकेट ने थोड़े मानक स्थापित किए हैं।

# एशियाई टीम चैम्पियनशिप में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे सौरव घोषाल, जोशना चिनप्पा



**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय स्क्वॉश खिलाड़ी सौरव घोषाल और जोशना चिनप्पा 30 नवंबर से चार दिसंबर तक मलेशिया की राजधानी कुआलालम्पुर में होने वाली 20वीं एशियाई स्क्वॉश टीम चैम्पियनशिप में भारतीय पुरुष और महिला टीमों का नेतृत्व करेंगे। भारतीय स्क्वॉश महासंघ की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पुरुष टीम को शीर्ष वरीयता दी गई है जिसमें घोषाल (दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी) के अलावा रमित टंडन, महेश मंगावंकर और वेलावन सेंथिलकुमार शामिल है। यही टीम सात से 12 दिसंबर तक होने वाली विश्व पुरूष टीम चैम्पियनशिप में खेलेगी जो एशियाई चैम्पियनशिप के बाद आयोजित होगी। तीसरी वरीयता प्राप्त महिला टीम में चिनप्पा (शीर्ष रैंकिंग की भारतीय खिलाड़ी) के अलावा सुनयना कुरूविला, उर्वशी जोशी और अपराजिता बालामुरूकन शामिल हैं। एशियाई टीम चैम्पियनशिप 2020 में कराई जानी थी लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इस साल के लिए स्थगित कर दिया गया था। पुरुष स्पर्धा में 12 टीमों को भारतीय टीम को शीर्ष वरीयता जबकि महिला टीम को आठ टीमों में तीसरी वरीयता दी गई है।



चीन के हुबेई में महिलाओं की स्की विश्व कप प्रतियोगित में भाग लेती हुई खिलाड़ी।

# ईसीबी ने माना , खेल को भेदभाव मुक्त रखने के लिए अभी और प्रयास करने होंगे




**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम हैरिसन ने माना है कि खेल को बेहतर बनाने और उसे भेदभाव से मुक्त रखने के लिए जितना काम होना था नहीं हुआ है। इसी कारण अब भी समय-समय पर नस्लीय भेदभाव के मामले सामने आ रहे हैं। हैरिसन के अनुसार ईसीबी को क्रिकेट के जरिये समुदायों को जोड़ना और जीवन में सुधार करना चाहिये था पर उसने नहीं किया है। साथ ही कहा कि हमें यह स्वीकार करके शुरूआत करनी चाहिए कि खेल को बेहतर बनाने के लिए जितना काम अभी तक होना था वह नहीं हुआ है। इसी कारण अजीम रफीक जैसे कई खिलाड़ी भेदभाव के शिकार हुए हैं।

हैरिसन ने कहा कि मुझे खुशी है कि यह योजना ठोस कार्रवाई और सार्थक परिवर्तन के लिए पूरे खेल का प्रतिनिधित्व करेगी। हमारी भूमिका अब उन परिवर्तनों को स्वीकार करने की होगी, जिन्हें आंतरिक रूप से किए जाने की आवश्यकता है। इन परिवर्तनों को अमल में लाने के लिए हमें पर्याप्त समर्थन, संसाधन और धन की पेशकश भी करनी होगी। हम एक मजबूत, अधिक समावेशी खेल बनाने और क्रिकेट से प्यार करने वाले सभी लोगों का विश्वास वापस बनाने के लिए खेल में हमारे भागीदारों के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। वहीं ईसीबी के अंतरिम अध्यक्ष बैरी ओ ब्रायन ने इस पर कहा कि यह क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। पिछले हफ्ते ऑल गेल बैठक में हम निर्णायक रूप से कार्य करने की जरूरत पर एक स्वर से सहमत हुए।


# अकरम से आगे निकले अश्विन



**कानपुर, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने मेहमान टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले ही . क्रिकेट टेस्ट मैच में एक अहम रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। अश्विन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 3 विकेट लेने के साथ ही अपने टेस्ट करियर में 416 विकेट पूरे किए। अश्विन ने अपने करियर के 80वें टेस्ट मैच की 149वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की है। इस प्रकार अब उनके नाक कुल 416 विकेट हो गए हैं। अश्विन ने इस तरह पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम का रिकार्ड तोड़ दिया है। अकरम के टेस्ट क्रिकेट में कुल 414 विकेट हैं। अब अश्विन की नजरें हरभजन सिंह के रिकॉर्ड पर हैं हरभजन के नाम कुल 417 विकेट हैं। वैसे भारत की ओर से टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट अनिल कुंबले के नाम हैं। कुंबले के नाम 619 टेस्ट विकेट हैं। दूसरे नंबर पर पूर्व कप्तान कपिल देव हैं , कपिल के नाम 131 टेस्ट मैचों में कुल 434 विकेट हैं।

अश्विन के करियर की बात करें तो उन्होंने टेस्ट के अलावा अभी तक 111 एकदिवसीय और 51 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले हैं। उन्होंने एकदिवसीय में कुल 150 और टी20 अंतरराष्ट्रीय फॉर्मेट में 61 विकेट लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने 135 फर्स्ट क्लास मैचों में कुल 655 विकेट हासिल किए हैं।

# ब्रिटिश-अमेरिकन गोल्फर लूसी रॉबसन बनी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटिश-अमेरिकन गोल्फर लूसी रॉबसन सोशल मीडिया वर्ल्ड में बड़ी सेंसेशन हैं। फिर से लूसी सुर्खियों में आई हैं, वहां इसलिए क्योंकि उन्होंने हाल ही में एक वेबसाइट पर अपना अकाउंट बनाया है, जहां तेजी से उनके फॉलोवर्स बढ़ रहे हैं ।लूसी रॉबसन मूलरूप से ब्रिटेन से हैं, लेकिन उनका परिवार अमेरिका में ही रहता है ।जूनियर लेवल पर प्रोफेशनल गोल्फ खेल चुकीं लूसी अब पूरी तरह से सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बन गई हैं ।इंस्टाग्राम पर भी वह गोल्फ से जुड़े वीडियोज पोस्ट करती हैं।

26 साल की लूसी रॉबसन सोशल मीडिया पर गोल्फ से जुड़ी कई तरह की ट्रिक भी शेयर कर रही हैं, जो तेजी से वायरल होती हैं ।इसके अलावा इंस्टाग्राम पर वह अपने बोल्ड फोटोज के जरिए फैंस के साथ कनेक्शन बनाती हैं ।हाल ही में जब उन्होंने एक वेबसाइट पर अकाउंट बनाया, तब वह सुर्खियों में आईं ।यहां उनके 30 हजार से अभी ज्यादा फॉलोवर्स हो गए हैं, जबकि उनके अकाउंट का प्रीमियम चार्ज भी 15 डॉलर है ।साल 2012, 2013 में लूसी रॉबसन को गोल्फ खेलने में अवॉर्ड भी मिले थे ।प्रोफेशनल गोल्फर के अलावा लूसी अब एक मॉडल भी बन गई हैं, वह लगातार कई फैशन ब्रांड के साथ शूट कर चुकी हैं ।साथ ही अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी स्पॉन्सर पोस्ट करती हैं।

# जोकोविच की जीत के बाद भी हारी सर्बिया , जर्मनी , इटली जीते

## डेविस कप टेनिस फाइनल्स




**वाशिंगटन, एजेंसी।** डेविस कप टेनिस फाइनल्स में जर्मनी के हाथों सर्बिया की टीम को हार का सामना करना पड़ा है। वहीं एक अन्य मुकाबले में इटली को भी जीत मिली है। सर्बिया की हार इसलिए भी हैरान करती है क्योंकि उसकी ओर से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच खेलने उतरे थे। सर्बिया को डेविस कप फाइनल्स टेनिस टूनार्मेंट के ग्रुप चरण में यहां जर्मनी ने हराया। जोकोविच ने जेन-लेनार्ड स्ट्रुफ को हराकर सर्बिया को 1-1 से बराबरी दिलाई और इसके बाद वह निकोला सेसिच के साथ युगल मुकाबले में उतरे। डोमीनिक कोफर ने फिलिप क्राजिनोविच को 7-6, 6-4 से हराकर जर्मनी को बढ़त दिलाई पर जोकोविच ने अपने 50वें डेविस कप मुकाबले में स्ट्रुफ को 6-2, 6-4 से हराकर सर्बिया को बराबरी दिला दी। ब्रेक के बाद जोकोविच युगल मुकाबले में उतरे पर अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। वहीं इटली ने ग्रुप ई में कोलंबिया को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाने वाली पहली टीम बनी। इटली के लोरेंजो सोनेगो ने तुरिन में निकोलस मेजिया को 6-7, 6-4, 6-2 से हराया जबकि यानिक सिनर ने डेनियल इलाही गेलेन को 7-5, 6-0 से हराया।

वहीं एक अन्य मुकाबले में टिम पुएट्ज और केविन क्राविट्ज की जोड़ी ने 7-6, 3-6, 7-6 से जीत दर्ज कर जर्मनी को 2-1 से बढ़त दिलाई हालांकि सर्बियाई टीम के पास अब भी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने का अवसर है। छह ग्रुप विजेता और दो उप विजेता टीमें अंतिम आठ में पहुंचेंगी। जर्मनी की टीम ग्रुप एफ में ऑस्ट्रिया को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना सकती है। ऑस्ट्रिया को सर्बिया ने हराया था।

एक अन्य मुकाबले में दानिल मेदवेदेव की रूसी टीम ने इक्वाडोर को हराया। मेदवेदेव ने एमिलियो गोमेज की सर्विस पांच बार तोड़कर 6-0, 6-2 से जीत दर्ज करते हुए रूस को 2-0 की निर्णायक बढ़त दिलाई। पांचवें नंबर के खिलाड़ी आंद्रे रूबलेव ने रॉबर्टो क्विरोज को 6-3, 4-6, 6-1 से हराकर रूस को विजयी शुरूआत दिलाई थी। रूबलेव और अस्लान करात्सेव की जोड़ी ने युगल मुकाबले में गोंजालो एस्कोबार और डिएगो हिडालगो को 6-4, 4-6, 6-4 से हराया।

# मैक्स वेर्स्टाप्पेन ने कहा, वर्ल्ड ड्राइवर्स चैंपियनशिप जीत जाता हूं, तब रिटायर हो जाउंगा




**लंदन, एजेंसी।** रेड बुल के मैक्स वेर्स्टाप्पेन ने खुलासा किया है कि अगर वह सीजन में वर्ल्ड ड्राइवर्स चैंपियनशिप जीत जाते हैं, तब वह फॉमूर्ला-1 से रियाटर हो जाएंगे। मैक्स वेर्स्टाप्पेन ने कहा कि एक बार वर्ल्ड ड्राइवर्स चैंपियनशिप जीत जाता हूं, तब मैं फॉमूर्ला-1 से जा सकता है ।दरअसल वेर्स्टाप्पेन का जवाब तब आया जब उनसे पूछा गया था, कि यदि आप इस वर्ष विश्व चैंपियन नहीं बन पाते, तब आपकी क्या महत्वाकांक्षा होगी। लक्ष्य क्या होंगे ?मैक्स वेर्स्टाप्पेन ने कहा कि फामूर्ला 1 में बस इतना ही ... आपने इस पूरा कर लिया है, और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितने जीते हैं क्योंकि आप पहले ही एक जीत चुके हैं। बेशक, मैं हमेशा अधिक जीतने की कोशिश करूंगा, लेकिन यह हो गया ... यह अंतिम लक्ष्य है। मैंने लक्ष्य को हासिल करने के लिए बहुत मेहनत की है। मुझे ड्राइविंग में बहुत मजा आता है लेकिन अब मुझे फॉमूर्ला 1 के बाहर अन्य कारणों पर भी सोचना होगा ।मैक्स वेर्स्टाप्पेन ने कहा कि वह अपने चैंपियनशिप प्रतिद्वंद्वी लुईस हैमिल्टन की तरह कई चैंपियनशिप जीतने की कोई महत्वाकांक्षा नहीं रखते। 36 वर्षीय हैमिल्टन ने रिकॉर्ड सात विश्व ड्राइवर चैंपियनशिप जीती हैं, इसमें पिछले सात में से पांच चैंपियनशिप शामिल हैं। हैमिल्टन इस बार अपनी आठवीं चैम्पियनशिप के लिए आगे बढ़ रहे हैं।

# महिला चैलेंजर ट्रॉफी में नहीं खेलेंगी शैफाली , मंधाना सहित चार खिलाड़ी



**मुम्बई, एजेंसी।** महिला चैलेंजर ट्रॉफी क्रिकेट चैम्पियनशिप अगले माह चार दिसंबर से शुरू होगी। इसमें महिला क्रिकेट की प्रमुख खिलाड़ी शैफाली वर्मा और स्मृति मंधाना नहीं खेलेंगी। इन दोनो को ही आराम दिया गया है। मंधाना और शेफाली के अलावा हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स भी इस टूनार्मेंट में नहीं खेलेंगी। ये सभी खिलाड़ी आस्ट्रेलिया में महिला बिग बैश लीग में खेली थीं, इसलिए इन्हें आराम दिया गया है। चार दिसंबर से भारत ए और भारत बी के बीच होने वाले मुकाबले के साथ ही यह चैम्पियनशिप शुरू होगी। चार टीम के इस टूनार्मेंट के सभी मैच विजयवाड़ा में खेले जाएंगे और यह 9 दिसंबर तक चलेगा। इसमें भारत ए की कप्तानी स्नेह राणा और भारत बी की तानिया भाटिया करेंगी जबकि भारत सी की कप्तान शिखा पांडे होंगी। भारत डी का नेतृत्व पूजा वस्त्राकर करेंगी। भारत सी और भारत डी टीम के बीच पहला मैच भी चार दिसंबर को ही खेला जाएगा। भारत डी की टीम में 13 खिलाड़ी हैं जबकि अन्य तीन टीमों में 15-15 खिलाड़ियों को रखा गया है।



# पेट नहीं रहता साफ ?

## पीएं चमत्कारी जूस....

**नींबू :** कब्ज को दूर करने में नींबू बहुत फायदेमंद है। यदि किसी को कब्ज हो तो रात को सोने से पहले एक नींबू पानी में निचोड़ कर दो चम्मच शक्कर डालकर पीना चाहिए। ऐसा करने से कब्ज धीरे धीरे ठीक होने लगेगा। नींबू शरीर में पाचक रसों के बनने में मदद करता है।

**अदरक :** अदरक कई सारे गुणों की खान है और इसे विभिन्न तरीकों से उपयोग में लाया जा सकता है। अदरक पाचन तंत्र को भी अच्छा रखता है। पेट की ऐंठन और अपच को ठीक करता है। अदरक को ताजा और सूखा दोनों प्रकार से प्रयोग किया जा सकता है।

**सेब :** रोजाना सेब का सेवन शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, जिससे शरीर को आसानी से कोई भी रोग नहीं लगता। रोजाना सेब का सेवन आपके दिल को स्वस्थ रखता है। सेब को छिलके सहित खाना चाहिए। इसके साथ ही सेब को हमें सुबह के समय खाना चाहिए। सेब अगर खाली पेट खाया गया तो आपके शरीर का टॉक्सिक (गंदगी) आसानी से बाहर निकल जायेगी। और एनर्जी भी ज्यादा मिलेगी। सुबह खाली पेट सेब खाने से पेक्टिन लैक्टिक एसिड की रक्षा कर, लैक्टिक एसिड बैक्टीरिया के पेट में अच्छी तरह से विकसित होने में मदद करते हैं। बड़ा हुआ लैक्टिक एसिड कब्ज के उपचार और रोकथाम के रूप में कार्य करता है और कार्सिनोजन खत्म करने में मदद करता है।

# उबले नींबू भी होते हैं फायदेमंद

**क्या** आपने कभी पिया है उबले नींबू का पानी, और अगर नहीं पिया है तो जल्दी पीना शुरू करे क्युकि इस से जबरदस्त फायदे होते है, वैसे तो नींबू के फायदों से आपने अनजान नहीं होंगे, मगर उबले नींबू भी आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकते हैं ये आप नहीं जानते होंगे। हम आप को बताते हैं इस के फायदे



नींबू को छिलके सहित उबालने के बारे में आपने कभी सोचा है? सुनने में आपको थोड़ा अजीब लग रहा हो, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस तरह नींबू का इस्तेमाल करके आप नींबू के सभी पोषक तत्व बहुत आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप नींबू को उबालकर पिएंगे तो कई तरह की बीमारियों से दूर रहेंगे, लेकिन जिन लोगों को नींबू से एलर्जी है, उन लोगों को इसके इस्तेमाल से पहले डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

**ठीक रखता है हाजमा :** नींबू को उबालकर पीने से शरीर में मौजूद विषैले तत्व बाहर निकल जाते हैं, जिससे आपकी पाचन क्रिया दुरुस्त होती है।

**एनर्जी बूस्टर:** नींबू एनर्जी को बढ़ाने में मदद करता है। उबलने के बाद नींबू के पानी के गुण कहीं ज्यादा बढ़ जाते हैं। इसके अलावा नींबू में 'विटामिन-सी' की अधिक मात्रा पायी जाती है।

# साड़ी पहनकर मोटी महिलाएं भी दिखेंगी स्लिम

## बस इन बातों का रखें ध्यान



फिगर अलग होती है। कोई कर्वी फिगर की मालकिन होती हैं तो कोई स्लिम। लेकिन एक आउटफिट जो इन सबको खूबसूरत दिखाने में मदद करता है वो साड़ी है। लेकिन कई बार देखा गया है कि कुछ महिलाएं इस तरह से साड़ी पहनती हैं वो बेहद मोटी नजर आती हैं। जिसकी वजह से उनका पूरा लुक खराब हो जाता है। अगर आप भी उन लोगों की लिस्ट में शामिल हैं जो साड़ी को सही तरीके से ना पहनने की वजह से मोटी नजर आने लगती हैं। तो जरूरत है कि कुछ बातों को ध्यान में रखें। जिससे कि आपका लुक साड़ी के साथ भी परफेक्ट दिखे।

**सही प्लीट्स है जरूरी :**
अगर साड़ी में स्लिम लुक चाहती हैं तो प्लीट्स को सही तरीके से बनाना बहुत जरूरी है। जिससे कि कमर के पास मोटापा कम नजर आए।

**फैब्रिक का चुनाव :**
अगर आप केवल साड़ी का चुनाव उसकी खूबसूरती देखकर करती हैं तो संभल जाएं। साड़ी में भी स्लिम फिगर की चाह है तो सही फैब्रिक का चुनाव करें। मोटी महिलाओं को पर कॉटन, ऑर्गेंजा या फिर हैवी सिल्क की साड़ियां नहीं फबती। इसलिए हल्के-फुल्के कपड़े जैसे क्रेप, सैटिन, शिफॉन और जॉर्जेट में ही साड़ी को अपने लिए चुनें।

**सही कलर :**
किसी भी कपड़े का कलर बहुत कुछ कहता है। इसलिए स्लिम लुक के लिए गहरे रंग की साड़ी का चुनाव करें। जो आपको परफेक्ट लुक दे। महिलाओं के लिए गहरे रंग के कलर की साड़ी परफेक्ट लुक देने में मदद करती है। बड़े या हॉरिजोंटल वाले प्रिंट से बचें। छोटे प्रिंट जो पूरी साड़ी में बनें हो उनका चुनाव आपके लुक को पतला दिखाने में मदद करेगा। इसके साथ ही पतले बॉर्डर या फिर दो कलर की साड़ी का चुनाव भी पतला दिखाने में मदद करता है। बहुत चौड़े बॉर्डर या वर्क वाली साड़ी पहनने से बॉडी चौड़ी दिखने लगती है। इसलिए पतले बॉर्डर वाली साड़ी का चुनाव बेहतर है। इसके साथ ही ब्लाउज की मैचिंग भी सही होनी चाहिए। स्लीव को पतला दिखाने के लिए फुल या थ्री फोर्थ स्लीव रखना बेहद खूबसूरत लगेगा।





# मूंगफली से पाएं स्पॉट लेस स्किन और गोरा निखार

हर किसी को बेदाग निखार चाहिए होता है कई लोग ऐसे भी होते हैं जो बेदाग निखार पाने के लिए हर संभव प्रयास करतें हैं। साथ ही साथ कई लोग बेदाग गोरापन पाने के लिए कई लोग तरह के केमिकल वाले प्रोडक्ट का भी इस्तेमाल करतें हैं जिसकी वजह से कई लोगों की स्किन पर बुरा असर भी पड़ता है लेकिन आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहें हैं जिसके इस्तेमाल से आपके निखार मे 4 चांद लग लाएंगे।

**मूंगफली खाने से सुंदरता**
मूंगफली सेहत के लिए बहुत अच्छी होती है,ये गुणों का खजाना है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स, विटामिन्स, मिनरल्स और फाइटो-न्यूट्रिएंट्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। आइए आपको बताते हैं कि मूंगफली किस प्रकार हमारे लिए लाभकारी होती है।

**झुर्रिया नहीं होती**
अगर आप त्वचा को हमेशा जवान और चमकदार बनाए रखना चाहते हैं तो इसमें मूंगफली आपकी मदद कर सकती है। मूंगफली में पाए जाने वाले एंटी-ऑक्सिडेंट चेहरे की लाइन्स, रिंकल्स और दूर करते हैं। साथ ही मूंगफली खाने से विटामिन सी और ई भी हमारे शरीर को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होता है और इससे त्वचा में कसावट आती है।

**त्वचा से दाग**
धब्बों को दूर करती है अगर आप भी अपने चेहरे के दाग-धब्बों से परेशान है और अपने चेहरे को बेदाग बनाने के लिए कई जतन कर चुके हैं तो अब आपको मूंगफली खाने की ज़रूरत है। जी हां, मूंगफली में मौजूद एंटी-ऑक्सिडेंट हमारे शरीर को डिटॉक्स करते हैं और त्वचा को बेदाग बनाते हैं।

**बालों को सफेद होने से रोकती है**
अगर आप असमय सफेद हुए अपने बालों से परेशान है तो मूंगफली आपको इस परेशानी से निजात दिला सकती है। मूंगफली बालों को सफेद होने से रोकती है। साथ ही ये बालों की शाइन भी बरकरार रखती है और उन्हे सफेद होने से रोकती है।

**त्वचा नहीं होती है रूखी**
मूंगफली त्वचा के रूखेपन को दूर कर आपके चेहरे पर ग्लो लेकर आती है। इसमें कई हैल्दी फैट्स होते हैं जो त्वचा के लिए लाभदायक हैं।

**शरीर को ताकत मिलती है**
मूंगफली शरीर को एनर्जी भी देती है साथ ही इसे खाने से डाइजेशन सिस्टम भी सुधरता है।

**खून की कमी नहीं होती है**
आप एनीमिया से ग्रस्त हैं तो आपको रोज़ाना मूंगफली खाना चाहिए, इससे खून की कमी नहीं होती है।

# बाथरूम को बनाएं स्पा

स्पा जाने से आपको अक्सर आराम मिलता है। लेकिन हमेशा स्पा जाना जरूरी नहीं है. आप अपने बाथरूम को ही स्पा में बजल सकते हैं। इसके लिए आपको अधिक रुपये खर्च करने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी. और आपके बाहर जाने का समय भी बचेगा।

**आरोमथेरेपी ऑयल**
अरोमथेरेपी ऑयल अक्सर थकान मिटाने और त्वचा को सुंदर बनाने के लिए किया जाता है.

**बाथ बम**
आपको बता दें कि बाथ बम में नमक, बटर और ऑयल शामिल होते हैं. जो हमें किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।

**मोमबत्ती**
अगर आप कुछ नया ट्राई करना चाहती हैं, तो खुशबू वाली कैंडल या दिए भी जला सकती हैं।

**इंडोर प्लांट्स**
अगर आप कैंडल के अलावा कुछ शामिल करना है, तो आप इंडोर प्लांट्स बाथरूम में लगा सकते हैं।

**स्पा में पौधे लगाने के फायदे**
बाथटब के साइड में आप 2 या 3 प्लांट्स लगा सकती हैं, जो आपको स्पा के अनुभव को और भी ज्यादा अच्छा बना देंगे।



# भोजन में शामिल करें मशरूम

**सेहत के लिए मशरूम एक बेहतरीन विकल्प है। इसके स्वाद के अलावा यह आपकी सेहत को भी कई तरह से पोषण देता है। यहीं वजह है कि मशरूम एक बेहद लोकप्रिय व्यंजन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मशरूम बेहद चाव से खाते हैं। आपको अगर मशरूम के ये फायदे मालूम हों तो आप भी रोजाना मशरूम को अपने भोजन में शामिल जरूर करना चाहेंगे। सेहत के लिए मशरूम एक बेहतरीन विकल्प है।**

इसके स्वाद के अलावा यह आपकी सेहत को भी कई तरह से पोषण देता है। यहीं वजह है कि मशरूम एक बेहद लोकप्रिय व्यंजन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मशरूम बेहद चाव से खाते हैं। आपको अगर मशरूम के ये फायदे मालूम हों तो आप भी रोजाना मशरूम को अपने भोजन में शामिल जरूर करना चाहेंगे। मशरूम को कई तरह से यानी सलाद, सूप और सब्जी के तौर पर खाया जाता है। मशरूम कई सारे औषधीय गुणों का खजाना है। यह आपके पेट संबंधी कई बीमारियों के अलावा कई अन्य शारीरिक समस्याओं में भी फायदा पहुंचाता है। मशरूम को विटामिन डी का भी अच्छा स्रोत माना जाता है। यह हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। एक तरफ मशरूम स्वाद में बेहद अच्छा लगता है, वहीं यह हमारे इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है। मशरूम के नियमित सेवन आपको कई गंभीर बीमारियों से लड़ने में मददगार हो सकता है। मशरूम, फाइबर, प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट का एक अच्छा स्रोत है। मशरूम अल्जाइमर, हृदय रोग, कैंसर और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम करने में मददगार हो सकता है। इसके साथ ही वजन घटाने की सोच रहे लोगों के लिए मशरूम बेहतर विकल्प हो सकता है। मशरूम में मौजूद कुछ एन्जाइम्स और रेशे शरीर से कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करते हैं। मशरूम में हाई न्यूट्रिएंट्स होते हैं, जो दिल को स्वस्थ बनाए रखने में मददगार होते हैं। इसके साथ ही मशरूम पेट संबंधी कई समस्याओं को दूर करने में मददगार होता है।



# किशमिश से दूर करें लीवर की समस्या



**किशमिश के सेवन के फायदे:**
लीवर के खराब होने के लक्षण बहुत जल्दी लोगों के नजर में नहीं आते लेकिन अगर हर दिन किशमिश का सेवन किया जाए तो लीवर अच्छा रहता है और उसे कभी कोई नुकसान नहीं होता है।
आंखों के नीचे काले घेरे बन गए हैं, पेट में सूजन, शरीर पर सफेद धब्बे, आंखों का पीला पड़ना, मुंह से बदबू आना ये लक्षण लीवर खराब होने के मुख्य लक्षण होते है। लीवर के लिए किशमिश बहुत फायदेमंद माना जाता है।
इसके पानी का प्रतिदिन सेवन करने से लीवर और पेट से जुडी गंभीर समस्या खत्म किया जा सकता है। लेकिन एक बर्तन में पानी में किशमिश को डाल कर उबाल ले और रात भर इसे ढंक कर छोड दे।

# शादी में होना है शरीक तो पार्लर जाने की जरूरत नहीं

## इस तरह से करें प्रोफेशनल मेकअप

**आजकल शादियों का सीजन चल रहा है। हर लड़की चाहती है कि वो सजधज कर शादी में शरीक हो। जिससे हर कोई बस उसी की तारीफ करे। लेकिन अगर आपको मेकअप करना नही आता और बार-बार पार्लर जाने से पैसे बर्बाद होते हैं। तो ये टिप्स जरूर आपकी प्रोफेशनल जैसा मेकअप करने में मदद करेंगे। क्योंकि कुछ छोटी चीजें ध्यान रखने की होती हैं। जिसकी मदद से आप भी औरों जैसी खूबसूरत दिख सकती हैं। तो आगे की स्लाइड में जानिए ऐसे ही कुछ मेकअप से जुड़ी खास टिप्स जो जरूर आपके काम आ सकते हैं।**

सबसे पहले अपनी स्किन से मैच करता फाउंडेशन का इस्तेमाल करें, जिससे आपका मेकअप नैचुरल दिखाई देगा। बाजार में पाउडर फाउंडेशन उपलब्ध है। आप चाहे तो इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे आप कैब में जाते समय भी आसानी से लगा सकती हैं। धूप में निकलना है तो आप ऐसे फाउंडेशन का चयन करें जो एसपीएफ युक्त हो, जिससे आपकी स्किन धूप से प्रभावित न हो।
आंखों में काजल या आईलाइनर लगाएं। आप चाहे तो कलरफुल पैंसिल लगा सकती हैं। आजकल दो कलर की आईपैंसिल का भी काफी ट्रेंड है। इसमें आपके मुश्किल से दो मिनट लगेंगे। अगर आपको आईलाइनर का इस्तेमाल करना नहीं आता तो आंखों का मेकअप केवल काजल पेंसिल की सहायता से करें। ये आपकी आंखों में चार चांद ही लगाएगा।
इसके बाद अपनी पसंद का लिप कलर लगाएं। लिप कलर आपके लुक में जान डालने का काम करता है। इन दिनों न्यूड शेड्स काफी चलन में है। कुछ लोगों पर बोल्ड रेड कलर लिपशेड काफी अच्छा लगता है।
कुछ महिलाएं अपनी आंखों पर ब्राउन आईशैडो लगाना पसंद करती हैं। इस शेड में कुछ अंश लाल और पीले रंग के भी होते है, जो आंखों को थका हुआ दिखाते हैं। इसलिए ब्राउन आईशैडो एवॉइड करें। आप चाहे तो प्योर ब्राउन आईशैडो लगा सकती हैं। ये आपको नैचुरल लुक देता है।



## आज की रेसिपी

### कैरेट पुलाव



**सामग्री :**
- 1 कप चावल, 1.5 कप पानी, 1 कप चीनी, 1.5 कप गाजर, 3 टेबल स्पून घी, 2-3 लौंग, 1 इंच दालचीनी छड़ी, 1 टी स्पून काली इलायची के दाने

**विधि :**
- लौंग, दालचीनी, इलायची के दानों को घी गरम करें.
- इसमें गाजर डालें और कुछ देर भूनें.
- इसमें चावल डालें और प्रेशर कुकर में एक सीटी आने तक पकाएं और माइक्रोवेव में 13 मिनट तक पकाएं.
- एक बार भाप निकल जाए तो इसमें चीनी डालकर अच्छी तरह मिलाएं.
- एक बार इसे फिर से दम पर रखें तवे के ऊपर ताकि यह जले नहीं.वहीं माइक्रोवेव में इसे 2 मिनट तक पकाएं.

# पान का पत्ता

## सर्दी-जुकाम में लाभकारी!



**आपने लोगों को पान खाते देखा होगा और खुद भी पान खाया होगा। पान पाचन क्रिया के लिए बहुत लाभकारी होता है लेकिन जब आप इस पर तंबाकू व चूना लगाते हैं तो यह आपके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव छोड़ता है।**
- गले की खराश होने पर पान की जड़ को मुलेठी के पाउडर व शहद के साथ मिलाकर खाएं। यह आपके गले की खराश को दूर करेगा।
- सर्दी-जुकाम होने पर भी पान के पत्तों का प्रयोग किया जा सकता है।
- मुंह में दुर्गंध आने से परेशान है तो पान के पत्तों को धोकर चबाएं। मुंह की दुर्गंध खत्म होगी।
- पान आपके द्वारा खाए गए भोजन को पचाने में भी आपकी मदद करता है।
- अगर आपके मुंह में छाले हो गए हैं तो भी पान के पत्तों को चबाना बहुत लाभ देता होता है। लेकिन इसे चबाने के बाद पानी से कुल्ला करना न भूलें ।

# बकरे की आत्मकथा, कुरीतियों पर प्रहार

## पुस्तक समीक्षा

**मुंबई।** मनोज कुमार गोयल द्वारा लिखित कहानी संग्रह बकरे की आत्मकथा आरके पब्लिकेशन की चुनिंदा पठनीय व संग्रहणीय कहानी संग्रह की सूची में है। समाज की कुरीतियों पर प्रहार करते हुए कहानी संग्रह टैक्सीवाला शीर्षक से आरंभ होती है, परंतु लेखक ने समाज के युवाओं में अपनी जिम्मेदारियों और बुजुर्गों के प्रति उदासीनता भरा रवैया देखा उसको मर्मस्पर्शी तरीके से टैक्सी वाले के माध्यम से लोगों के सामने रखा है। साथ ही वृद्ध दंपति की एक दूसरे पर इस उम्र में भी बरकरार भरोसे को 78 की उम्र में भी टैक्सी वाले की चुस्ती का राज बताती हैं, कहते भी है कि जिम्मेदारियां जल्द बूढ़ा नहीं होने देती। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, समाज की कई कुरीतियों तथा लोगों की चालाकियों से विभिन्न किरदारों के माध्यम से लेखक उन्हें रूबरू कराते हैं।
एक मदारी के जीवन को बड़े ही मर्मस्पर्शी तरीके से छूकर लेखक ने उन गरीब तबके के मुश्किलों को लोगों के सामने रखा है। जिनके लिए जीवन, मरण, शादी, विवाह सब कुछ पेट की आग के आगे गौड हो कर रह जाता है। कुल मिलाकर कहानी संग्रह बकरे की आत्मकथा पुस्तक प्रेमी के लिए उपयुक्त है।

